हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल



पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक के रूप में नामित होना गर्व की...

Page 10 देश



योजनाओं में नवाचार पर ध्यान दें अधिकारी : सीएम पुष्कर सिंह धामी



शुक्ल पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 08 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 239 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹69,270 | ₹82,000 |



## आज का इतिहास

- 1497 : 170 सदस्यीय दल के साथ समुद्र के रास्ते भारत पहुंचने के लिए वास्कोडीगामा यूरोप से रवाना हुए थे।
- 1758 : फ्रांसीसी और भारतीय युद्ध-फ्रांसीसी सेनाओं ने ब्रिटिश कोलोना के लेक कॉलप्लेन के तट पर ब्रिटिश एटफर्ट कारिलन को हराया।

## न्यूज बाइट्स

### रेसलर विनेश फोगाट पेरिस ओलिंपिक से बाहर

**नई दिल्ली (ए.)।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट पेरिस ओलिंपिक से बाहर हो गई हैं। बुधवार सुबह विनेश का वजन उनकी तय कैटेगरी 50 किलो से 100 ग्राम ज्यादा निकला। इसके बाद ओलिंपिक एसोसिएशन ने उन्हें फ्रीस्टाइल महिला कुश्ती के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। भारतीय ओलिंपिक संघ ने भी इसकी पुष्टि की है। अब विनेश बुधवार रात होने वाला 50 किलो कैटेगरी की विमेंस रेसलिंग का फाइनल नहीं खेल सकेंगी। उन्हें कोई मेडल भी नहीं मिलेगा। सबसे मुश्किल बात यह है कि इस फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं की जा सकती। विनेश पहली बार 50 किलो कैटेगरी में खेल रही थीं। इससे पहले वे 53 किलो में खेलती थीं।

### आवेदनों से परेशान हुए शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ

**पटना (नि.सं.)।** शिक्षा विभाग के एसीएस डॉ एस सिद्धार्थ के सामने नई चुनौती आ गई है। उनके पास शिक्षकों के ट्रांसफर को लेकर लगातार आवेदन मिल रहे हैं। वे आवेदन से तंग आ गए हैं। लिहाजा, तबादले की चाहत में उनके पास मिलने आने वाले शिक्षकों के लिए नोटिस लगवा दिया है। नोटिस के सहारे शिक्षकों को ट्रांसफर पॉलिसी बनाए जाने की जानकारी दे रहें है। शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ के चैंबर के बाहर नोटिस चिपकाया गया।

### जियो ने बंद कर दी सिम, तो ग्राहक ने मुकेश अंबानी पर किया केस, 10 लाख का हर्जाना मांगा

**मुजफ्फरपुर (नि.सं.)।** मुजफ्फरपुर से एक रोचक मामला सामने आया है। टेलिकॉम कंपनी रिलायंस जियो द्वारा बिना किसी नोटिस या सूचना के सिम बंद किए जाने पर ग्राहक ने कंपनी पर केस कर दिया। ग्राहक ने कंपनी के मालिक मुकेश अंबानी से 10.30 लाख रुपये का हर्जाना भी मांगा है। यही नहीं जिला उपभोक्ता फोरम ने इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अंबानी और जियो के एक अन्य अधिकारी को नोटिस जारी किया। दोनों को 29 अक्टूबर को फोरम के सामने सशरीर उपस्थित होने को कहा गया है।

बिहार में कम बारिश की मार झेल रहे किसानों को डीजल अनुदान मिलने में हो रही देरी पर कृषि मंत्री ने कहा

# 12 लाख बांटे गए डीजल अनुदान, 32 हजार किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

निज संवाददाता | पटना

बिहार में कम बारिश के मार झेल रहे किसानों को डीजल अनुदान मिलने में देरी हो रही है। स्वीकृत 150 करोड़ रुपए में से 10 दिनों में मात्र 12 लख रुपए डीजल अनुदान बांटे गए हैं। कृषि मंत्री मंगल पांडे ने बताया कि 26 जुलाई से डीजल अनुदान की राशि बाटी जा रही है। अब तक 10 से 12 लख रुपए की राशि बांटी गई है। किसान कृषि विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। अब तक 32 हजार किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। बिहार में मानसून की काम हुई बारिश के बीच अब तक 29 लाख 68 हजार 634 हेक्टेयर धान का आच्छादन हो पाया है। धान की रोपनी कुल लक्ष्य 36 लाख हेक्टेयर के मुकाबले 80 फीसदी हो सकी है। कृषि मंत्री मंगल पांडे ने जानकारी दी है कि अगले एक सप्ताह में 90 फीसदी तक रोपनी हो जायेगी। किसानो ने मक्के की खेती में भी सूची दिखाई है। मक्के की रोपनी अभी तक 2 लाख 71 हजार 185 हेक्टेयर आच्छादन हुआ है। बिहार में मानसून की अच्छी बारिश उत्तर बिहार के जिलों में हो रही है। इसका असर है कि यहां धान का आच्छादन अच्छी हो रही है। कटिहार जिले में सबसे अधिक



107 परसेंट धान की रोपनी हो चुकी है। सहरसा जिले में 101 फ़ीसदी धान का आच्छादन। किशनगंज जिले में 100 प्रतिशत धान का अच्छाधन। गोपालगंज में भी 100 धान का अच्छदन हुआ है। औरंगाबाद में भी सौ फीसदी धान का आच्छादन हो चुका है।

### बीज उत्पादन

राज्य सरकार द्वारा राज्य के अंदर संकर एवं अन्य बीज उत्पादन के लिए एक नीति तैयार की जा रही है। विभाग एक पॉलिसी तैयार कर रहा है, ताकि आगामी रबी मौसम में बीज उत्पादक किसानों एवं कम्पनियों के साथ मिलकर संकर बीज का उत्पादन किया जा सके। किसानों को उत्पादन अनुदान तथा इच्छुक निजी बीज उत्पादक कम्पनियों को बिहार कृषि प्रोत्साहन निवेश नीति के अंतर्गत बीज उत्पादन के लिए कैपिटल सब्सिडी की व्यवस्था करने का प्रावधान किया गया है। संकर बीज उत्पादन के लिए बीजों के जर्मप्लाज्म की सुरक्षा तथा किसानों को संकर बीज उत्पादन हेतु किसानों को प्रेरित करने से बीज की कीमतें कम होगी।

### पांच जिले जहां सबसे कम धान की हुई रोपनी

दक्षिण बिहार के जिले में कम बारिश हुई है। नतीजा, धान की रोपनी कम हुई। जमुई में 46.4 फ़ीसदी की रोपनी होसकी है । बांका जिला में 49 फ़ीसदी धान का अच्छादन हुआ। गया में 54 प्रतिशत का अच्छाधन है। नवादा जिले में भी 54 फीसदी रोपनी। औरंगाबाद जिला में 55 फ़ीसदी का आच्छादन।

### दलहन एवं तेलहन विकास

खरीफ अरहर फसल के उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि लाने हेतु अरहर विकास योजना राज्य के सभी जिलों में कार्यान्वित की जा रही है। खरीफ-2024 में 1.86 लाख एकड़ में योजना का क्रियान्वयन कराया गया। इस योजना अन्तर्गत फसल प्रत्यक्षण कार्यक्रम हेतु रू. 3600.00 प्रति एकड़ की दर से अनुदान देय है एवं अनुदानित दर पर अरहर बीज वितरण कार्यक्रम हेतु रू0 लागत मूल्य का 80 प्रतिशत अनुदान देय होगा। दलहनी फसलों को बढ़ावा देने हेतु मसूर फसल का वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल 3.66 लाख एकड़ का लक्ष्य निर्धारित है। किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु मसूर प्रत्यक्षण कार्यक्रम के लिए किसानों को प्रति एकड़/ प्रति प्रत्यक्षण 3600 रूपये साथ ही 2000 प्रति एकड़ रूपये नगद अनुदान सहायता दिया जायेगा एवं मसूर फसल प्रमाणित बीज वितरण कार्यक्रम (दस वर्ष से अधिक एवं कम आयु के प्रभेद) बीज मूल्य का 80 प्रतिशत या 10,160 रूपये प्रति क्विंटल दोनों में जो न्यूनतम हो अनुदान दिया जायेगा।

राज्य में गरमा मूंग/उरद फसल के मांग को देखते हुए प्रत्यक्षण एवं बीज वितरण के कार्यक्रम के लिए कुल 5.43 लाख एकड़ का लक्ष्य निर्धारित है। राई/सरसों, तिल, मूंगफली एवं तीसी के क्षेत्र विस्तार एवं योजना क्रियान्वयन हेतु कृषकों को प्रोत्साहित करने हेतु निदेश दिया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से मां-बेटा सहित छह लोगों की मौत, तीन लोग झुलसे

- सभी लोग अपने-अपने थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे थे तभी तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी

निज संवाददाता | नवादा



नवादा में आकाशीय बिजली गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई है। यह मामला बुधवार का है। यहां वारसलीगंज, पकरीबरावां, अकबरपुर और कादिरगंज थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरी है। इसके कारण 6 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान अकबरपुर प्रखंड के औरैया गांव की कालो देवी, मृतका का बेटा संजय कुमार यादव, वारसलीगंज प्रखंड के भलुआ गांव की रीना देवी, पकरीबरामा के भगवानपुर गांव की सरो देवी, कादिरगंज थाना क्षेत्र के सहजपुर गांव के चंदन कुमार की मौत हुई है। नगर थाना क्षेत्र के खराब बीघा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से श्याम सुंदर पंडित की भी मौत हो गई है। इस घटना में तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। सभी लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौत की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि सभी लोग अपने-अपने थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे थे, तभी तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी है और आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आने से सभी लोगों की मौत हो गई है। सभी मृतक के परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। जहां एक ही घर में मां और बेटे की मौत ने पूरे परिवार में कोहराम मचा दिया है। औरैया गांव में मां और बेटा दोनों खेत में काम कर रहे थे, तभी आकाशीय बिजली गिरी और दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही मृतक के गांव में कोहराम मच गया है। डेढ़ साल की एक मासूम बच्ची को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जो आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गई है। यह पूरी तरह झुलस गई है।

## नीतीश सरकार ने होम स्टे योजना को दी मंजूरी

- 1000 बेड पहले चरण में योजना के तहत किए जाएंगे विकसित

निज संवाददाता | पटना

ग्रामीण पर्यटन एवं इको पर्यटन स्थल के समीप पर्यटकों को आवासन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए होम स्टे और बेड एंड ब्रेकफास्ट प्रोत्साहन योजना को राज्य कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में पर्यटकों को ठहराने के लिए एक से छह कमरों और दो से 12 बेड तक की अनुमति दी जाएगी। होम स्टे के लिए मकान मालिक या प्रमोटर को अपने कमरों और बेड का निबंधन पर्यटन विभाग से कराना होगा। निबंधन दो वर्ष के लिए वैध होगा जिसके बाद उसका हर साल नवीकरण कराना होगा। निबंधन शुल्क के रूप में पहले दो वर्ष के लिए पांच हजार की राशि निर्धारित की गई है, जो नॉन-रिफंडेबल होगा।

पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में एक हजार कमरों को होम स्टे में परिवर्तित किया जाना है। शहरी इलाके के पर्यटन स्थल से पांच किमी और ग्रामीण/इको पर्यटन स्थल से 10 किमी की परिधि में मकान मालिक/ प्रमोटर को वित्तीय लाभ प्रदान किया जाएगा।

### होम स्टे योजना का मुख्य उद्देश्य

पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य देसी-विदेशी पर्यटकों को यात्रा के दौरान कम खर्च में बेहतर कमरा या बेड उपलब्ध कराना है। यहां पर्यटकों को बिहार की संस्कृति, खान-पान एवं परंपरा से रू-ब-रू होने का भी अवसर मिलेगा। इससे पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

## नौ लाख लेकर एग्जाम पास करानेवाले दो सेटर गिरफ्तार



निज संवाददाता | कैमूर

बक्सर जिले की डुमरांव थाना क्षेत्र में सिपाही भर्ती परीक्षा में सेटिंग करने के मामले में कैमूर पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी सेटर बताये जा रहे हैं। जो एग्जाम में सॉल्वर को बैठा कर एग्जाम पास कराने का प्रति कैंडिडेट 9 लाख रुपए का टेंडर लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों में भगवानपुर थाना क्षेत्र के परमालपुर गांव के नारद पाल उर्फ नीतीश कुमार और कुदरा थाना क्षेत्र के लालापुर गांव के कृपा शंकर पाल का पुत्र पिंटू पाल उर्फ प्रकाश कुमार शामिल है। जिसमें पिंटू पाल मास्टर माइंड बताया जा रहा है। इसके मोबाइल में 50 परीक्षार्थियों का एडमिट कार्ड पाया गया। इसी के निशानदेही पर आगे भी गिरफ्तारियां अन्य जिलों में हुई है। पुलिस इसका नेटवर्क खंगालने में जुटी हुई है। कैमूर एसपी ने भभुआ डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित किया था जिसमें यह कामयाबी मिली है।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए छह के नाम की अनुशंसा

**पटना (नि.सं.)।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए सभी जिलों से आये नाम में अंतिम रूप से छह का चयन राज्य स्तरीय चयन समिति ने कर ली है। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव की अध्यक्षता में गठित समिति ने छह नाम चयनित किया है, जिसकी अनुशंसा केन्द्र सरकार को भेजी जा रही है। केन्द्र सरकार इन शिक्षकों का ऑनलाइन साक्षात्कार लेगी और फिर उनमें से राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयन करेगी। केन्द्र की ओर से चुने गये शिक्षकों को पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन राष्ट्रपति की ओर से सम्मानित किया जाएगा। मालूम हो कि राज्य के सभी जिलों की समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों के नाम विभाग को ऑनलाइन भेजा था। इन नामों पर राज्य स्तरीय समिति ने विचार कर छह का चयन किया है।

## बिहार कैडर के आईएएस इस्पात मंत्रालय में बने सचिव

- आईएएस संदीप पौंड्रिक अब दिल्ली जाएंगे, बिहार से जल्द होंगे रिलीव

निज संवाददाता | पटना



बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी संदीप पौंड्रिक केंद्र सरकार के विभाग में सचिव बनाए गए हैं। केंद्र सरकार ने उन्हें बतौर सचिव इनपैनल किया है। केंद्रीय लौह अयस्क मंत्रालय में वह सचिव बनाए गए हैं। केंद्रीय कैबिनेट मिनिस्ट्री ने आदेश जारी कर दिया है। आईएएस अधिकारी संदीप पौंड्रिक बिहार कैडर के अफसर हैं। आईएएस 1993 बैच के अधिकारी हैं। वह राजस्थान से आते हैं। काफी तेज तर्रार अफ़सर हैं। फिलहाल बिहार सरकार के कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात हैं। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं। 2022 से उद्योग विभाग में तैनात हैं। इसके अलावा वह आईडा की जिम्मेदारी निभा रहें हैं। 31 अक्टूबर 2028 को सेवा निवृत होंगे।

बिहार सरकार के उद्योग अपर मुख्य सचिव जल्द ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे। केंद्र सरकार की ओर से सेक्रेटरी रैंक में इनपैनल होने के बाद पोस्टिंग कर दी गई है। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद अब बिहार सरकार उन्हें बिहार से रिलीव करेगा। सामान्य प्रशासन विभाग इस बाबत जल्द ही आदेश जारी करेगा।

## सरकार की नीतियों से बढ़ा है करदाताओं का विश्वास : सीतारमण



**नयी दिल्ली (ए.)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग को कर राहत दी गई है और सैलेरी एवं वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती 50 हजार से 60 हजार की गई है जिसका सीधा लाभ इस वर्ग के लोगों को मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में बुधवार को वित्त विधेयक 2024 (2) पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कोविड के समय विकसित देशों में कर की दर बढाई गई लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड खर्च के लिए कर नहीं बढाने के निर्देश दिये थे और उस निर्देश का पालन करते हुए सरकार ने 2020 से 2023 के बीच किसी तरह का कोई कर नहीं बढाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 में कर आतंकवाद की शिकायत की जा रही थी और लोगों से जबरन पैसा वसूले जाने की शिकायतें आ रही थीं लेकिन उस दौर को मोदी सरकार बहुत पीछे छोड चुकी है और करदाताओं का विश्वास बढाया गया है। एमएसमई को नये कर दाताओं का ज्यादा फायदा हुआ है इस बार के अंतरिम बजट में 19 लाख कर दाताओं पर कर की मांग हटा दी गई ताकि कर विवाद खत्म हो सके। बजट में एंजिल टैक्स को पूरी तरह से हटा दिया गया है जो कि 2012 में लाया गया था। उन्होंने कहा कि विपक्ष शोषण का बजट बताकर इसकी आलोचना कर रहा था जबकि कांग्रेस की सरकार के समय ही यह एंजिल कर लगाया गया था। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि शेयर और प्रतिभूतियों में निवेश पर दीर्घकालीन पूंजीगत लाभ की छूट की सीमा एक लाख से बढाकर सवा लाख की गई है।

## राज्यसभा उपचुनाव की घोषणा, 14 से नॉमिनेशन

निज संवाददाता | पटना




चुनाव आयोग ने राज्यसभा के उपचुनाव की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, 14 अगस्त से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगा और 21 अगस्त तक प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे। 27 अगस्त को नाम वापसी की आखिरी तारीख है। अगर मतदान की स्थिति बनती है तो 3 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन रिजल्ट की भी घोषित की जाएगी। बिहार की भी दो सीटों पर चुनाव होना हैं। राजद नेत्री मीसा भारती और बीजेपी के विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ये सीटें खाली हुई हैं। बिहार की दोनों सीटों पर वोटिंग की संभावना कम है। दरअसल, दोनों सीटों पर अलग-अलग वोटिंग होगी। संख्या बल के आधार पर एनडीए का पलड़ा भारी है। चुनाव आयोग की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक मीसा भारती का कार्यकाल 7 जुलाई 2028 तक था। वहीं, विवेक ठाकुर का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 तक था। उपचुनाव में जीत हासिल करने वाले उम्मीदवार का कार्यकाल उतना ही रहेगा।

एनडीए की तरफ से एक सीट पर उपेंद्र कुशवाहा कैंडिडेट होंगे। इसकी घोषणा एक जुलाई को ही तत्कालीन बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने की थी। ऐसे में राज्यसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का सांसद बनना तय है। हालांकि, दूसरी सीट पर अभी भी पेंच फंसा है। इसकी वजह है कि एक सीट राजद के कोटे की थी और दूसरी बीजेपी की। राजद की सीट से अगर उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा जाते हैं तो बीजेपी दूसरी सीट अपने पास रखना चाहेगी। हालांकि, इस पर अभी तक निर्णय नहीं हो पाया है।

उपेंद्र कुशवाहा ने लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से गठबंधन किया था। गठबंधन के तहत उन्हें काराकाट सीट दी गई थी। लेकिन, यहां से भाजपा के बागी पवन सिंह के चुनाव लड़ने से उपेंद्र कुशवाहा का पूरा समीकरण बिगड़ गया था। इसके कारण उपेंद्र कुशवाहा चुनाव हार गए। अब कुशवाहा वोट की नाराजगी को दूर करने के लिए एनडीए की तरफ से उन्हें राज्यसभा भेजने की तैयारी है। सभी पार्टियों ने भले अलग-अलग कुशवाहा नेताओं पर दांव लगाया, लेकिन बिहार में कुशवाहा के स्वीकार्य नेता अब भी उपेंद्र कुशवाहा ही हैं। उपेंद्र कुशवाहा कभी भी मास लीडर नहीं रहे। उनकी पहचान एक कास्ट लीडर के रूप में है।

## रेलवे ने कवच तेजी से लगाने के लिए बनायी विशेष योजना

**नयी दिल्ली (ए.)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेलवे को टक्कर रोधी उपकरण कवच 4.0 से युक्त करने के लिए द्रुत गति से काम शुरू हो गया है जिसके तहत दो साल के भीतर 20 हजार से अधिक लोकोमोटिव अर्थात इंजनों में कवच उपकरण और नौ हजार किलोमीटर के मार्ग को कवच युक्त कर दिया जाएगा। श्री वैष्णव ने यहां रेल भवन में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कवच के नये 4.0 संस्करण का एसआईएल-4 प्रमाणन होने के बाद उसके औद्योगिक उत्पादन की स्थिति आ चुकी है और तीन विनिर्माता को इसके लिए ऑर्डर जारी किये गये हैं। दो अन्य विनिर्माताओं को मंजूरी दिये जाने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। इस प्रकार से पांच विनिर्माताओं की कुल उत्पादन क्षमता इतनी हो जाएगी जिससे एक निश्चित समय में रेलवे के समूचे नेटवर्क को कवच युक्त किया जा सकेगा।








बिहार में इस हफ्ते जमकर बरसेगा मॉनसून

# औरंगाबाद से पटना और किशनगंज तक भारी बारिश का अलर्ट

निज संवाददाता | पटना



बारिश की कमी झेल रहे बिहार में मॉनसून अपने पूरे वेग में आ गया है। पिछले कुछ दिनों से राज्यभर में अच्छी बारिश होने से किसानों समेत आम लोगों के चेहरे खिल उठे हैं। सूबे में इस सप्ताह जमकर बरसात होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के बीच पटना से लेकर किशनगंज और औरंगाबाद से लेकर बांका तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। दक्षिण बिहार के सभी जिलों में अगले 48 घंटे के भीतर झमाझम पानी गिरने की आशंका है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 24 घंटे के भीतर नवादा और जमुई जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। साथ ही पटना समेत आसपास के जिलों और दक्षिण एवं पूर्वी बिहार के इलाकों में वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है। राज्य मौसम केंद्र ने बुधवार दोपहर को तात्कालिक अलर्ट जारी करते हुए वैशाली, पटना, सीवान, बक्सर, जहानाबाद, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, भोजपुर, औरंगाबाद, गया, नालंदा और बेगूसराय जिले में ठनका और तेज बारिश की आशंका जताई गई। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार 8 अगस्त को बांका और किशनगंज जिले में भारी बारिश की चेतावनी है। इसके बाद शुक्रवार 9 अगस्त को औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दिन अररिया, किशनगंज, अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा और लखीसराय जिले में भारी बारिश की आशंका है। इसी तरह शनिवार 10 अगस्त को पटना, वैशाली, सारण, समस्तीपुर, बेगूसराय और भोजपुर जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोजपा नेता ने पीड़ित परिवार को दिया ढांढ़स

**गया।** मोहड़ा प्रखंड के खेतला गांव में मंगलवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह के साथ पहुंचे। यहां से वे सीधे पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह स्थानीय निवासी लड्डू सिंह के घर पहुंचे। यहां लड्डू सिंह के पिता के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढ़स बांधा।

### सड़क दुर्घटना में पीड़ित परिजनों को दिया गया मुआवजा

**गया।** बिहार मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, मगध प्रमंडल, गया द्वारा 06 अगस्त को पारित आदेश के आलोक में मंगलवार को मुआवजा दिया गया। वाहन स्वामी अनिल कुमार द्वारा आवेदिका चिन्ता देवी को पांच लाख रूपए का भुगतान किया गया। चिन्ता देवी के पति-मुनारिक यादव उर्फ मुन्द्रिका यादव की मृत्यु सड़क दुर्घटना में 27 मई 2022 हो गयी थी। उनके द्वारा न्यायाधिकरण में मुआवजा के लिए आवेदन किया गया था। न्यायाधिकरण के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटना में पीड़ित के परिजनों को त्वरित मुआवजा दिलवाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा राज्य में कुल सात प्रमण्डल स्तरीय मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण की स्थापना की गयी है।

### गया में ड्राइविंग टेस्ट में सब सफल, जुगाड़ का टेस्ट, सभी पास, 0 फेल

**गया।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया यूं तो काफी सरल है। लेकिन, लर्निंग लाइसेंस बनने के एक महीने के बाद जैसे ही आप परमानेंट लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन करते हैं। तो आपको ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट से गुजरना पड़ता है। टू व्हीलर अथवा फोर व्हीलर का लाइसेंस लेने से पूर्व आरटीओ के द्वारा अभ्यर्थियों से ड्राइविंग टेस्ट लिया जाता है। दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों में भी इस प्रक्रिया में भाग लेने वाले करीब 25 फीसदी अभ्यर्थी इस टेस्ट को पास नहीं कर पाते हैं। लेकिन, जैसे ही आप गया जिला से जुड़े आंकड़ों को देखेंगे। आप आश्चर्य में पड़ जाएंगे। दरअसल परिवहन विभाग से



मिले आंकड़ों के अनुसार गया जिला में पिछले तीन वर्षों से कोई भी टेस्ट में फेल नहीं हुआ है। लाइसेंस के लिए टेस्ट के दौरान अभ्यर्थियों को कार या बाइक से 8 के बने हुए शेप में ड्राइविंग करनी होती है। सफलतापूर्वक उसमें से गाड़ी निकालने के बाद ही कोई ड्राइविंग टेस्ट पास कर पाता है। इसमें भी शर्त यह है कि कार चालक को बैक गियर में गाड़ी उक्त शेप में घुसाकर वैसे ही बिना किसी बाउंड्री को टच किए बाहर निकालनी है। इस दौरान कार चालक बस तीन बार ही गियर बदल सकेंगे। वहीं दूसरी ओर बाइक टेस्ट के दौरान चालक को बिना अपने पैर जमीन पर रखे ही 8 शेप में से बाइक को बाहर निकालना है।

### 10 से 27 अगस्त तक चलेगा एमडीए कार्यक्रम, 14 दिन तक फाइलेरिया की दवा का होगा वितरण

**नालंदा।** नालन्दा जिले के हरनौत प्रखंड में आगामी 10 से 27 अगस्त तक चलने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में आयोजित इस बैठक में प्रखंड स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ उज्जवल कांत ने कहा कि यह अभियान फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि प्रखंड के हर नागरिक तक यह दवा पहुंचे। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पीसीआई के एसएमसी मधुसूदन कुमार ने बताया कि अभियान के पहले 14 दिन घर-घर जाकर दवा वितरण किया जाएगा, जबकि अंतिम तीन दिन आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और कॉलेजों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन ने स्पष्ट किया कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी को उम्र के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवा दी जाएगी।



इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि परमजीत सिंह ने फाइलेरिया के खतरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक साइलेंट किलर है। संक्रमण बचपन में होता है, लेकिन लक्षण पांच साल बाद दिखाई देते हैं। समय रहते इलाज न होने पर यह विकलांगता का कारण बन सकता है। जीविका के बीपीएम मोहम्मद आफताब ने फाइलेरिया और हाइड्रोसील के संबंध पर चर्चा की, जबकि उप प्रमुख प्रमोद और मुखिया हरिनारायण ने स्वच्छता पर जोर देते हुए मच्छरों के प्रजनन को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभियान के दौरान लोगों को एल्बेंडाजोल और डीईसी दवाओं के सेवन के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही दवा सेवन के बाद होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूकता फैलाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में पीएचसी के स्वास्थ्य प्रबंधक कृष्ण कुमार मुरारी, बीसीएम पंकज कुमार, शैलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### जल निकासी न होने से 2 हजार की आबादी प्रभावित, नाले के पानी से होकर करना पड़ रहा आवागमन

**नालंदा।** नालंदा जिले के बिंद प्रखंड में स्थित गोविंदपुर गांव में जल निकासी की गंभीर समस्या ने स्थानीय निवासियों के जीवन को नरक बना दिया है। लगभग दो हजार की आबादी वाले इस गांव में मुख्य सड़क पर बहता गंदा पानी न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है, बल्कि सरकार के विकास के दावों पर भी सवाल उठा रहा है। गांव के वार्ड नंबर-12 में स्थित मुख्य सड़क पर नाले का गंदा पानी लगातार बह रहा है। इसी सड़क के किनारे स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के छात्र-छात्राओं सहित हजारों ग्रामीणों को रोजाना इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। यह समस्या केवल बरसात के मौसम तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष भर बनी रहती है। स्थानीय निवासी राज बल्लभ यादव ने बताया कि हम लोग वर्षों से नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। साल भर नाले का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदे पानी से होकर ही कहीं जाना पड़ता है। साथ ही मच्छर



और दुर्गंध से जीवन बेहाल हो रखा है। गांव में नाले की उचित व्यवस्था न होने के कारण, हर घर नल जल का पानी सड़क पर बहाने को विवश है। इससे न केवल सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है, बल्कि लोगों के बीच झगड़े भी होते रहते हैं। सामुदायिक सोख्ता का निर्माण भी अभी तक नहीं हुआ है, जो कि सभी वार्डों में होना चाहिए था। गांव के कई निवासियों ने बताया कि उन्होंने दर्जनों बार अधिकारियों को आवेदन दिया और गुहार लगाई, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासी सतेंद्र यादव ने कहा, "जब तक जल निकासी की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक हम लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर रहेंगे।" इस संबंध में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी श्याम किशोर शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव के वार्ड सदस्य, मुखिया व पंचायत समिति से बात करके जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाया जाएगा।

# 'हम' नेता ने RJD को बताया ढोंगी अंबेडकरवादी

## राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले-कोटा में कोटा जायज, आरक्षण की मलाई खाने वालों के पेट में हो रहा दर्द

निज संवाददाता। गया

सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अनुसूचित जाति में कोटे के अंदर कोटे को मंजूरी दे दी है। संविधान पीठ ने 7-1 के बहुमत से फैसला सुनाया है। अब आरक्षण में वर्गीकरण का मामला धीरे-धीरे गरमाता जा रहा है। आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर राजद के नेता विरोध में हैं। आंदोलन का रूप देने में जुटे हैं। वहीं 'हम' हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) इस मसले पर केंद्र और सुप्रीम कोर्ट के कदम को जायज ठहराने में जुटा है।



**RJD को बताया ढोंगी अंबेडकरवादीः** मंगलवार को गया में आरक्षण के वर्गीकरण को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया। जहानाबाद के मखदुमपुर से RJD विधायक सतीश दास के नेतृत्व में ये मार्च निकला। वहीं, मंगलवार की देर रात 'हम' के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंजीनियर नंदलाल मांझी ने आरक्षण मामले पर अपना बयान जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि कोटा में कोटा जायज है। बीते 76 साल से मलाई खाने वालों को ही आरक्षण में वर्गीकरण का मसला पेट में चुभ रहा है। वह युवाओं को भड़का कर रहे हैं। वे कहते चल रहे हैं कि आरक्षण खत्म किया जा रहा है। यह गलत है। ऐसे लोग ढोंगी आंबेडकरवादी हैं। आरक्षण को कोई खत्म कर ही नहीं सकता है।

**गरीब परिवार के युवाओं को मिले लाभः** 'हम' के राष्ट्रीय प्रवक्ता इंजीनियर नंदलाल मांझी ने कहा कि मलाई खाने वाले बिल्कुल नहीं चाहते हैं कि अन्य गरीब परिवार के युवाओं को इसका लाभ मिले। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वह स्वार्थी और महादलित विरोधी हैं। समाज उन्हें माफ नहीं करेगी। भीमराव अंबेडकर ने ही आरक्षण नीतियों का प्रत्येक 10 साल की अवधि पर समीक्षा की बात कही थी। कांशी राम ने भी आबादी के हिसाब से आरक्षण की बात कही थी। देश में 20 अनुसूचित जातियां हैं। उसमें से 2-3 जातियां ही सबसे अधिक आरक्षण का लाभ ले रही हैं। शेष सभी 76 साल बाद भी हाशिए पर हैं। ऐसे में आरक्षण कोटा में कोटा मिलना ही चाहिए।

**मंत्री जीतनराम मांझी को बताया सहीः** उन्होंने 'हम' के राष्ट्रीय संरक्षक केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के पक्ष में कहा कि उनके नेता ने आरक्षण में कोटा मिलने की सिफारिश अनुसूचित जाति के हक में कही है। उनका तर्क वाजिब और वर्तमान परिस्थिति के तहत है। कोटा में कोटा मिलना ही चाहिए। ये ढोंगी अंबेडकर वादी है।

## तालाब में नहाने के दौरान व्यक्ति की डूबकर मौत

निज संवाददाता। गया



♦ साइकिल साफ करने के दौरान पानी में कूदा, ढाई घंटे के बाद गोताखोरों ने निकाला शव

गया जिले के मानपुर स्थित अबगीला पहाड़ी के समीप मंगलवार शाम करीब 4 बजे तालाब में नहाने के दौरान एक शख्श की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह नशे की हालत में था। तालाब से शव को निकालने में स्थानीय गोताखोरों को ढाई घंटे लग गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। घटनास्थल का मुफस्सिल थाने की पुलिस और सीओ सुबोध कुमार ने मुआयना भी किया है। मृतक की पहचान अबगीला खेल परिसर समीप झुगी झोपड़ी में रहने वाले 35 वर्षीय मोहमद अनुश नट उर्फ मूसा के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अनुस नट अपनी साइकिल तालाब से कुछ दूरी पर खड़ी कर उसकी सफाई कर रहा था। सफाई करने के बाद वह अचानक तालाब में नहाने के लिए कूद पड़ा। तालाब में थोड़ी देर तक स्नान करने के बाद वह तालाब से बाहर निकला। लेकिन कुछ ही देर बाद वह दोबारा से तालाब में कूद गया। लेकिन इस बार वह नहाने के चक्कर मे गहरे पानी में चला गया और फिर वह बाहर नहीं निकल सका। तालाब से बाहर उसकी डेड बॉडी निकली।

**मृतक के पांच बच्चे हैंः** स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक अनुस मेला हाट में मवेशी की खरीद-बिक्री करता था। इधर कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अनुस काफी नशे में था। इसलिए पानी में डूब गया। मृतक के पांच छोटे छोटे बच्चे हैं। मृतक की पत्नी ने बताया कि अनुस सुबह ही घर से झगड़ा कर निकला था। अंचलाधिकारी सुबोध सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के लिए डेड बॉडी को मगध मेडिकल कालेज अस्पताल भेज दिया गया है।

## ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत, वाहन मालिक जख्मी

निज संवाददाता। गया

गया के खिजरसराय थाना क्षेत्र के उचोली में ट्रैक्टर के पलटने से एक किसान की मौत हो गई और ट्रैक्टर मालिक जख्मी हो गया। निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना की जांच में पुलिस जुट गई है। 9 माइल के रहने वाले किसान शिव चौधरी ने खेत की जुताई के लिए उचोली के ट्रैक्टर मालिक सोनू कुमार से सौदा किया था, लेकिन खेत की जुताई करने के लिए बीते चार दिनों से वह 9 माइल गांव नहीं आ रहा था। इस पर बुधवार को किसान शिव चौधरी खुद उचोली पहुंच गया। इसके बाद सोनू ट्रैक्टर लेकर 9 माइल के लिए निकला। ट्रैक्टर के बोनट पर किसान शिव चौधरी बैठा था। रास्ते में सोनू ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया। ट्रैक्टर गढ्ढे में चला गया और पलट गया।



**जख्मी को हायर सेंटर रेफर किया गया हैः** किसान शिव चौधरी इंजन के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर चला रहा सोनू कुमार जख्मी हो गया। गांव वालों ने दोनों को किसी तरह से बाहर निकाला और पास के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने शिव चौधरी को मृत घोषित कर दिया। सोनू को गया हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

## पति ने मां से नहीं मिलाया, गर्भवती ने की आत्महत्या, रात में मेला घूमने के बाद सुबह मिली डेड बॉडी

निज संवाददाता। गया

गया में 21 वर्षीय गर्भवती कीर्ति कुमारी ने ससुराल में फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। तीन दिन पहले मृतका की मां गया जंक्शन से गुजरने वाली थी। कीर्ति ने अपने पति से कहा था कि मुझे रेलवे स्टेशन जाना है। देर रात और गर्भवती होने के कारण पति ने मना कर दिया था। जिसके बाद से कीर्ति अपने पति से नाराज थी।

सोमवार की रात तक सब ठीक था। रात में मेला भी घूमा था। मंगलवार की सुबह काम वाली कमरे में गई तो देखा कि कीर्ति का शव फंदे से लटका था। मामला शहर के डेल्हा थाना के खरखुरा मोहल्ले का है।



**फरवरी में ही हुई थी शादीः** पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मायके वालों का इंतजार किया जा रहा है। मृतका के पति मोहित कुमार ने बताया कि शादी इसी साल 18 फरवरी को हुई थी। कीर्ति नवादा जिले के हिसुआ की रहने वाली थी। वह 5 महीने की गर्भवती भी थी।

**मंगलवार को मेला घूमने गए थेः** मोहित कुमार ने बताया कि तीन दिन पहले अचानक से रात दो-ढाई बजे कीर्ति तैयार होकर कहने लगी कि उसकी मां गया रेलवे स्टेशन पर आ रही। उससे मिलने चलना है। इस बात की जानकारी घर के किसी भी सदस्य को नहीं थी। इस बात से वह नाराज हो गई। बीते दो दिनों से वह लगातार नाराज थी। कीर्ति को उसके पापा ने भी समझाया था। फिर भी वह नाराज ही थी। सोमवार को गांधी मैदान में मेला घूमने भी गए थे। मेला घूमने की इच्छा भी उसी ने जताई थी।

♦ तीन दिन से नाराज थी पत्नी

**आवेदन के बाद आगे की जांच होगीः** इधर डेल्हा थानाध्यक्ष इंद्रदेव इंद्र ने बताया कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस जांच कर रही है। मायके वालों की ओर से कोई आवेदन अब तक नहीं आया है। उनके द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर आगे की जांच और कार्रवाई की जाएगी।

## गोली मारने वाला युवक जबरन करना चाहता था शादी जख्मी लड़की बोली- विवाह से इनकार पर था नाराज

निज संवाददाता। नालंदा

13 नामजद पर FIR



नालंदा के परवलपुर थाना क्षेत्र के पिलीच गांव में सोमवार को सिरफिरे युवक ने घर में घुसकर युवती को गोली मार दी थी। जख्मी का इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है।जख्मी लड़की का कहना है कि विवाह से इनकार करने पर आरोपी नाराज था। इस वजह से गोली मार दी। इस मामले में पिता के फर्द बयान पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इधर, पुलिस ने उपद्रव व मारपीट के आरोप में 13 नामजद व कई अज्ञात को आरोपित बनाया है।

**पटना रेफर किया गयाः** पिता ने बयान दिया है कि एक युवक घर में घुसकर बेटी का नाम लेकर खोज रहा था। उस समय बेटी टीवी देख रही थी। युवक ने पिस्टल निकालकर उसे गोली मार दी और भाग गया। बेटी को इलाज के लिए परवलपुर अस्पताल ले गए। वहां से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया। घटनास्थल के पास से एक पिस्तौल, देसी कट्टा, गोली व खोखा बरामद किया गया था। आरोपित मानपुर थाना क्षेत्र के कुटौनियापर गांव निवासी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। नीतीश का कहना है कि युवती ने उससे शादी करने का वादा किया था। फिर रिश्ता तोड़ दिया।

**क्या बोले एसएचओः** परवलपुर थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। केस आईओ राहुल कुमार ने बताया कि युवती ने बताया कि युवक जबरन उससे शादी रचाना चाह रहा था वह उससे शादी करने से इनकार कर रही थी। इसी बात को लेकर वह घर आ गया और गोली मार दी।

## ट्रैफिक को लेकर 36 स्थानों पर पदाधिकारी नियुक्त

निज संवाददाता। नालंदा

केंद्रीय चयन परिषद सिपाही भर्ती की परीक्षा आज से नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ के 25 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा एकल पाली में 12:00 बजे शुरू होगा। 2:00 बजे समाप्त होगी। निजी वाहनों से परीक्षा देने के लिए पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को ट्रैफिक का सामना करना न पड़े। इसे लेकर मुकम्मल व्यवस्था की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वह प्रातः 8:00 बजे अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच जाएंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखेंगे। अस्पताल चौक से रेलवे स्टेशन बिहार शरीफ की ओर जाने वाली सभी प्रकार की निजी चार



पहिया, दो पहिया एवं तीन पहिया वाहन का मार्ग परिवर्तित किया गया है। इस रास्ते से जाने वाले वाहन सुबह 8:00 बजे से 4:00 तक अस्पताल चौक से एतवारी बाजार मोड़, सोगरा स्कूल,अंबेर तीनमुहानी होते हुए रेलवे स्टेशन की ओर जाएगी। साथ ही रेलवे स्टेशन से सोहसराय एवं रामचंद्र की ओर जाने वाली निजी वाहनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है।

## बाइक सवार भाई-बहन को ट्रैक्टर ने कुचला, 1 की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बुधवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार 1 युवक की मौत हो गई। जबकि इस हादसे में 1 युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत चौहान मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के बाराखुर्द निवासी देवानंद पासवान के बेटे तूफान कुमार(25) के रूप में की गई है। जबकि घायल युवती थरथरी थाना क्षेत्र के करियावां गांव निवासी मनोज पासवान की बेटी माधुरी कुमारी है। दोनों आपस में ममेरे-फुफेरे भाई-बहन है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि तूफान कुमार, अपनी फूफेरी बहन माधुरी कुमारी को बाइक से शेखपुरा सिपाही भर्ती की परीक्षा दिलाने के लिए ले जा रहा था। इसी बीच रास्ते में चौहान मोड़ के पास पीछे से बेकाबू ट्रैक्टर ने कुचल दिया। इस घटना में तूफान कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।



जबकि माधुरी कुमारी की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों से प्राप्त हुई। वहीं मौत की खबर सुन सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों की चीख पुकार से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जहां से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं, घायल युवती को प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## आरक्षण के वर्गीकरण का विरोध, विधायक ने निकाला आक्रोश मार्च, केंद्र सरकार के विरोध में की नारेबाजी

निज संवाददाता। गया

गया में बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट की ओर से आरक्षण का वर्गीकरण किए जाने के आदेश के विरोध में मखदुमपुर से राजद विधायक सतीश दास ने आक्रोश मार्च निकाला। इस आक्रोश मार्च में सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। आक्रोश मार्च गया कॉलेज खेल परिसर से लेकर गया रेलवे स्टेशन परिसर होते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचा और वहां सभा में तब्दील हो गई। इस मौके पर आक्रोश मार्च में शामिल प्रदर्शनकारी केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते रहे। उनका कहना था कि आरक्षण से छेड़छाड़ किसी भी शर्त पर मंजूर नहीं है। इसके अलावा जीतनराम मांझी के दिए गए बयान के विरोध में भी नारेबाजी की। आक्रोश मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने कहा कि आरक्षण पर निर्णय या टिप्पणी देने का अधिकार या तो संसद को है या फिर राष्ट्रपति को। सुप्रीम कोर्ट का कोई अधिकार नहीं है।




**निर्णय फरवरी में आ गया था, पर रोक के रखा गयाः** उन्होंने कहा कि यह नरेंद्र मोदी की साजिश जो स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय बीती फरवरी में ही आ गया था लेकिन चुनाव की वजह से केंद्र सरकार ने इसे रोक के रखा। चुनाव संपन्न होने के बाद सोची समझी साजिश के तहत इसे सदन में रखा गया। इस साजिश को सभी अंबेडकरवादी पूरी तरह से समझ रहे हैं। आरक्षण से छेड़छाड़ किसी भी शर्त पर अंबेडकरवादियों को मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि 6 अगस्त का आक्रोश मार्च तो महज एक झांकी है। 31 अगस्त को पूरे देश में चक्का जाम कर दिया जाएगा। 31 अगस्त को देशभर के अंबेडकरवादी गोल बंद होकर आंदोलन को सफल बनाएंगे। सरकार को अपना निर्णय वापस लेना होगा, नहीं तो देश में वही हाल होगा जो बांग्लादेश का हुआ है।

31 अगस्त को पूरे देश में आंदोलन की तैयारी

## न्यूज बाइट्स

### श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गोंदिया और भागलपुर के मध्य 01 ट्रिप श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। गाड़ी सं. 08893 गोंदिया-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 09.08.2024 शुक्रवार को गोंदिया से 11.20 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 06.10 बजे जसीडीह एवं 11.55 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 12.35 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 08894 भागलपुर-गोंदिया श्रावणी मेला स्पेशल 10.08.2024 शनिवार को भागलपुर से 13.35 बजे खुलकर 13.57 बजे सुलतानगंज एवं 18.07 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए रविवार को 16.20 बजे गोंदिया पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01-01, शयनयान श्रेणी के 10 कोच एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच रहेंगे।

### सीआरएस करेंगे निरीक्षण

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 9.5 किमी लंबे चनपटिया-साठी नव-दोहरीकृत रेलखंड का दिनांक 08.08.2024 को सुयोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण एवं विशेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा। इसके साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा बख्तियारपुर लिंक केबिन एवं करनौती स्टेषनों के मध्य नवनिर्मित फ्लाई ओवर रेल लाइन (बख्तियारपुर आरओआर) का दिनांक 09.08.2024 को निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल किया जाएगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त स्पीड ट्रायल के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें। किसी के भी रेलवे लाईन के निकट रहना असुरक्षित होगा। इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।

### महिला डिब्बे में 2616 पुरुष यात्री पकड़े गए

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनाव्यश्क रूप से विलंब ना हो। ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत जुलाई माह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1096 लोग पकड़े गये। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई तथा जुर्माने के रूप में उनसे 05 लाख 27 हजार रूपये वसूल किये गए। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत जुलाई माह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 2616 पुरुष यात्री पकड़े गये तथा उनसे दंडस्वरूप 07 लाख 53 हजार रूपये वसूल किये गए।

### नगर विकास मंत्री का स्वागत

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** दिनारा में नमन यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को आरा-मोहनियां रेलवे लाइन के लिये। इस केंद्रीय बजट में कोई चर्चा नहीं रहने पर पुनः इस रेल परियोजना पर विचार के लिये मांग पत्र सौंपा। जिस पर पूर्व मंत्री ने बताया कि मैं इस कार्य को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व वित मंत्री से मिलकर इस कार्य को कराने का प्रयास करुंगा। मौके पर प्रो. बलिराम मिश्रा, डा. शैलेंद्र ओझा, नथुनी सिंह, नवीन राय, कृष्णा यादव, रवि भूषण ओझा, मृत्युंजय सिंह, प्रदीप पाण्डेय, गुरु पाण्डेय, मुरलीधर दुबे (मुखिया) अजय तिवारी, विंध्याचल केशरी, जनार्दन सिंह, संतोष शर्मा, सुदामा तिवारी, भुलन ओझा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### रेल लाईन निर्माण के लिये रेल मंत्री से मिलेंगे

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत् ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनाव्यश्क रूप से विलंब ना हो। ऑपरेशन ''समय पालन'' के तहत जुलाई माह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1096 लोग पकड़े गये। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई तथा जुर्माने के रूप में उनसे 05 लाख 27 हजार रूपये वसूल किये गए। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन ''महिला सुरक्षा'' मे तहत जुलाई माह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 2616 पुरुष यात्री पकड़े गये तथा उनसे दंडस्वरूप 07 लाख 53 हजार रूपये वसूल किये गए।

### कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया स्वागत

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय बाजार आगमन के क्रम में हाईवे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। खनीता चौक पर मुखिया मुरलीधर दूबे के नेतृत्व में तो सरना में प्रो. बलिराम मिश्रा के नेतृत्व में। जहां मां यक्षिणी भवानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर श्री चौबे ने अपने निधी से कराये गये विकास कार्यों का जायजा लिया।

### बिजली के करंट लगने से वृद्ध की मौत

**करगहर (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करगहर गांव के दक्षिण टोला में बुधवार को बिजली के करंट लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई। बताया जाता है कि करगहर गांव के मोहन पहलवान के पिता 62 वर्षीय राजनाथ यादव घर में स्नान कर रहे हैं कि अचानक नंगा तार के चपेट में आ गए। आनन-फानन में परिजनों के द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों सहित गांव में मातम पसरा है।

### एक अवैध राइफल के साथ गिरफ्तार

**करगहर (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक अवैध राइफल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि टेकारी गांव में शिवदयाल पाल पिता स्व. महातिम पाल के घर से छापेमारी के दौरान बक्सा के पीछे रखे अवैध 315 का अवैध राइफल जब्त किया गया। जहां कागजात मांगने पर शिवदयाल पाल के द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं मिला और ना ही कागजात प्रस्तुत किया गया। जहां अवैध राइफल सहित शिवदयाल पाल को गिरफ्तार कर लिया गया। अग्रिम कारावाई की जा रही है।

### एनडीआरएफ की टीम ने बोट से निकाला

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** के ऊपरी जल ग्रहण क्षेत्र में बारिश हो रही है। बारिश के कारण सोन नदी का जलस्तर बढ़ा है। जल स्तर के बढ़ते ही दो दिनों से टीले में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास जारी रहा। इस बीच मंगलवार को सोन नदी के टीले पर फंसे करीब 15 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने सकुशल निकाल लिया। लोगों को आमझोर थाने के पीछे वाले घाट पर उतारा गया। एनडीआरएफ की टीम सोन नदी के टीले पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद वहां टीले के जंगल में सुरक्षित स्थान में छिपे लोगों को बोट पर सवार कर सकुशल बाहर निकाला। रेस्क्यू किये जाने वालों में रंजीत चौधरी ग्राम सरैया, रघुराई बिंद, आभा देवी सोमारी देवी, रामपाल चौधरी, रीता देवी, चौधरी (सरैया ग्राम) और विजय सिंह (भदसा ग्राम) समेत 15 लोग शामिल है। हालांकि, सोन नदी में जल का स्तर काफी नीचे गिर गया है और लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लेकिन, लगातार हो रही बारिश के बाद फिर से जलस्तर के बढ़ने की संभावना दिख रही है। अंचल अधिकारी हर्ष हरि ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को नियम के अनुसार जो भी मुआवजा देना होगा।

# अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के ग्रामीण क्षेत्रों मे किये गए 7123 स्मार्ट मीटर अधिष्ठापित

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करवाना अनिवार्य है। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो वे बिलिंग साइकिल से छूट जाएंगे और उनका बिजली कनेक्शन स्वतः कट जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की मीटर इंस्टॉलेशन के दौरान विद्युत विभाग के कर्मियों से उपभोक्ताओं ने अपनी ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर में गहरी दिलचस्पी दिखाते हुए कई सवाल पूछे, जिसका जवाब पाकर वे संतुष्ट दिखे और विश्वास दिलाया कि अपने-अपने घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करने की दिशा में वे तेजी से कदम बढ़ाएंगे। बता दें की बिजली उपभोक्ताओं को बताया गया कि कैसे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उनके लिए फायदेमंद है और घर बैठे कैसे आसानी से उसे ऐप या फिर गूगल पे के जरिये रिचार्ज कर सकते हैं। ऐप और गूगल पे के जरिये स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने की प्रक्रिया को भी उन्हें विस्तार से बताया गया और साथ ही बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरी तरह से निःशुल्क इंस्टॉल किया जा रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र भ्रमण मे पाया जा रहा है की जिन उपभोक्ताओं के घरों में पहले से ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल हो चुके थे, उन्होंने भी स्वीकार किया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के इंस्टाल होने के पश्चात उन्हें अपने घरों में बिजली को सही तरीके से नियंत्रित करके बचत करने में आसानी हो रही है। इसके अलावा उन्हें रिचार्ज के लिए अब बिजली ऑफिस का चक्कर काटना नहीं पड़ रहा है।सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने उपभोक्ताओं को यह भी जानकारी दी गई कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जरिये बिजली बिल के लिए एकमुश्त जमा की जाने वाली राशि पर उन्हें ब्याज प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है और ब्याज दर बैंकों की ब्याज दर से कहीं ज्यादा है। 2000 रुपये से अधिक का रिचार्ज करने पर 6.75 प्रतिशत ब्याज दर प्राप्त होगा, इसी तरह तीन माह की खपत के बराबर एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा और छह माह की अवधि का एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इतना ही नहीं ऑनलाइन रिचार्ज करने पर 1 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। उपभोक्ताओं को यह भी बताया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज न कराने पर बिजली स्वतः कट जाएगी। हालांकि, रात में बिजली नहीं काटी जाती है। बिजली कनेक्शन कार्य दिवस पर दिन में 10 बजे से 1 बजे के बीच काटा जाता है। पर्व त्योहार के दौरान भी बिजली नहीं काटी जाती है। बेहतर यही होगा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की राशि खत्म होने से पहले ही उसे रिचार्ज कर लें। अख़बार के माध्यम से उपभोक्ताओं को साइबर अपराधियों से बचाव करने के विषय में भी जानकारी दी गई। उन्हें सचेत किया गया कि बिजली विभाग के नाम पर किए जाने वाले फोन पर यकीन करके अनजान नंबर से भेजे गए किसी लिंक पर कतई क्लिक न करें। ऐसा करते ही साइबर अपराधी उनके बैंक अकाउंट पर हाथ साफ कर सकते हैं। उन्हें बताया गया कि बिजली विभाग की तरफ से इस तरह का कॉल नहीं किया जाता है। यदि उन्हें इस तरह का कोई कॉल आता है तो तुरंत सतर्क हो जाएं किसी भी तरह की जानकारी के लिए सिर्फ आधिकारिक नंबर और वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें। किसी तरह का संशय होने पर बिजली विभाग के नजदीक के ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं। उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी तरह की भ्रांति का शिकार न हों। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पुराने मीटर जैसा ही है। इसको इंस्टाल करने से बिजली की अधिक खपत नहीं होती है। जितनी बिजली का इस्तेमाल करेंगे, मीटर उतनी की ही रीडिंग करेगा।

## आयुष्मान कार्ड बनाने की शिविर आयोजित

**दिनारा (रोहतास) (नि.सं1)।** प्रखंड क्षेत्र के करंज पंचायत स्थित गांव परानपुर वार्ड 12 आंगनबाड़ी केंद्र 58 के सेविका द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें शिविर के माध्यम से लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। सेविका प्रज्ञा दूबे ने पोषक क्षेत्र वासियों को आयुष्मान कार्ड के उपयोगिता के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की यह एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसके तहत किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य खराब होने से शासन के द्वारा गंभीर बीमारी का इलाज चिन्हांकित अस्पताल में बीपीएल परिवार का पांच लाख तक इस कार्ड के माध्यम से इलाज होता है। बड़े अस्पतालों में इलाज होने वाले महंगी खर्चों से बचें और सरकार के द्वारा लाए गये आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ उठाकर अपनी गाढ़ी कमाई का बचत करें। सेविका ने ग्रामीणों से निवेदन किया कि जिस व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है।

## शाहाबाद की मिट्टी उपजाऊ और लोग कर्मठ व संघर्षशील: अश्विनी चौबे

निज संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** शाहाबाद की मिट्टी उपजाऊ है और यहां के लोग कर्मठ व संघर्षशील है। शाहाबाद के विकास के बिना प्रदेश के विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। मैने शाहाबाद और अन्य प्रदेश के सीधे जुड़ाव के लिये बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिये व बक्सर गंगा नदी पर दो लेन के एक और पुल निर्माण के लिये अपने कर्म स्थली व जन्मस्थली को जोड़ने के लिये केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मांग किया। जिसे मंत्री ने स्वीकार कर उसके लिये कार्रवाई शुरू हो गई है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय बक्सर लोक सभा से दो बार सांसद रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी कुमार चौबे ने मंगलवार को अपने नमन यात्रा के क्रम में दिनारा पहुंचने पर चंदा मैरेज हॉल में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा। आगे उन्होंने कहा की बक्सर मेरे कण कण में बसा है यहां के लोगों का मैं ऋणी हूं। बक्सर सिद्धाश्रम है और इसके अगल पहचान है। मेरा संकल्प है मर्यादा पुरुषोत्तम पराक्रमी राम का प्रतिमा स्थापित करने का। उसके लिये मैं दिन-रात प्रयासरत हूं।

## अज्ञात शव के साथ रोहतास पुलिस की शर्मनाक हरकत, पोस्टमार्टम के 72 घंटे बाद नदी में फेंका

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** डेहरी स्थित सोन नदी से डेहरी नगर थाने की पुलिस ने प्लास्टिक में बंधे दो शव को बरामद किया है। सोन नदी पर बने रेल पुल के नीचे से एक साथ दो शव मिलने से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है तथा पुलिस की कार्यशैली पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं। बताया जाता है कि सोन नदी से बरामद दोनों शव अज्ञात है तथा पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक पहचान के लिए रखे गए थे, लेकिन जब दोनों शव की पहचान नहीं हो पाई तो पुलिस ने शव को एक बड़े प्लास्टिक में बांधकर सोन नदी में फेंक दिया। जिससे रोहतास पुलिस के इस अमानवीय हरकत की हर तरफ निंदा हो रही है। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डेहरी एएसपी शुभांक मिश्रा ने पहले घटनास्थल का जायजा लिया तथा उनकी उपस्थिति में जब दोनों शव की जांच की गई तो पाया गया कि उनका पहले हीं पोस्टमार्टम हो चुका है। मिली जानकारी के मुताबिक एक शव सासाराम जीआरपी द्वारा किसी अज्ञात भिखारी का भेजा गया था जबकि दूसरा शव शिवसागर थाना क्षेत्र से दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति का था। हालांकि दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक सदर अस्पताल के शीत गृह में पहचान के लिए रखे गए थे, लेकिन पहचान नहीं होने की स्थिति में जब डिस्पोजल करने की बारी आई तो पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं एवं कर्तव्य निष्ठा को दरकिनार करते हुए शव को नदी में फेंक दिया। पुलिस के इस शर्मनाक हरकत की हर कोई निंदा कर रहा है तथा सोशल मीडिया पर भी लोग नाराजगी जता रहे हैं। इस संदर्भ में डेहरी एएसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि डेहरी नगर परिषद के ईओ के नेतृत्व में पूरे मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। वहीं रेल डीएसपी अमृतेंदु शेखर ठाकुर ने भी इस मामले को गंभीर और मानवीय संवेदनाओं के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि अज्ञात शव को नदी में फेंकना न केवल कानूनी तौर पर गलत है, बल्कि मानवता के खिलाफ भी है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही है।

## 10 हजार से अधिक बकाया तो अब कटेगा विद्युत कनेक्शन

निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, दिनारा के 10 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं का विशेष अभियान चलाकर विद्युत संबंध विच्छेदित किया जायेगा, इसकी जानकारी कनीय विद्युत अभियंता दिनारा बिकास कुमार ने दी। बताते चलें प्रखंड-दिनारा के ग्राम-भलूनी, बिसंभरपूर, हरिवंशपुर गांव, तेनुआठ, तेनुआठ मठिया, दुबे डेहरी, नोआव, धरहरा, खरवत, नियजीपुर, मिश्रवलिया, विशुनपुर टोला, जगदीशपुर, नादौवा, करहँसी, मिल्की, अकोढ़ा, पंडितपुर, मिर्जापुर, ध्वनिया, गगनपुरवा, चिलबिला, मनिहारी, महरोढ, भानस, बेलवइयां, पडरिया, गोपालपुर, खैरही, पिपरा, बसडीहा, यादवटोला, रामेश्वरपुर टोला, भुआवल, धनपुरा आदि गांवों पर काफ़ी बकाया राशि लंबित है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की अब शहरी उपभोक्ता हों या फिर ग्रामीण क्षेत्र के यदि आपने बिजली का बकाया बिल जमा नहीं किया तो आपका बिजली कनेक्शन काट दी जाएगी। विद्युत कनेक्शन केवल बड़े उपभोक्ताओं का ही नहीं, बल्कि छोटे बकायेदार उपभोक्ताओं का भी कट रहा है। विद्युत विभाग के एसडीओ राज कुमार के द्वारा बताया गया की हर माह लगातार बकाया राजस्व की राशि बढ़ने से कंपनी के ऊपर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा है। जिससे निबटने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर वसूली करने का निर्णय लिया गया है। सभी कनीय विद्युत अभियंताओं के द्वारा उपभोक्ताओं से अनुरोध की जा रही है कि जिनका भी बिजली बिल बकाया है वह जमा कर दें, अन्यथा विभाग द्वारा आपका विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया जाएगा। साथ ही साथ निर्देशित किया गया कि जो उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण कनेक्शन कटने के पश्चात रिकनेक्शन चार्ज जमा करने के बाद ही विद्युत कनेक्शन जोड़ने की अनुमति दी जाएगी बिना रिकनेक्शन चार्ज जमा किये अवैध रूप से बिजली जलाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ आपदा को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन ने की बैठक

निज संवाददाता

**रोहतास (सासाराम)।** थाना परिसर में बुधवार को अंचला अधिकारी सुश्री एवं रोहतास थाना अध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में बाढ़ आपदा को लेकर जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि क्षेत्र में एवं ऊपरी भाग में लगातार बारिश के कारण सोन नदी सहित अन्य सहायक नदियों में जलस्तर की काफी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में नदी में आने जाने वाले लोगों को जागरूक करना होगा। ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना ना हो सके। सुश्री ने कहा कि अभी सोन नदी सहित अन्य पहाड़ी नदियों में भी पानी उफान पर है। तथा सूचना मिल रही है कि सोन नदी में और भी जलस्तर की वृद्धि हो सकती है ऐसे में दो दिन पूर्व भी बाढ़ की स्थिति में एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर सोंन डीला से लोगों को निकलवाया गया है।

## बालिका उच्च विद्यालय 43 वर्षों बाद बना नशेडियों का अड्डा




निज संवाददाता

**दिनारा (रोहताह)।** बिहार सरकार, बिहार बोर्ड के मनमानी से रोहतास जिला का एक ऐसा विद्यालय जहां पहले बच्चियों के शिक्षा दिक्षा से विद्यालय परिसर गुलजार हुआ करता था। आज 43 वर्षों बाद उसी शिक्षा मंदिर को नशेड़ियो व जुआड़ियों ने अपना रैन बसेरा बना लिया है। जिसकी अब तक कोई भी खबर तक लेने वाला नही है। ज्ञात हो कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड स्थित वित्त रहित तपेश्वर सिंह बालिका उच्च विद्यालय जो 1981 में स्थापना के पश्चात बिहार सरकार से मान्यता 74525 कोड के साथ एक मात्र बालिका विद्यालय स्थापित था। जो विद्यालय बेटियों के शिक्षा के क्षेत्र में लगातार 43 वर्षों से नारी सशक्तिकरण का मिशाल कायम कर अपना भविष्य सवार रही थी। लेकिन बिहार सरकार द्वारा अचानक सत्र 2023 में इस विद्यालय की मान्यता रद्द कर दी गयी है। जिसके कारण दर्जनों गांवों की बेटियों के सामने पठन-पाठन से जुड़ी समस्या शुरु हो गयी है। बिहार सरकार द्वारा हुआ था बोर्ड का आवंटन तपेश्वर सिंह बालिका विद्यालय दिनारा को सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के ज्ञापांक -30/244 पटना द्वारा 13.3.2011 को विद्यालय कोड 74525 आवंटित किया गया है। जे अपने भूमि भवन में अवस्थित है। यह विद्यालय बिहार सरकार, शिक्षि विभाग, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सभी मानकों को पूरा करता है। लेकिन बिहार सरकार अपनी मनमानी से इसे बंद दिया है। जिससे स्थानीय अभिभावकों, प्रबुद्ध नागरिकों और छात्राओं में रोष व्याप्त है। इस संबंध में दिनारा नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि स्वर्गीय तपेश्वर सिंह सांसद एवं सहकारिता जगत के पुरोधा के कर कमलों द्वारा इस विद्यालय को सन् 1981 में हीं नारी सशक्तिकरण के दिशा में दुरदर्शी सोच के साथ स्थापित किया गया था। आज इस विद्यालय से उत्तीर्ण अनेकों बालिका देश के कोने-कोने में लगभग सभी क्षेत्रों में विभिन्न पदों को सुशोभित कर रही है। लेकिन सरकार के मनमानी से इसे बंद कर दिया गया है। इस विद्यालय को पुनः चालू करना नितांत आवश्यक है। ताकि दिनारा प्रखंड के साथ साथ सुदूरवर्ती इलाकों के गरीब, दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा वर्ग की छात्राओं को पठन पाठन में सहूलियत हो।

## सरकार के लाख प्रयास के बाबजूद नहीं सुधरी शिक्षा व्यवस्था



निज संवाददाता

**नवादा।** सरकार शिक्षा विभाग को सुधारने लाख प्रयास कर लेकिन इसे सुधार पाना सरकार के बश से बाहर की बात है। सायकिल, पोशाक, मध्याह्न, छात्रवृत्ति आदि योजना के चलाने से विद्यालय में छात्र- छात्राओं की उपस्थिति में अपेक्षित सुधार हुआ लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के बजाय दिनों दिन खराब होता जा रहा है। जिले के पकरीबरांवा प्रखंड क्षेत्र के उकौड़ा मध्य विद्यालय की कहानी तो कुछ और बयां कर रही है। जी हां? मैं पकरीबरांवा प्रखंड क्षेत्र के एक ऐसे विद्यालय की बात कर रहा हूं जो अपने आप में अजूबा है। ऐसी भी बात नहीं कि विद्यालय खुलता नहीं या फिर शिक्षक आते नहीं। विद्यालय भी खुलता है शिक्षक भी आते हैं लेकिन यहां पढ़ाई के बजाय होता कुछ और है। विद्यालय में 340 बच्चे नामांकित हैं। इनमें से वर्ग 08 में 59, सात में 66, छह में 67, 05 में 44, चार में 36, तीन में 38, दो में 17 व एक में 13 छात्र- छात्रा शामिल हैं।शिक्षकों की कुल संख्या 09 है। यहां दो अर्द्ध निर्मित कमरे में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। कुल 08 अर्द्ध निर्मित कमरे हैं जिसमें से दो जर्जर है। विद्यालय में न शौचालय है न ही बाउंड्री। विद्यालय कार्यालय तो मानो गोदाम बना हुआ है। विद्यालय के एक कमरे के अलावे बरामदे में वर्ग कक्ष का संचालन किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद कहते हैंः- पिछले वर्ष 2017 से विद्यालय विकास के नाम एक रुपये का आवंटन विभाग से प्राप्त नहीं हो सका है। कारण दो- दो अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापकों द्वारा एक दूसरे को वित्तीय प्रभार नहीं सौंपा जाना है। इसके लिए उन्होंने विभाग को एक नहीं, दो बार पत्राचार किया लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात। अब आते हैं मूल मुद्दे पर जिसे सुन आप भी अपनी हंसी को नहीं रोक पायेंगे। विद्यालय खुलते ही बाउंड्री बाल नहीं रहने के कारण झुंड के झुंड बकरियां पहुंचनी शुरू हो जाती है। जाहिर है जब विद्यालय बकरियों का चारागाह बन जायेगा तब पढ़ाई होगा क्यख खाक? सो प्रधानाध्यापक दिन भर बकरियों क्रो चराने में लगे रहते हैं। ऐसे में कोई यह भी नहीं कह सकता कि विद्यालय खुलता ही नहीं तो पढ़ाई क्या होगा खाक यह मैं नहीं खुद प्रधानाध्यापक शंकर प्रसाद कहते हैं। उनसे हुई बातचीत व विद्यालय में बकरियों की भरमार वीडियो में देख आप खुद कह उठेंगे, वाह! क्या विद्यालय की व्यवस्था है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पोल खुल रही है।

## हरियाली तीज पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**संझौली (रोहतास) (नि.सं.)।** संझौली प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में सावन हरियाली तीज के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हरियाली तीज के उत्सव को मनाने का उद्देश्य न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखना था, बल्कि विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक ज्ञान और प्रतिभा को बढ़ावा देना भी था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश पांडेय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में हरियाली तीज के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह त्यौहार महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह उनके स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व को समझने और उसे बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। सबसे पहले विद्यालय के छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने हरियाली तीज के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य किया। इस नृत्य ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ समापन हुआ। विद्यार्थियों ने एकल गीत प्रस्तुत किया।

## बिहटा एयरपोर्ट से 14 मिनट में पहुंच सकेंगे पटना

**पटना (नि.सं.)।** आपकी गाड़ी यदि 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है तो बिहटा एयरपोर्ट से 14 मिनट में दानापुर स्टेशन होते हुए पटना में प्रवेश कर सकते हैं। दानापुर-बिहटा-कोईलवर फोरलेन एलिवेटेड कॉरिडोर से बिहटा एयरपोर्ट के लिए अलग अंडरपास से आवागमन की नॉन स्टॉप सुविधा मिलेगी। बक्सर-पटना फोरलेन का 25.08 किलोमीटर अवशेष हिस्सा का निर्माण चल रहा है जिसे 7 सितंबर 2026 तक पूरा करना है। दानापुर-बिहटा एलिवेटेड फोरलेन अब एनएच-922 के नाम से जाना जाएगा। अब तक एनएच-30 का हिस्सा रहा है। वर्तमान एनएच-30 पर नेउरागंज, अख्तियारपुर और कन्हौली में बाईपास एलिवेटेड फोरलेन होगा। शेष हिस्सा एनएच 30 दो लेन को चौड़ीकरण कर चार लेन बनाया जा रहा है।

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा नोटिस**
**सं०– 17 ऑफ 2024–25 / खुला / इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं०–10–डीडीयू–व०मं०इंजी०– I |–24–25**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** वरीय सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/सीटीडी/टीडी/गया के अधीन विभिन्न प्रकार की रेलपथ सामग्रियों की लोडिंग, अनलोडिंग और हैंडलिग रेलपथ सामग्री का परिवहन। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 27032602.25, **(iii). धरोहर राशि :** रू० 285200.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 27.08.2024 को 12:00 बजे तक, **(v) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in**
**नोटः विवाद की स्थिति मे अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**
मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर / 00846 / डीडीयू / ईएनजीजी / टी / 24-25 / 28

**पूर्व मध्य रेल**
**ई–निविदा नोटिस**
**सं०– 18 ऑफ 2024–25 / खुला / इंजीनियरिंग, डीडीयू।** मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**निविदा सं०–12–डीडीयू–व०मं०इंजी०– I |–24–25**
**(i) कार्य का नाम एवं लोकेशनः** सहायक मंडल इंजिनियर / गया के अधीन गया में खरखुरा और लोको कॉलोनी में छत के रिसाव का उपचार, जर्जर पाइप लाईन को बदलना, सड़क की मरम्मत, दरवाजे और खिड़की को बदलना आदि के द्वारा कर्मचारी क्वार्टरों में सुधार।
**(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 16867454.53, **(iii) धरोहर राशि :** रू० 234300.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 26.08.2024 को 12:00 बजे तक, **(v) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारीः www.ireps.gov.in**
**नोटः विवाद की स्थिति मे अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**
मंडल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय
पीआर / 00847 / डीडीयू / ईएनजीजी / टी / 24-25 / 32

**पूर्व मध्य रेल**
**ई. निविदा सूचना**
**ई–निविदा नोटिस सं०–19 ऑफ 2024–25/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।
**1. निविदा सं०–07–डीडीयू–व०मं०इंजी०–I–24–25, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल इंजीनियर/ I/डीडीयू सेक्शन के अधीन विभिन्न स्थानों पर रोड सह रेल मोबाइल फलैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके साइट पर 60 कि०ग्राम/90 यू०टी०एस०/260 आर रेल की फलैश बट वेल्डिंग। **कार्य का अनुमानित लागतः** ₹ 23795535.46, **धरोहर राशि :** ₹ 269000.00
**ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 28.08.2024 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**
**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।
**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/0849/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/24–25/36**

# साइबर अपराधियों के अड्डे पर छापामारी में सात गिरफ्तार

निज संवाददाता

**नवादा**। जिले की शाहपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दर्शन बीघा गांव के नवनिर्मित मकान में छापेमारी कर एक साथ 7 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। बना साइबर अपराधियों का अड्डाः- पुलिस ने इन साइबर अपराधियों के ठिकानों पर छापेमारी कर 14 मोबाइल, 43 पेज का कस्टमर डाटा, प्रिंटर और बैंक पासबुक, लॉपटॉप आदि जब्त किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े शातिर साइबर ठग फ्लिपकार्ट कंपनी के नाम से ग्राहकों द्वारा ऑर्डर किए गए सामानों की डिलीवरी कंफर्म करने के नाम पर भोले भाले ग्राहकों से फर्जी मोबाइल और फर्जी सिम के माध्यम से उन्हें कॉल कर ओटीपी आदि मांग कर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे थे। पुलिस के हत्थे चढ़े सभी




साइबर ठग नवादा और शेखपुरा जिला के बताए जाते हैं। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के दर्शन बीघा गांव के गिरानी रविदास का पुत्र निरंजन कुमार, कृष्ण रविदास का पुत्र आकाश कुमार, अशोक रविदास का पुत्र अजीत कुमार, शेखपुरा जिले के पहड़िया थाना क्षेत्र के शेखोपुर सराय गांव के मनजीत रविदास का पुत्र सौरभ कुमार, अनुज मांझी का पुत्र बुगल कुमार और विनोद राम का पुत्र विक्रम कुमार शमिल है। पुलिस ने सभी साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# मुरौरा पंचायत का पूर्व मुखिया पुत्र हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**बिहारशरीफ (नालंदा)**। बिहार थाना क्षेत्र के मुरौरा गांव में 17 फरवरी को पूर्व मुखिया पुत्र की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में मृतक की पत्नी ने तीन आरोपित को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर ही मुख्य आरोपी गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी कांड में शामिल एक अन्य नामजद अभियुक्त को मंगलवार की देर रात जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।हत्याकांड का गिरफ्तार आरोपी मुरौरा गांव निवासी स्वर्गीय राजीव प्रसाद सिंह उर्फ बबलू सिंह का पुत्र करण कुमार उर्फ जुलेश है। बिहार थानाध्यक्ष राम शंकर सिंह ने बताया कि 17 फरवरी को पूर्व मुखिया स्वर्गीय पप्पू सिंह के पुत्र विशाल कुमार उर्फ़ गोपाल कुमार की हत्या दिनदहाड़े कर दी गई थी। जिसके बाद मृतक की पत्नी ने तीन आरोपी को नामांकित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें मृतक के सहोदर चाचा गुड्डू सिंह के अलावा हैप्पी उर्फ विवेक कुमार और करण कुमार उर्फ जुलेश था। उन्होंने बताया कि हत्या करने के 12 घंटे के भीतर ही मृतक के सहोदर चाचा गुड्डू सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था और मौके पर से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद अभियुक्त हैप्पी उर्फ विवेक कुमार एवं करण कुमार उर्फ जुलेश फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर बिहार थाने की पुलिस जमुई थाना क्षेत्र के खैरा गांव पहुंची जहां से आरोपित करण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया की मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शेष आरोपित अभियुक्त हैप्पी उर्फ विवेक कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# नेशनल बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक समेत छह बैंक कर्मी निलंबित

निज संवाददाता

**नवादा**। जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली अनुमंडल मुख्यालय पंजाब नेशनल बैंक में मेट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के नाम पर ग्राहकों से डेढ़ करोड़ रुपए राशि गवन के मामले में पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक समेत 6 बैंक कर्मी को निलंबित किए जाने की खबर है। निलंबित किए जाने वाले बैंक कर्मियों में पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक राकेश पांडेय उर्फ राकेश रंजन, स्पेशल ऑफिसर सुधीर कुमार, विवेक कुमार, हेड क्लर्क विकास कुमार, कैशियर विकास कुमार तथा क्लर्क केशव कुमार का नाम सामने आ रहा है। मामले का खुलासा तब हुआ जब मंगलवार को पटना से पंजाब नेशनल बैंक की तीन सदस्यीय जांच टीम मामले की जांच करने सुबह लगभग 10 बजे रजौली स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा पहुंची। विगत 2-3 दिनों से जांच टीम के द्वारा रजौली स्थित शाखा में जांच की जा रही थी। पटना से आई जांच टीम के द्वारा कुछ बताने से साफ इनकार किया जा रहा है। जिससे रजौली स्थित ब्रांच में पदस्थापित अन्य बैंक कर्मियों के भी गबन के मामले में फंसने की संभावनाएं प्रतीत होती रही है। फिलहाल पंजाब नेशनल बैंक के कई कर्मी शक के घेरे में है। बताया जाता है कि पंजाब नेशनल बैंक के जोनल हेड की निगरानी में पूरे मामले की जांच की जा रही है और जैसे-जैसे बैंक कर्मियों की संलिप्तता इस गबन में सामने आ रही है वैसे-वैसे सभी को निलंबित किया जा रहा है। बैंक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि मेटलाइफ इंश्योरेंस कंपनी पंजाब नेशनल बैंक से संबद्ध है और यहीं से पंजाब नेशनल के अकाउंट होल्डरों को मेटलाइफ का जानकारी देकर उसका इंश्योरेंस कराया जाता था। कैसे खेला जाता था खेलः- बैंक सूत्रों से जो जानकारी मिल रही है उससे यह पता चला है कि बैंक कर्मी शाखा प्रबंधक के साथ मिली भगत करते हुए मेट लाइफ के नाम से ही एक अकाउंट अपने ब्रांच में खोलकर रखे हुए थे और ग्राहक से मेट लाइफ इंश्योरेंस में पैसा जमा करने के नाम पर चेक लेते थे और इस अकाउंट में पैसा को डेबिट करते हुए निकाल लिया करते थे। मेटलाइफ में सालाना जमा करने के नाम पर बैंक कर्मी मेटलाइफ के उपभोक्ताओं से मोटी रकम लेकर सालाना जमा करने के नाम पर चेक लेते थे और अपने अकाउंट में क्रेडिट कर पैसा को डेबिट कर लेते थे।

# शारीरिक शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)**। प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय मंजौर में शारीरिक शिक्षको का दो दिवसीय गैर आवासीय कैपिसीटी बिल्डिंग ट्रेनिंग सम्पन्न हो गया।प्रशिक्षण के दूसरे दिन का सत्र एक एनर्जाइंजिग गेम से शुरू किया गया। इस खेल की शुरूआत फिल्ड कॉर्डिनेटर पूजा कुमारी और सहयोगी मुकेश कुमार के द्वारा शुरू किया गया।इसके बाद FIMS FOUDATION के पंकज कुमार ने थ्योरी क्लास में विषय वस्तु खेल मेला और सेशन प्लान को विस्तार पूर्वक सारे शिक्षकों को समझाया। साथ ही साथ खेल मेंला की वीडियो चलाकर गतिविधि को विस्तार के समझाया और उसका ऑब्जेक्टिव के बारे में समझाया जो



बहुत ही उपयोगी थी। खेल मेला को ग्राउण्ड में कैसे आर्गेनाज किया जाए उसके बारे में भी बहुत ही बेहतरीन तरीके के समझाया। इस सत्र में शामिल नव चेतना विकास केन्द्र के प्राग्राम मैनेजर आशीष राज फिल्ड कॉर्डिनेटर पूजा कुमारी, बिन्दु कुमारी, सतीश कुमार, अभिषेक कुमार साथ ही साथ सहयोगी संस्था राम गौरी सेवा सस्थान के कार्यकर्ता मुकेश कुमार, नन्दलाल कुमार, सुतमा कुमारी भी शामिल थे पंकज कुमार ने बताया कि प्रोजेक्ट छलांक ELMS FOUDATION की एक पहल है जिसमें खेल के माध्यम के बच्चों में शारीरिक कौशल और जीवन कौशल का विकास होता है। अंत में सारे शिक्षकों का फिडबैक लिया गया जिसमें सभी शिक्षकों ने अपनी अपनी बातों को सराहनीय अंदाज में रखा। उन्होंने कहा कि जो वे ग्रहों से सिख कर जा रहें है वह बच्चों को सिखाएगें। इसकी अध्यक्षता कर रहे नव चेतना विकास केन्द्र के सचित नारायण पाषवान ने आए हुए शिक्षकों पुनः एक बार अनुरोध किया कि छालांग परियोजना को उपाई त्तक ले जाना है जिसमें आप सभी शिक्षकों का सहयोग आपेक्षित है। उन्होंने बारी बारी से आए हुए शिक्षकों, कार्यकर्ताओं को विशेष धन्यबाद दिया। विशेष कर विद्यालय के प्रधानाध्यपक प्रमोद कुमार को विशेष रूप से धन्यबाद ज्ञापन किया। सत्र का समापन राष्ट्रीयगानसे हुआ।

# शिक्षा विभाग में लूट की खुली छूट

**पटना (नि.सं.)**। सरकारी विद्यालयों में शिक्षा विभाग के निर्देश पर फाउंडेशनल लिट्रेसी एंड न्यूमेरिक (एफएलएन) किट की खरीद में बैग और ज्योमेट्री के घटिया सामान की आपूर्ति हुई है। डेढ़ हजार रुपये के किट में बमुश्किल सवा-डेढ़ सौ रुपये के सामान उपलब्ध कराए जा रहे। इसका आरोप लगाते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने इस प्रकरण की उच्च-स्तरीय जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। अपने एक्स हैंडल पर वीडियो जारी कर अखिलेश ने शिक्षा विभाग में घोटाले का आरोप लगाया है। कहा है कि सरकार के गलत निर्णयों ने जनता के पैसों की लूट की खुली छूट दे रखी है। अब तो जदयू नेता संजीव सिंह ने भी इस प्रकरण की जांच की मांग उठाई है।

# आदर्श मध्य विद्यालय लालपुर में तिथि भोज का किया गया आयोजन

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के आदर्श मध्य विद्यालय लालपुर में बुधवार को तिथि भोज का आयोजन किया गया। इस तिथि भोज कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड साधनसेवी एमडीएम संजय पासवान मौजूद रहे। तिथि भोज कार्यक्रम में एमडीएम प्रभारी की मौजूदगी में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने एक साथ विशेष भोजन पूड़ी, सब्जी एवं खीर का स्वाद चखा। एमडीएम प्रभारी संजय पासवान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में आपसी प्रेम एवं भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए सरकार मिड डे मील सहित कई




कार्यक्रम चला रखी है, ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ पौष्टिक भोजन भी मिल सके। इसी कड़ी में विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आयोजित तिथि भोज में विशेष भोजन तैयार कर बच्चों के बीच परोसा जाता है। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार समेत विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे। वहीं राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर में आयोजित तिथि भोज में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एमडीएम मो० मजहर हुसैन भी शामिल हुए।

# सिपाही भर्ती परीक्षा, पहला चरण कदाचार मुक्त सम्पन्न

**नवादा (नि.सं.)**। आशुतोष कुमार वर्मा, जिला पदाधिकारी नवादा एवं श्री अम्ब्रीष राहुल, पुलिस अधीक्षक, नवादा ने आज केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा अन्तर्गत मध्य विद्यालय केन्दुआ, सीताराम साहु कॉलेज, संत जोसेफ स्कूल, कन्हाई इंटर विद्यालय एवं गंगारानी कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी केन्द्राधीक्षकों, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारीयों को स्वच्छ और पारदर्शिता के साथ सिपाही भर्ती परीक्षा को सफल तरीके से संपन्न करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में मध्य विद्यालय केन्दुआ के परीक्षा केन्द्र में कई कमरों में पंखा एवं विद्युत प्रकाश की कमी पायी गई। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा केन्द्राधीक्षक और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी केन्द्रों के सभी कमरों में पंखा, विद्युत प्रकाश एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाय ताकि परीक्षार्थीयों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। जिले में कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं, जिसमें कुल परीक्षार्थियों की संख्या 10092 थी। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा में कुल 10092 परीक्षार्थियों में से 7506 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, अनुपस्थित छात्रों की संख्या 2586 रही।

# मोमबत्ती प्रशिक्षण पाकर स्वरोजगार उत्पन्न सृजन कर सकते हैं युवा

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित प्रशिक्षण भवन में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तले पांच दिवसीय मोमबत्ती प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह एवं अन्य कृषि वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया



गया। कोर्स कॉर्डिनेटर अनुज्ञा भारती में बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत ग्रामीण युवक व युवतियों को मोमबत्ती बनाने के विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोमबत्ती को कुटीर उद्योग के रूप में स्थापित किया जा सकता है। यह कम लागत में अधिक आय कमाने का बहुत ही अच्छा व्यवसाय है तथा इससे खेती के साथ-साथ अतिरिक्त आय सृजन किया जा सकता है। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. धनंजय कुमार, रविकांत चौबे, डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, फॉर्म प्रबंधक सुमिताप रंजन आदि मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के कौआकोल एवं अकबरपुर प्रखंड के 50 महिला शामिल हो रहे हैं।

# पुलिस ने शराब तस्कर का किया पीछा, शराब छोड़ फरार हुआ तस्कर, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के छपरा गांव के रस्ते पर उजला रंग के प्लास्टिक के बोरे में रहे 120 लीटर देशी महुआ शराब को पीएसआई रौशन कुमार ने जब्त किया। जबकि शराब तस्कर पुलिस को पीछा करते देख शराब को बाइक से नीचे गिराकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित पीएसआई रौशन कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान शराब तस्कर का पीछा किया गया।



जिससे शराब तस्कर भयवश शराब को छपरा गांव के पीसीसी रास्ते पर शराब से भरी प्लास्टिक की बोरी को फेंककर भाग खड़ा हुआ।जब्त शराब की मात्रा 120 लीटर देशी महुआ शराब है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्कर की पहचान सिरोडावर गांव निवासी रामप्रवेश यादव के पुत्र अमित कुमार के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि जब्त शराब एवं तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं भागने वाले शराब तस्कर को जल्द ही गिरफ्तार करने की बात कही गई।

# गार्डेन ट्रैन्च बनाने में अनियमितता बरतने का आरोप

**कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड के मननपुर जंगल में वन विभाग द्वारा बनाए गए गार्डेन ट्रैन्च निर्माण में काफी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। स्थानीय ग्रामीण संतोष कुमार के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त लिखित आवेदन वन विभाग के वरीय अधिकारियों को देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषी पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रखण्ड के उग्रवाद प्रभावित मननपुर गांव में वन विभाग के द्वारा दो अलग अलग स्थानों पर गार्डेन ट्रैन्च बनाया गया है। जिसमें काफी घटिया किस्म के मैटेरियल का प्रयोग किया गया है। जिससे उसकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

# रजौली चेक पोस्ट पर शराब के नशे में रहे 16 शराबी धराए

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर झारखंड की ओर से आने वाले विभिन्न वाहनों से 16 शराबियों को उत्पाद विभाग की टीम ने हिरासत में लिया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन 24 घंटे उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छोटी व बड़ी यात्री व मालवाहक वाहनों की सघन जांच की जाती है। जिसका नेतृत्व उत्पाद अवर निरीक्षक सन्नी कुमार के द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार की रात्रि से लेकर बुधवार की सुबह भी जांच चौकी पर तैनात उत्पाद पुलिस टीम के द्वारा झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दरम्यान झारखंड से शराब पीकर आ रहे अलग-अलग वाहनों से 16 शराबियों को हिरासत में लिया गया। जिनकी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच होने के बाद शराब पिए हुए होने की पुष्टि हुई। फलस्वरूप सभी लोगों को कब्जे में लेकर उत्पाद विभाग के नियमानुसार बुधवार को नवादा मजिस्ट्रेट के समक्ष पुलिस बलों के सहयोग से पेश किया गया।

# नगर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली 100 योजनाओं पर की गई चर्चा

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को मुख्य पार्षद मानती देवी की अध्यक्षता में सामान्य बोर्ड की बैठक की गई।बैठक में 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली 100 से ज्यादा योजनाओं पर चर्चा किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश, लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार एवं उपमुख्य पार्षद फिरोजा खातून भी मौजूद रही। नगर पंचायत पदाधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1 से लेकर 14 वार्डों में विकास कार्यों को गति प्रदान करने को लेकर मुख्य पार्षद की अध्यक्षता में 100 से अधिक योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वार्ड के लोगों को नाली एवं सड़क की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बैठक



में सभी वार्डों में विकास हेतु नाली निर्माण, पीसीसी सड़क एवं फेबर ब्लॉक आदि योजनाएं शामिल है। पदाधिकारी ने बताया कि योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर सम्बंधित सहायक एवं कार्यपालक अभियंता को भेजा जाएगा। जिसके बाद प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद योजनाओं को यथाशीघ्र धरातल पर उतारा जाएगा। पदाधिकारी से योजनाओं में खर्च के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमारे अंदाज से कुल योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 10 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की आवश्यकता पड़ेगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत वासियों के बीच पीएम शहरी आवास योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक विचार विमर्श किया गया है। साथ ही जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में नगरवासियों से होल्डिंग टैक्स देने के लिए जागरूक करें।ताकि नगर पंचायत का सर्वांगीण विकास हो सके। इस मौके पर वार्ड संख्या 1 की पार्षद जेबी देवी, वार्ड संख्या 2 की पार्षद कमला देवी, वार्ड संख्या के पार्षद मुकेश कुमार, वार्ड संख्या 4 की पार्षद जीरिया देवी, वार्ड संख्या 5 के पार्षद विजय दास, वार्ड संख्या की पार्षद सुशीला देवी, वार्ड संख्या 7 की पार्षद निर्मला देवी, वार्ड संख्या 8 की पार्षद कांति देवी, वार्ड संख्या 9 की पार्षद पूजा कुमारी, वार्ड संख्या 10 के पार्षद संतोष कुमार वर्मा, वार्ड संख्या 11 की पार्षद रेखा कुमारी, वार्ड संख्या की पार्षद खुशनुमा परवीन, वार्ड संख्या 13 के पार्षद मेवालाल साव एवं वार्ड संख्या 14 के पार्षद धीरज कुमार चौधरी उपस्थित थे।

# दुधारू पशुओं के लिए हरा चारा बनाने का आसान तरीका

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। प्रखंड क्षेत्र में क्षेत्र बरसात के दिनों में दुधारू पशुओं को हरा चारा खिलाना बहुत जरूरी है। इससे पशु की दूध देने की क्षमता बनी रहती है।इस मौसम में हरा चारा पशुओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। किसान हरे चारे के रूप में मक्का, दुलदुलिया आदि फसलें उगाकर अपने पशुओं के लिए हरे चारे की व्यवस्था कर सकते हैं।खास बात यह है कि यह चारा पशुओं के लिए पौष्टिक होता है। इसके अलावा पशु की दूध देने की क्षमता भी अच्छी रहती है। इसे जानवर बड़े स्वाद से खाते हैं। वर्षा ऋतु में पशुओं के आहार में यदि हरे चारे की मात्रा अधिक तथा सूखे चारे की मात्रा कम रखी जाये तो बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। यदि आप मक्का जैसी फसलों की खेती करते हैं, तो आप साल भर जानवरों को हरा चारा खिला सकते हैं। मक्के और दुलदुलिया में एक प्रोटीन युक्त पौष्टिक हरा चारा है। इसमें प्रोटीन की मात्रा 17 से 48 प्रतिशत तक पाई जाती है। ऐसे में यह पशुओं के लिए बहुत फायदेमंद है और दूध की मात्रा बढ़ाने में सहायक है।



मक्के का चारा नरम और पशुओं के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसे जानवर बड़े स्वाद से खाते हैं। हरे चारे के लिए इसे 50 प्रतिशत जीरा अवस्था में काट लेना चाहिए। मक्के में चारे के साथ-साथ शिशु मक्का भी उपलब्ध होता है। यदि इन किस्मों के बीज उपलब्ध नहीं हैं तो किसान संकर, गंगा-11 या मिश्रित मक्का, किसान, विजय किस्मों की भी बुआई कर सकते हैं। संकर मक्के की दूसरी पीढ़ी के बीज भी चारे के रूप में बोये जा सकते हैं। हरे चारे के लिए उगाई गई फसल की कटाई 50 प्रतिशत परिपक्वता अवस्था तक पहुंचने से लगभग 50 से 55 दिन पहले की जाती है। अच्छे फसल प्रबंधन से मक्के की इन किस्मों से प्रति हेक्टेयर 400 से 450 क्विंटल हरा चारा प्राप्त किया जा सकता है। पशुओं के लिए हरा चारा तैयार करने के लिए किसानों को मक्का और दुलदुलिया की पतली डंडियों को पकने से पहले ही काट लेना चाहिए। इसके बाद इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लेना चाहिए। इसके बाद इन कटे हुए टुकड़ों को तब तक सुखाना चाहिए। जब तक इनमें लगभग 15 से 18 प्रतिशत नमी न रह जाए। जब तना सूखने के बाद टूटने लगे तो किसानों को इसे अच्छे से पैक करके सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए। अब यह चारा प्रतिदिन पशुओं को खिलाया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के आरोप में एक को कोर्ट ने दोषी करार दिया

**भागलपुर**। सबौर के दासपुर में 2020 में सन्नी नाम के व्यक्ति की हुई हत्या के मामले में एडीजे 14 के कोर्ट ने मंगलवार को आरोपी प्रभु यादव को दोषी करार दिया। जबकि राजू पंडित को बरी कर दिया। कोर्ट ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि तय की है। मंगलवार को हुई बहस में सरकार की ओर से एपीपी यमुना दास शामिल हुए। हत्या की प्राथमिकी सन्नी की पत्नी संजना कुमारी ने दर्ज कराई थी। संजना ने इसमें कहा था कि प्रभु यादव ने सन्नी से पांच लाख रुपए कर्ज लिया था। लौटाने को लेकर दोनों में झंझट होते रहता था। 15 दिसंबर 2020 को प्रभु और योगेश यादव सन्नी को बाइक पर साथ में ले गए थे।

### पखवारा के रूप में मनाई जाएगी तुलसीदास की जयंती

**भागलपुर**। साहित्य सफर संस्था की बैठक मंदरोजा में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संस्था के संस्थापक जगतराम साह कर्णपुरी ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पखवारा के रूप में मनाई जाएगी। 11 से 25 अगस्त तक विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। जयंती समारोह के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ, रामचरित मानस पाठ, भक्ति काव्य गोष्ठी, संगोष्ठी के अलावा गोस्वामी तुलसीदास स्मृति सम्मान समारोह होगा।

### दुकान में चोरी करते चोर को दुकानदार ने पकड़ा

**हवेली खड़गपुर**। हवेली खड़गपुर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत हाट चौक के समीप मंगलवार को एक कबाड़ की दुकान में चोरी करते एक चोर को दुकानदार ने रंगे हाथ पकड़ लिया, जिसे पुलिस को सौंप दिया।जानकारी देते हुए दुकानदार रविंद्र राम ने बताया कि हमलोग दुकान में बैठकर काम कर रहे थे। तभी बगल के कमरे से एक चोर लोहे की चोरी कर भाग रहा था, तभी उस पर नजर पड़ी तो उसे पकड़ा गया। जिसकी सूचना 112 नंबर डायल पुलिस को दी गई। जहां मौके पर पहुंच कर पुलिस उसे अपने साथ हवेली खड़गपुर थाने ले गई। वहीं पूछे जाने पर किशोर चोर ने बताया कि गांजा पीने के लिए पैसे नहीं थे। जिसकी पूर्ति के लिए हमने चोरी की। इसके पूर्व भी कई दुकानों में हमने चोरी की है।

### जमालपुर व सदर प्रखंड के पंसस को मिला प्रशिक्षण

**मुंगेर**। जिला पंचायत संसाधन केंद्र मुंगेर के द्वारा जमालपुर व सदर प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यों को मंगलवार को एक दिवसीय गैर-आवासीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण जिला पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान मुंगेर में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार पंचायती राज अधिनियम-2006 में 9 अध्यायों के विभिन्न अनुच्छेद के बारे में बताया गया। खासकर पंचायत समिति के गठन व उसके अधिकार जो धारा 34-61 पर में वर्णित है। इसके अलावा पंचायत राज अधिनियम के तहत पंचायत समिति की गठन, संरचना, आरक्षण, कार्यावधि के अलावा प्रमुख और उपप्रमुख के निर्वाचन, प्रमुख और उपप्रमुख के शक्तियों, कार्य व दायित्व, त्यागपत्र एवं हटाया जाना, बैठकें, समिति के कार्य एवं शक्तियों, पंचायत समिति की स्थायी समितियां, निधि के स्रोत एवं प्रखंड पंचायत विकास योजना निर्माण आदि विषयों पर विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षक के रूप में बीपीआरओ एकता कुमारी, ट्रेनर प्रभाकर कुमार और डीपीआरसी सुजय कुमार मौजूद थे।

### किसानों के खेतों में 650 ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विभाग ने किया सर्वे

**भागलपुर**। बिजली कंपनी के पहला प्रोजेक्ट आरडीएसएस के बाद अब दूसरा प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री कृषि विद्युत समृद्धि योजना पार्ट टू शुरू करने की तैयारी में है। इसके लिए टेंडर हो चुका है। यह योजना 40 करोड़ का है। टेंडर मिश्री लाल एसोसिएट प्राइवेट लि. को मिला है। इस योजना के तहत हर खेत तक बिजली पहुंचानी है। इसको लेकर कृषि क्षेत्रों में सर्वे का काम चल रहा है। पीरपैंती, सुल्तानगंज, शाहकुंड, नवगछिया, कहलगांव, जगदीशपुर, बिहपुर, खरीक, सुल्तानगंज, अकबरनगर सबौर सहित अन्य प्रखंडों के गांवों में साढ़े छह सौ ट्रांसफार्मर लगाने के लिए सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेत में साढ़े आठ सौ ट्रांसफार्मर लगने हैं। इससे किसानों के खेतों में सीधा बिजली कनेक्शन जाएगा। किसानों को बिजली मिलने के बाद सिंचाई की कमी नहीं होगी। मिश्री लाल एसोसिएट प्राइवेट लि. के जीएम योगेश गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषि विद्युत समृद्धि योजना पार्ट टू के लिए सर्वे का काम शुरू है। एक सप्ताह के बाद कृषि क्षेत्रों में पोल, केबल, ट्रांसफार्मर सहित अन्य काम शुरू हो जाएंगे। खेतों में 81 ट्रांसफार्मर 63 केवीए के लगेंगे इस योजना के तहत साढ़े आठ सौ ट्रांसफार्मर में 81 ट्रांसफार्मर 63 केवीए के लगाये जाएंगे। इसके अलावा 769 ट्रांसफार्मर 25 केवीए के लगाये जाएंगे। वहीं खेतों में लाइन पहुंचाने के लिए 600 किलोमीटर एलटी केबल और 320 किलोमीटर 11 हजार केबल लगाये जाएंगे। बिजली कंपनी के अधीक्षण अभियंता रितु अभिषेक ने बताया कि जिला में 40 कृषि फीडर हैं। इसके अलावा एक नया कृषि फीडर बनाने की भी बात चल रही है।

# पत्नी को एसिड पिलाया, गला घोंटा फिर लाश नदी में फेंकी

## भागलपुर में वाइफ शादीशुदा मामी से अफेयर का करती थी विरोध, लाश की तलाश में पुलिस

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में 4 अगस्त को हुए शबनम हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने शबनम के पति मो. फैयाद (25) और उसकी प्रेमिका रीना खातून (30) को अरेस्ट किया है। रीना खातून रिश्ते में मो. फैयाद की मामी है। दोनों के बीच अवैध संबंध था, जिसका शबनम विरोध करती थी। इसको लेकर ही दोनों ने शबनम को जबरन एसिड पिलाकर उसकी गला घोंट कर हत्या कर दी और लाश कोसी नदी में फेंक दिया। मामला रंगरा थाना के जहांगीरपुर बैसी का है।

**मामी के साथ अवैध संबंधः** इस संबंध में SDPO ओम प्रकाश ने बताया कि शबनम खातून की शादी जहांगीरपुर बैसी में मो.फैयाज(25) के साथ 2 साल पहले हुई थी। फैयाज का अवैध संबंध अपनी शादीशुदा मामी रीना खातून के साथ था। शबनम खातून पति के अवैध संबंधों का विरोध करने लगी। इस बात को लेकर पति और रीना खातून उसके साथ अक्सर मारपीट होती थी।

**4 अगस्त को बेटी की हत्या की खबर मिलीः** 4 अगस्त को मृतक की मां समीमा खातून को जानकारी मिली कि उनकी बेटी शबनम खातून की दामाद और उसकी मामी ने मिलकर हत्या कर दी है। शव को गंगा नदी में फेंक दिया। इसके बाद समीमा खातून ने रंगरा थाना में केस दर्ज किया कराया। घटना की सूचना मिलने पर रंगरा थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई में जुट गई। तकनीकी अनुसंधान और साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल मो.फैयाज और रीना खातून को गिरफ्तार किया गया।

**टॉयलेट के पास पिलाया एसिडः** आरोपियों ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर लिया। आरोपी पति ने बताया कि शबनम खातून को 4 अगस्त की रात टॉयलेट के पास ले जाया गया। फिर दोनों ने मिलकर जबरदस्ती उसे पटक कर पहले टॉयलेट साफ करनेवाला एसिड पिलाया। इससे वह छटपटाने लगी, तो उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसे कोसी नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी के घर से एसिड का बोतल बरामद कर लिया है। वहीं शबनम खातून के शव की बरामदगी की कोशिश की जा रही है।

# 12 अगस्त तक प्रोन्नति की प्रक्रिया को पूरा करने का आश्वासन



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर मुंगेर विश्वविद्यालय में 80 शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया सिंडिकेट के अनुमोदन के बाद पूरी हो चुकी है। यह अधिसूचित भी हो चुका है। बावजूद तीन विषयों में करीब दर्जन भर शिक्षक प्रोन्नति में छूट गए हैं। जिनकी प्रोन्नति की प्रक्रिया को पूरा करवाने में मुंगेर विवि शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी समन्वय समिति सक्रिय हो गया है। मंगलवार को समन्वय समिति के संयोजक प्रो. देवराज सुमन एवं सह संयोजक प्रो. हरिश्चंद्र शाही ने कुलपति प्रो. श्यामा राय से मिलकर प्रोन्नति में छुटे शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया को पूरी करने की मांग की। संयोजक एवं सह संयोजक ने बताया कि समन्वय समिति के महत्वपूर्ण साथियों की आपस में चर्चा हुई थी कि छुटे हुए शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जरूरत हुई, तो आंदोलन भी किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सिंडिकेट में लिए गए निर्णयों पर अविलंब अमल किया जाना चाहिए। उन्होंने बाधाओं को दूर करते हुए बचे हुए शिक्षकों की प्रोन्नति की मांग की। इधर समन्वय समिति ने 80 शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण होने पर राजभवन एवं कुलपति दोनों का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि 3 अगस्त को विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह घोषणा की थी कि 12 अगस्त तक प्रोन्नति में छुटे शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बता दें कि तीन विषयों में राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं बंगला विषय के शिक्षक शामिल हैं। जिनकी संख्या करीब दर्जन भर है। बताया गया कि दो विषयों में प्रोन्नति की प्रक्रिया हेड एवं डीन के नहीं आने से प्रभावित हुई थी। इसके लिए दो-दो बार प्रयास किया गया। मगर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। उसी तरह बंगला विषय में भी प्रभारी के हस्ताक्षर से संबंधित कुछ तकनीकी अड़चन के सामने आने से प्रोन्नति छुट गई।

## ससुर पर छेड़खानी का लगाया आरोप, पिछले माह ही हुई थी महिला की शादी



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में महिला ने अपने ससुर पर गंदी नजर रखने का आरोप लगाया है। उसने अपने पति के साथ थाने में शिकायत की है। आरोपी ने गलत करने का भी प्रयास किया था, पर उसकी करतूत परिवार वालों के सामने आ गई। मामला जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने कहा कि मेरी शादी पिछले माह 13 जुलाई को हुई। तब मैं घर में अकेली रहती थी। इसी दौरान ससुर ने गलत करने का प्रयास किया। वे गहने दिलाने का लालच देते थे। कई बार इसकी शिकायत मैंने अपने पति से की, लेकिन पति मानने को राजी नहीं हुए। रविवार सुबह भी ऐसा ही हुआ। मेरे साथ गलत करने की कोशिश की। इसी बीच मेरे पति आ गए और उन्हें सब कुछ पता चल गया। पीड़िता ने कहा कि बेटे को देख पिता भागने की कोशिश करने लगे। तभी उन्हें खदेड़कर बेटे ने पकड़ लिया और ग्रामीणों को बुलाया। गांव में इसको लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा भी हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने ससुर की जमकर पिटाई की। इसी बीच सूचना पाकर नाथनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### भागलपुर में लूटपाट करने वाला 4 बदमाश गिरफ्तार

**भागलपुर**। भागलपुर के औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के बाइपास के पास बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने 4 अगस्त की रात को लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। एक व्यक्ति से बदमाशों ने 2500 रुपए और मोबाइल लूट कर फरार हो गया था। मामले के खुलासा के लिए SSP के निर्देश पर सिटी एसपी के निगरानी में और विधि व्यवस्था DSP के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटी गई 2500 रुपए के साथ 4 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर विधि व्यवस्था DSP चंद्रभूषण ने बताया कि 4 अगस्त की देर रात औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना क्षेत्र के बाईपास के पास बाइक सवार अपराधियों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने एक व्यक्ति से 2500 रुपए और मोबाइल लूट ली थी। SSP के निर्देश पर DSP के नेतृत्व में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई।

## जिले में फिर मिला डेंगू संदिग्ध एक मरीज प्लेटलेट्स 32 हजार

निज संवाददाता। मुंगेर

जिले में डेंगू के संक्रमण की संभावना धीरे-धीरे बढ़ रही है। सदर अस्पताल में मंगलवार को भी मुंगेर के एक डेंगू संभावित एनएस-1 पॉजिटिव मरीज का एलाइजा जांच किया गया है। जिसका रिर्पोट बुधवार को मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही उसके डेंगू मरीज होने की पुष्टि होगी। सदर अस्पताल में सोमवार की देर रात बेकापुर निवासी रितेश वर्मा के 16 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार को इलाज के लिए भर्ती किया गया। वह डेंगू संभावित एनएस-1 जांच में पॉजिटिव पाया गया है। जबकि उसका प्लेटलेट्स भी 32 हजार है। हालांकि मंगलवार को अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रमन कुमार द्वारा डेंगू के संभावित मरीज का जांच किया गया और उसे एलाइजा जांच के लिए निर्देशित किया गया। अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि युवक का एलाइजा जांच किया गया है, जो एनएस-1 जांच में पॉजिटिव पाया गया है। बुधवार को रिर्पोट आने के बाद ही युवक के कंफर्म डेंगू होने या नहीं होने की पुष्टि हो पायेगी। हालांकि संभावित मरीज को डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि इससे पहले निजी जांच केंद्र के रिर्पोट में खगड़िया जिले के सोनडीहा महद्दीपुर गांव निवासी शंभू यादव की 18 वर्षीय पुत्री कोमल कुमारी एनएस-1 पॉजिटिव पायी गयी थी।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू**
**(समाज कल्याण शाखा)(जिला बाल संरक्षण इकाई)**
**Email ID – dcpspalamu2024@gmail.com (Office-06562-299971)**

**सूचना**

पलामू जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में संविदा आधारित रिक्त पदों पर प्रारम्भिक मेघा सूची का प्रकाशन विभिन्न समाचार पत्रो एवं NIC, Palamu पर अपलोड किया गया था। सूची प्रकाशन के पश्चात् कुल 08 पदों के लिए पदवार मेघा सूची क्रमांक 01 से 05 तैयार किया गया है। आउटरिच वर्कर एवं सोशल वर्कर में दो–दो पद होने के कारण आरक्षण रोस्टर के अनुसार 01 पद अनारक्षित और 01 पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। सभी पदो के लिए पदवार क्रम 01 से 05 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण की जाँच उप विकास आयुक्त सभागार में होगी। साक्षात्कार एवं कम्प्यूटर टंकण जाँच परीक्षा हेतु सूची NIC, Palamu पर अपलोड किया गया है। विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट Palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू

PR 332082 District(24-25).D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक– 3060 दिनांक– 03.08.2023 के निदेशानुसार विज्ञापन सं0– JBAV/01/2023 के आलोक में जिले के 3 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय– बरडीहा, केतार एवं डंडा में रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्णयतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से दिनांक 15.12.2023 तक प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रविष्टि के पश्चात् जिला चयन समिति के दिनांक– 18.01.2024 की बैठक के उपरान्त राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक– 1072 दिनांक–20.03.2024 के परिप्रेक्ष्य में उपायुक्त महोदय द्वारा प्राप्त संचिकीय आदेश के तहत् 6–8 के विज्ञापन को रद्द करते हुए 9–12 की नियुक्ति प्रक्रिया को आगे बढ़ाये जाने के निमित् 9–12 कोटि के पूर्णकालिक शिक्षिकाओं के विषयवार प्रविष्टि किये गए आवेदनों तथा अस्वीकृत आवेदनों का डाटाबेस जिले के आधिकारिक बेवसाईट www.garhwa.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। अगर किसी अभ्यर्थी को प्रकाशित डाटाबेस में कोई आपत्ति दर्ज करानी हो तो वे दिनांक 17/08/2024 के सायं 5:00 बजे तक कार्यालय–**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा, विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम–तल पिन कोड– 822114** में साक्ष्य के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। टंकनीय भूल के अलावा कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा, तथा आवेदन के साथ उपलब्ध कराये गये दस्तावेज के अतिरिक्त आपत्ति के समय प्रस्तुत कोई भी नया दस्तावेज या दावा मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि के समाप्ति के पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 332133 (Human Resource Developement) 24-25 (D)



**MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA**

**Very Short e-Procurement re- Tender Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-03/2024-25 Date- 07.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of publication of Tender on website | 12.08.2024 at 2.00 pm |
| 2. | Last date/Time for submission of e- Tender bids online | 17.08.2024 upto 5.00 pm |
| 3. | Last date of online submission of Tender fee & EMD | 17.08.2024 upto 5.00 pm |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 21.08.2024 at 2.00 pm |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra. |
| 6. | Contact no. of Procurement officer | 9835148687 |
| 7. | E-mail of e-procurement Officer | eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2214784 |

| Sl No. | Group No. | Name of Scheme | Estimated Cost (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Renovation of Nawa M.I. Scheme, Village Ektara, Block-Mayurhand, Dist.-Chatra | 9017100.00 | 11 Months |

Note :- 1. Only e-Tenders will be accepted.
2. Tender Fee and EMD will be received through online mode only, Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender Fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from https://jharkhandtenders.gov.in portal.
3. Refund will only be issued to originated bank account used for the payment of Tender Fee and EMD, so, Bidder are advised NOT to close Bank Accounts used for online payment /(NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
4. No Hard copy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/valuation, However, Department may ask original document for verification before award of contract.
5. Estimated value may change.
6. Further details can be seen on website https://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Chatra

PR 332127 Minor Irrigation(24-25).D


### मनीष प्रसाद बने नए सिटी मैनेजर

**मुंगेर**। नगर निगम में नए सिटी मैनेजर के रूप में मनीष प्रसाद ने योगदान दिया है। नगर आयुक्त निखिल धनराज के समक्ष नए सिटी मैनेजर ने योगदान किया। नगर विकास व आवास विभाग के द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार तात्कालीन सिटी मैनेजर अवध किशोर सिंह का तबादला अररिया जिला कर दिया है। अब नगर निगम में दो सिटी मैनेजर मनीष प्रसाद और एहतेशाम हुसैन है।

### सीएस की गठित टीम ने 36 दारोगा अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच की

**मुंगेर**। पुलिस अवर निरीक्षक पद के लिए चयनित जिले के 36 अभ्यर्थियों का मेडिकल जांच मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में गठित मेडिकल बोर्ड के समक्ष किया गया। सिविल सर्जन डा. विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गठित बोर्ड में फिजिशियन डा. राम प्रवेश प्रसाद, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. निरंजन कुमार और नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. रईस ने दारोगा अभ्यर्थियों की बारी-बारी से जांच की। तीनों विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अभ्यर्थियों का फिटनेस जांच करते हुए प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र मिलने के बाद सभी अभ्यर्थी डीआईजी कार्यालय में योगदान देंगे।

## गंगा वार्निंग लेवल से एक मीटर नीचे, शक्तिपीठ चंडिका स्थान गंगा मैया के मिलाप की संभावना

निज संवाददाता। मुंगेर

गंगा के जल सतर में पिछले एक सप्ताह से लगातार वृद्धि हो रही थी और सोमवार को दिनभर स्थिर रहने के बाद शाम से फिर गंगा का जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। जबकि आपदा विभाग के मुताबिक मंगलवार को जो आंकड़ा जारी किया गया, उसमें पटना के दिग्घा घाट और गांधी घाट के अलावा हाथीदह में गंगा वार्निंग लेबल को पार कर डेंजर लेबल के करीब पहुंच गया है। जिस कारण मुंगेर में भी इस बार संभावना जताया जा रहा है कि इस बार वार्निंग लेबल को पार कर जाएगा। हालांकि जिले में एक मान्यता है कि गंगा मइया प्रत्येक वर्ष शक्तिपीठ चंडिका महारानी से मिलाप करने आती हैं, जिसके बाद गंगा वापस घटने लगती है। जिले में अभी गंगा का जलस्तर 37.23 मीटर है, जो वार्निंग लेबल 38.33 से लगभग 1 मीटर नीचे बह रही है। जबकि डेंजर लेबल 39.33 से मात्र 2.1 मीटर गंगा नीचे है। गंगा का जल स्तर में बढ़ोतरी होने के बाद सोझी घाट स्थित डॉल्फिन पार्क के उपरी सतह के समीप पानी का लेबल पहुंच गया है। अगर गंगा के बढ़ने का रफ्तार यूं ही जारी रहा तो बुधवार की शाम तक डॉल्फिन पार्क में आम लोगों के प्रवेश पर रोक लग सकती है। डीएफओ ने बताया कि जांच करने के लिए आदेश दे दिया गया है, हमलोग अलर्ट हैं।



# मुजफ्फरपुर में महिला शराब धंधेबाज गिरफ्तार

## 5 सालों से सब्जी की दुकान पर बिक्री करती थी, छापेमारी कर जब्त की शराब



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में शातिर महिला शराब धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुआ है। शातिर महिला धंधेबाज पिछले 5 साल से सब्जी की दुकान में शराब की बिक्री करती थी। दरअसल, मुजफ्फरपुर मध निषेध की पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की अहियापुर थाना के शेखपुर ढाब के एक इलाके में एक महिला शराब का कारोबार में काफी सक्रिय है।सूचना के आधार पर दरोगा सोनी महिवाल के नेतृत्व में एक टीम ने महिला के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान महिला के बेड के नीचे से प्रतिबंधित शराब की कई कार्टून बरामद किया गया।

इसके बाद पुलिस टीम ने शराब को जब्त करते हुए महिला को पकड़ा। थाना पर पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वो पिछले 5 सालों से सब्जी बेचने के नाम पर शराब का कारोबार करती थी। गिरफ्तार महिला कारोबारी की पहचान मुन्नी देवी के रूप में हुई है। मध्य निषेध थाना की पुलिस तुरंत कार्रवाई में जुटी हुई है।

इंस्पेक्टर शिवेंद्र कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान महिला के घर से 173 लीटर शराब बरामद किया है। महिला सब्जी कारोबारी है। इसके आड़ में शराब की बिक्री करती थी। इन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कपड़ा दुकानदार को गोली मारने वाले मामले में प्राथमिकी

## शॉप बंद कर बड़े भाई के साथ लौट रहा था घर, पीछा कर बाइक रुकवाई...फिर मारी गोली

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के सिकरहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत फतेहपुर-रामनगर मार्ग पर सिकरौल पुल के पास सोमवार की रात कपड़ा दुकानदार सुनील सिंह को लूटपाट के दौरान गोली मारे जाने में संलिप्त अपराधी फतेहपुर बाजार की ओर से ही पीछे लगे थे। इस दौरान ओवरटेक कर पहले गाड़ी रोकी थी। फिर लूटपाट किए थे। इसके बाद रेडीमेड कपड़ा दुकानदार को गोली मार दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद फिर फतेहपुर की ओर भाग गए थे। इसे लेकर घायल दुकानदार ने दो अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इधर, आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में प्रसिद्ध सर्जन



डा. विकास सिंह ने गोली से जख्मी कपड़ा दुकानदार का सफल आपरेशन कर उनकी जान बचायी। इधर, सर्जन चिकित्सक विकास सिंह ने बताया कि जख्मी दुकानदार को गोली सीने के बीचो-बीच पर लगी थी, जो पेट के निचले हिस्से में जाकर फंस गई थी। गोली लगने के कारण दुकानदार का लीवर,छोटी एवं बड़ी आंत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। आपरेशन कर फंसे बुलेट को निकाल दिया गया है और तीनों क्षतिग्रस्त पार्ट की बाईपास सर्जरी भी कर दी गई है। अभी मरीज की स्थिति बिल्कुल ठीक है। हालांकि, अभी निगरानी में ही रखा गया है। जानकारी के अनुसार जख्मी दुकानदार सिकरहटा थाना क्षेत्र के पटखौली गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के 35 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार है। बता दें कि सिकरहटा थाना क्षेत्र के फतेहपुर रामनगर नहर मार्ग पर सिकरौल पुल के समीप सोमवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने पहले गाली देते हुए दुकानदार की बाइक रूकवाई थी। इसके बाद सोने का लाकेट व दस हजार नकदी छीन उन्हें गोली मार दी थी। हालांकि, सीएसपी संचालक भाई राजेश का नकदी बच गया है। पहले घायल को पीरो पीएसची में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल,आरा लाया गया था। हालांकि, डाक्टर ने स्थिति को देखकर पीएमसीएच,पटना रेफर कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी ने शिवभक्तों को पिलाया शर्बत

**पूर्णिया, एजेंसी।** सावन माह के पवित्र दिन पर विश्व हिन्दू परिषद् के महिलाओं का आयाम मातृ शक्ति और युवतियों का आयाम दुर्गा वाहिनी अमौर द्वारा शिव दुर्गा मंदिर प्रांगण में शिविर लगाकर शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं को शर्बत और नींबू पानी श्रद्धा-भक्ति भाव से पिलाया गया। सेवा शिविर का आयोजन अमौर मातृशक्ति शक्ति नगर संयोजिका बेबी देवी एवं अमौर प्रखंड उपाध्यक्ष सोनी चौधरी के नेतृत्व में किया गया। अमौर की नारी शक्तियों ने पहली बार सामूहिक रूप से इतने बड़े आयोजन कर हजारों श्रद्धालु और शिवभक्तों को शर्बत और नींबू पानी अपने हाथों से पिलाया। सेवा शिविर को सफल बनाने में मातृ शक्ति पदाधिकारी और सदस्या सोनी चौधरी, बेबी देवी, रानी देवी, खुश्बू देवी,हेमंती देवी, प्रतीमा राय, अंजलि गुप्ता,जसीका चौधरी, कल्पना देवी, राजेश्वरी देवी, गुड़िया देवी,पुनम देवी, मधु देवी, सुनिता देवी,रींकी देवी, पार्वती देवी,छेमा देवी, नीलम देवी, दुर्गा वाहिनी की ज्योति कुमारी आदि का योगदान रहा।

### हाटी पंचायत के कठुआर गांव में कटाव हुआ तेज

**सहरसा, एजेंसी।** कोसी नदी के जलस्तर में कमी के बावजूद हाटी पंचायत के कठुआर गांव में कटाव की रफ्तार तेज हो गई है। कटाव के कारण गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा हैं। बीते तीन दिनों से जारी कोसी के तेज कटाव में दर्जनों एकड़ फसल लगी खेत फसल कोसी नदी में विलीन हो गया है। हाटी पंचायत के वार्ड नं. 6 एवं 7 में भीषण कटाव से बचाव को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा पेड़ काटकर झाड़ियों से बचाव का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन कटनिया के रफ्तार में कोई बदलाव नहीं आ रहा है। दो साल पहले भी कोसी नदी की तेज कटाव की जद में आने से पांच दर्जन से अधिक परिवारों को गांव से विस्थापित होना पड़ा था। इस वर्ष भी कोसी नदी के कटाव से पूरे गांव के विस्थापित होने का भय सताने लगा है। कटाव के मुहाने पर घर बनाकर रह रहे मौली यादव, भीम यादव, तेतर मंडल, विजय यादव, भागवत मुखिया, विनोद यादव सहित अन्य लोगों ने जिला प्रशासन से गांव के कटाव से बचाव को लेकर ग्राम सुरक्षा कार्य करने की मांग की है। उप प्रमुख प्रतिनिधि चंद्र किशोर यादव, पंसस राकेश कुमार मंडल, जीतु यादव सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कटाव से बचाव को लेकर तत्काल प्रभाव से बचाव कार्य शुरू करने की मांग जल संसाधन विभाग के अभियंता से की है।

### मेला में डांस को लेकर ऑडिशन 25 को

**सहरसा, एजेंसी।** क्षेत्रीय युवाओं के प्रतिभाओं को निखारने के लिए बनगांव में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेला में 26 अगस्त को डांस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मेला समिति अध्यक्ष अमित कुमार झा एवं मनोरंजन कुमार खां के अनुसार इसमें भाग लेने बाले प्रतिभागियों का मुफ्त में निबंधन किया जा रहा है। सभी प्रतिभागी का ऑडीशन 25 अगस्त को स्थानीय बाबाजी कुटी परिसर में आयोजित की जाएगी। सफल तीन प्रतिभागियों को क्रमशः दस हजार, साढ़े सात हजार एवं पांच हजार रुपए दे पुरस्कृत किया जाएगा। डांस प्रतियोगिता आयोजित किए जाने से युवाओं में उत्साह ब्याप्त है।

### पुलिस को चकमा देकर कोर्ट से भाग घर पहुंचा बेटा, मां खुद ले आई जज के पास

**गया, एजेंसी।** गया जिले के डेल्हा थाना के फायरिंग मामले में गया केंद्रीय कारा विचाराधीन बंदी साहिल पासवान मंगलवार को पेशी के लिए एडीजे-04 के न्यायालय जाने के क्रम में फरार हो गया और कोतवाली थाना क्षेत्र के बगला स्थान पहसी मोहल्ला स्थित अपने घर पहुंच गया। घर पर बेटा को देखकर मां भौचक रह गई। बेटा को तत्काल मां ने फरारी के एक घंटे के अंदर एडीजे-04 के समक्ष प्रस्तुत करा दी। फरार विचाराधीन बंदी के वापस लौटने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। विचारधीन बंदी को न्यायालय द्वारा पुन गया केंद्रीय कारा भेज दिया गया। एएसपी नगर पीएन साहू ने बताया कि साहिल पासवान बीते दो माह से डेल्हा में फायरिंग एवं अन्य अपराधिक मामले में गया केंद्रीय कारा में बंद था। मंगलवार को उसे पेशी के लिए लाया गया था। उस बंदी के साथ पांच अन्य बंदी भी थे। इन्हें हवलदार भागलाल यादव सहित पांच जवान कोर्ट के हाजत से एडीजे-04 के न्यायालय में लाया। हवलदार ने सभी बंदियों को कोर्ट रूम में रखा। इसी दौरान साहिल पासवान ने पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गया। कोर्ट से फरार होने की सूचना पर अफरातफरी मच गई।

# सिपाही भर्ती परीक्षा से पहले फर्जी आंसर शीट मिली, सॉल्वर गैंग के मास्टरमाइंड समेत 10 गिरफ्तार



## खगड़िया के मैरिज हॉल में कैंडिडेट्स को रखा था

**पटना, एजेंसी।** बिहार में आज 38 जिलों में 545 सेंटर्स पर पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा ली जा रही है। करीब 18 लाख कैंडिडेट्स इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगी। परीक्षा से पहले खगड़िया में फर्जी आंसर शीट और प्रश्न पत्र मिले हैं। मंगलवार की देर रात पुलिस टीम ने छापेमारी कर सॉल्वर गैंग के मास्टरमाइंड सहित 10 लोगों को पकड़ा है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि सॉल्वर गैंग 90 कैंडिडेट्स को एक मैरिज हॉल में इकट्?ठा कर ओएमआर शीट पर प्रश्न सॉल्व करवा रहा है। मास्टरमाइंड परबत्ता प्रखंड के नयागांव का रहने वाला है। आरोपी दिवाकर कुमार ने परीक्षार्थियों से एक-एक लाख रुपए लिए थे। सभी कैंडिडेट्स को प्रश्नपत्र देने की बात कही गई थी। पुलिस ने मैरिज हॉल से पकड़े गए सभी परीक्षार्थियों का सत्यापन कर परीक्षा में शामिल होने के लिए छोड़ दिया है। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। खगड़िया के एसपी चंदन कुमार कुशवाहा आज इसे लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे। परबत्ता पुलिस को मौके पर से परीक्षा से जुड़े फर्जी ओएमआर सीट सहित कई प्रश्नपत्र भी मिले हैं।

### 38 जिलों में बनाए गए 545 सेंटर

बता दें कि परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। इसके लिए 38 जिलों में 545 सेंटर बनाए गए हैं। पटना के परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी पहुंचने लगे हैं। टीपीएस कॉलेज के बाहर बड़ी संख्या में परीक्षा देने के लिए अभ्यर्थी आ गए हैं। इस सेंटर पर पुरुष अभ्यर्थियों के साथ महिला अभ्यर्थियों की भी संख्या काफी है। केंद्र पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भारी संख्या में फोर्स की तैनाती की गई है। वहीं, बोरिंग रोड स्थित एएन कॉलेज सेंटर पर भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पहुंचे हैं। परीक्षा 7, 11, 18,21, 25 और 28 अगस्त को होगी। एक ही शिफ्ट में दोपहर 12:00 से लेकर 2:00 तक परीक्षा ली जाएगी। 21,391 खाली पदों पर योग्य उम्मीदवारों की भर्तियां की जाएगी। इसके लिए लगभग 17 लाख 87 हजार 720 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। चयन पर्षद की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन एग्जाम सेंटर पर सभी अभ्यर्थियों को अनिवार्य रूप से करना होगा। स्थानीय पुलिस की ओर से कोंचिंग सेंटर, हॉस्टल, लॉज आदि की निगरानी पहले से ही की जा रही है।

# अब अस्पतालों में मिलेंगी आयुर्वेदिक होमियोपैथिक और यूनानी दवाइयां

**पटना, एजेंसी।** राज्यभर के अस्पतालों में तैनात आयुष चिकित्सक जल्द ही आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक और यूनानी दवाइयां भी मरीजों को लिख सकेंगे। अगले डेढ़ से दो महीने में राज्यभर के पीएचसी, यूपीएचसी, आयुष हेल्थस एंड वेलनेस सेंटर समेत सभी अस्पतालों में आयुर्वेदिक, यूनानी, होमियोपैथिक दवाइयों की खेप पहुंच जाएगी। राज्य आयुष समिति द्वारा कुल 250 प्रकार की दवाइयों की सूची बनाई गई है। इनमें 50 पेटेंटेड दवाइयां भी शामिल हैं। आयुष समिति के नोडल पदाधिकारी डॉ. धनंजय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के मानक के अनुसार ही इन दवाइयों की सूची तैयार की गई है। ये सभी दवाइयां जरूरी औषधि सूची(एसेंशियल ड्रग लिस्ट) में शामिल हैं। इसमें चूर्ण, वटी, मलहम, आईड्रॉप, तेल, आसव, अवलेह आदि शामिल हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी की 222 प्रकार और होम्योपैथिक की 200 प्रकार की दवाइयों की भी सूची आयुष समिति द्वारा तैयार की गई है। डॉ. धनंजय शर्मा ने बताया कि दवाइयों की मंजूरी के लिए स्वास्थ्य विभाग



को भेजा गया है। अगले एक सप्ताह में विभाग से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद दवाइयों की आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाएगी। उसके बाद चयनित एजेंसी द्वारा दवाइयों की आपूर्ति की जाएगी। पूरी प्रक्रिया में लगभग 40 से 45 दिन लग जाएंगे। बताया कि दवाइयों में क्षेत्र विशेष में किसी विशेष बीमारी के लिए भी अलग से दवाइयां भेजी जाएंगी। जिस क्षेत्र में जिस बीमारी की दवा की मांग होगी, उस क्षेत्र में उसकी दवा मांग के अनुसार आपूर्ति की जाएगी।

### जिला देसी चिकित्सा पदाधिकारी फिलहाल बाजार से ले सकते हैं दवा

राज्य आयुष समिति द्वारा सभी जिले में तैनात जिला देसी चिकित्सा पदाधिकारी को जरूरत के अनुसार दवाइयां खरीदने के अधिकार दिए गए हैं। इसके लिए उन्हें राशि भी भेजी गई है। डॉ. धनंजय शर्मा ने बताया कि अस्पतालों में जरूरत के अनुसार ये अधिकारी दवा की खरीद स्थानीय जरूरत के अनुसार कर सकते हैं।

# बिहार में पुरुषों में स्तन कैंसर के मामले बढ़े, डॉक्टरों ने बताया- क्या है वजह और लक्षण

**पटना, एजेंसी।** अब पुरुषों को भी स्तन कैंसर सताने लगा है। एकाध दशक तक पूर्वी बिहार, कोसी-सीमांचल के जिलों में पुरुषों में स्तन कैंसर के मामले मिलते ही नहीं थे, लेकिन हाल के दिनों में इसके मामले तेजी से मिलने लगे हैं। हालांकि महिलाओं की तुलना में पुरुषों में मिल रहा स्तन कैंसर का मामला बहुत ही कम है, लेकिन इसकी बढ़ती रफ्तार से चिकित्सक भी चिंतित हैं और पुरुषों में स्तन कैंसर बढ़ने की वजह पुरुषों में हो रहे हार्मोनल बदलाव को जिम्मेदार बता रहे हैं। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (मायागंज अस्पताल) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार बताते हैं कि पांच साल पहले तक जिले में पुरुषों के स्तन कैंसर के मामले तकरीबन न के बराबर मिलते थे। लेकिन साल 2022 व 2023 में जहां एक व दो मामले तो वहीं इस साल यानी साल 2024 में अब तक (जुलाई तक) तीन मामले मिल चुके हैं।

इनमें से एक मरीज तिलकामांझी, दूसरा मधेपुरा तो तीसरा किशनगंज जिले का है। बड़ी बात ये कि इनकी उम्र 40 से लेकर 55 साल के बीच रही। किशनगंज जिले में रहने वाले कारोबारी कुछ दिनों से छाती की चमड़ी में लालपन से परेशान थे। वे जेएलएनएमसीएच में इलाज व जांच को पहुंचे। वहीं तिलकामांझी निवासी बैंककर्मी के ब्रेस्ट के आसपास चमड़ी में लालपन आ रहा था। डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने कुछ दवा दी, बाद में सूजन आ गई। उनकी सोनोग्राफी व बायोप्सी की गई तो पता चला कि ब्रेस्ट कैंसर है। परिवार में पहले किसी को भी किसी भी टाइप का कैंसर नहीं हुआ। वहीं मधेपुरा जिला निवासी 43 वर्षीय युवक को छह माह पहले स्तन में गांठ जैसा महसूस हुआ और उसे लगातार खुजाने को उनका मन हो रहा था। कुछ दिन में उसे खुजाने पर पानी जैसा निकलने लगा तो डॉक्टर को दिखाया, जहां जांच में वे ब्रेस्ट कैंसर के मरीज मिले।

### ब्रेस्ट कैंसर की क्या वजह

असिस्टेंट प्रोफेसर. डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि ब्रेस्ट कैंसर के मामले अब पुरुषों में भी सामने आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण हार्मोनल असमानता है। इसे नजरंदाज करने के बजाय विशेषज्ञ की राय लेकर जांच करवाएं। चूंकि पुरुषों के ऊतक में ज्यादा फैट नहीं होता, इसलिए उनमें ब्रेस्ट कैंसर तेजी से बढ़ता है। इसे सर्जरी कर जड़ से खत्म किया जाता है। बकौल डॉ. पंकज, आमतौर पर पुरुषों में 40-45 साल बाद ब्रेस्ट कैंसर की समस्या सामने आ रही है।

महिलाओं में कम उम्र में यह जल्द खतरनाक स्थिति में पहुंच जाता है। पुरुषों में कम उम्र वाले को ब्रेस्ट कैंसर तेजी से नहीं फैलता, ज्यादा उम्र वालों में फैलता है। वहीं अगर समय पर इलाज न कराया जाए तो ये ब्रेस्ट से बढ़कर शरीर के अन्य अंगों को कैंसर की जद में ला सकता है। वहीं महिलाओं की तुलना में पुरुषों में होने वाला स्तन कैंसर का रिकवरी रेट महज एक प्रतिशत है। ऐसे में इसका लक्षण दिखे या आशंका हो तो तुरंत चिकित्सक से मिलकर इलाज करा लें।

# भोजपुर में फायर ब्रिगेड के दरोगा की मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव में मंगलवार को संदेहास्पद स्थिति में फायर ब्रिगेड पुलिस के एक दरोगा की मौत हो गई। ऑन ड्यूटी तबीयत खराब होने पर घर लाया गया। इसके बाद डॉक्टर को दिखाने ले जाने वक्त उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के होरिल छपरा गांव निवासी स्व.महाजन पासवान के बेटे रामेश्वर पासवान(54) है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव में अपना मकान बनाकर रहते थे।



रामेश्वर पासवान फायर ब्रिगेड में दरोगा के पद पर थे। वर्तमान में पटना जिला के पटना सिटी में कार्यरत थे। इधर, मृतक के बेटे शैलेंद्र कुमार ने बताया कि करीब साढ़े 3 साल पहले उन्हें पैरालिसिस (लकवा) मार दिया था। इसके कारण वह बीमार चल रहे थे। उनका इलाज भी चल रहा था। वह घर पर ही थे। तभी उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई, इससे उनकी मौत हो गई।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा :** हालांकि, परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उन्हें आरा सदर अस्पताल लेकर आए थे। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया।

**मृतक के घर में कोहराम :** बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी आशा देवी और 4 बेटे मुन्ना पासवान, मुकेश पासवान, शैलेंद्र पासवान, मन्नू पासवान और 1 बेटी सरिता देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी आशा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# पत्नी को एसिड पिलाया..गला घोंटा फिर लाश नदी में फेंकी

**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में पति ने मामी के साथ अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी की हत्या कर दी। मो.फैयाज(25) ने पहले जबरन पत्नी को एसिड पिलाई उसके बाद गला घोंटकर मार डाला। वारदात को छिपाने के लिए अपनी प्रेमिका रीना खातून(30) के साथ मिलकर फैयाज ने पत्नी की लाश को कोसी नदी में फेंक दिया। 4 अगस्त को मृतक शबनम के घर वालों की बेटी की हत्या की जानकारी मिली। उसके बाद केस दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मामला रंगरा थाना के जहांगीरपुर बैसी का है। पुलिस ने इस मामले मंगलवार को मो.फैयाज और रीना खातून को अरेस्ट कर लिया है।

### मामी के साथ अवैध संबंध

इस संबंध में एसडीपीओ ओम प्रकाश ने बताया कि शबनम खातून की शादी जहांगीरपुर बैसी में मो.फैयाज(25) के साथ 2 साल पहले हुई थी। फैयाज का अवैध संबंध अपनी शादीशुदा मामी रीना खातून के साथ था। शबनम खातून पति के अवैध संबंधों का विरोध करने लगी। इस बात को लेकर पति और रीना खातून उसके साथ अक्सर मारपीट होती थी।

### 4 अगस्त को बेटी की हत्या की खबर मिली

4 अगस्त को मृतक की मां समीमा खातून को जानकारी मिली कि उनकी बेटी शबनम खातून की दामाद और उसकी मामी ने मिलकर हत्या कर दी है। शव को गंगा नदी में फेंक दिया। इसके बाद समीमा खातून ने रंगरा थाना में केस दर्ज किया कराया। घटना की सूचना मिलने पर रंगरा थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई में जुट गई। तकनीकी अनुसंधान और साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल मो.फैयाज और रीना खातून को गिरफ्तार किया गया।

**टॉयलेट के पास पिलाया एसिड :** आरोपियों ने पूछताछ में अपना गुनाह कबूल कर



लिया। आरोपी पति ने बताया कि शबनम खातून को 4 अगस्त की रात टॉयलेट के पास ले जाया गया। फिर दोनों ने मिलकर जबरदस्ती उसे पटक कर पहले टॉयलेट साफ करनेवाला एसिड पिलाया। इससे वह छटपटाने लगी, तो उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। फिर लाश को ठिकाने लगाने के लिए उसे कोसी नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी के घर से एसिड का बोतल बरामद कर लिया है। वहीं शबनम खातून के शव की बरामदगी की कोशिश की जा रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# 10 दिन में एक ही परिवार में चौथी मौत, बीमारी से डॉक्टर भी हैरान

**गोड्डा, एजेंसी।** झारखंड के गोड्डा में 10 दिनों के भीतर एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। चारों को सिर, पेट में दर्द और बुखार था। लेकिन, अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि सभी की मौत किन कारण से हुई है। ऐसे में डॉक्टरों को भी आश्चर्य हो रहा है कि आखिर मलेरिया सिर्फ चार लोगों को कैसे हुआ। क्योंकि परिवार के अन्य तीन सदस्य एवं ग्रामीणों की जब आरडीटी टेस्ट की गई तो सभी नेगिटिव मिले। यह पोड़ैयाहाट प्रखंड की घटना है।

दरअसल, सलगाटांड़ गांव में संदिग्ध बीमारी से मंगलवार को 13 वर्षीय गीता कुमारी की मौत हो गई। गीता की तबीयत खराब होने पर उसे मर्सी हॉस्पिटल पोड़ैयाहाट ले जाया गया था। जहां जांच में मलेरिया से पीड़ित बताया गया और डॉक्टरों जवाब दे दिया। इसके बाद घर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पिछले 10 दिनों के अंदर एक ही परिवार की मां, दो पुत्री और एक भतीजी की मौत हो चुकी है।

**10 दिन में एक ही परिवार में चौथी मौतः** मृतकों में चालीस वर्षीय उर्मिला देवी, 11 वर्षीय उमा कुमारी, 13 वर्षीय गीता कुमारी और भतीजी 12 वर्षीय मालती कुमारी शामिल



है। इस तरह से लगातार हुई घटना के कारण पूरे गांव सदमे में है। लोगों में दहशत है। घटना की जानकारी मिलते ही पोड़ैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य टीम गांव में कैंप कर रही है।

**सभी में एक जैसा लक्षणः** घटना के संबंध में बताया जाता है कि सलगाटांड़ गांव के गोपी सिंह की पत्नी 40 वर्षीय उर्मिला देवी की तबीयत खराब होने पर उन्हें बिहार के बौंसी इलाज के लिए ले जाया गया था। वहां इलाज के बाद देवघर रेफर कर दिया गया। देवघर में भी इलाज के बाद उन्हें एम्स रेफर किया गया। 29 जुलाई को उनकी मौत हो गई। उसके बाद उर्मिला देवी की भतीजी व जदवी सिंह की 12 वर्षीय पुत्री मालती कुमारी की तबीयत खराब हुई और 2 अगस्त को मौत हो गई। 4 अगस्त को 11 वर्षीय उमा कुमारी की तबीयत खराब होने से उसकी मौत हो गई। वहीं, मंगलवार को 13 वर्षीय गीता कुमारी की मौत हो गई। सभी में एक ही सामान्य लक्षण बताया गया। सभी के सिर, पेट में दर्द और बुखार था। स्वास्थ्य टीम पूरे गांव में कैंप कर जांच कर रही है। लेकिन, अब तक यह पता नहीं चल पाया है कि चार लोगों मौत किन कारण से हुई है।

**डॉक्टर भी हैरानः** परिवार के अन्य तीन सदस्य एवं ग्रामीणों की जब आरडीटी टेस्ट की गई तो सभी नेगेटिव मिले। ऐसे में डॉक्टरों को भी आश्चर्य हो रहा है कि आखिर मलेरिया सिर्फ चार लोगों को कैसे हुआ। हालांकि स्लाइवा लिया गया है। जिसकी प्रयोग प्रयोगशाला में जांच की जाएगी। तभी इस बात की पुष्टि हो पायेगी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सहिया बीमारी को त्वरित संज्ञान में लेती तो सभी की जान बच सकती थी।

इस संबंध में बताया जाता है कि सहिया ने पूरे मामले की जानकारी अपने तक ही सीमित रखी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ साझा नहीं की। लोगों ने बताया कि दूसरी मौत के बाद अगर स्वास्थ्य केंद्र को इस बात की जानकारी दी जाती है तो अन्य दोनो की जान बचाई जा सकती थी।

## गरीब रथ की बोगियों में होने जा रहा बड़ा बदलाव, यात्रियों की पुरानी परेशानी हो जाएगी दूर

**रांची, एजेंसी।** अब रांची से दिल्ली से जाने वाली गरीब रथ की बोगियां बदली जाएंगी। रांची रेल मंडल ने भी मुख्यालय में गरीब रथ के लिए नई बोगियों की मांग की है। पूरे देश में बारी-बारी से गरीब रथ की बोगियां बदली जा रही हैं।

बोगियों को हटाकर थर्ड एसी के इकोनामी कोच लगाए जाएंगे। ट्रेन में नया रेक एलएचबी कोच होगा। इन बोगियों के बदले जाने से अब एक कंपार्टमेंट में नौ की जगह आठ बर्थ होंगे। यानी ट्रेन से साइड मिडिल बर्थ हटाई जाएगी। जो गरीब रथ के यात्रियों के लिए बड़ी राहत की बात होगी। अच्छी बात ये है कि किराया नहीं बढ़ाया जाएगा। इकोनॉमी कोच लग जाने से गरीब रथ की सूरत बदल जाएगी।

वर्ष 2006 में गरीब रथ एक्सप्रेस की शुरुआत की गई थी। इन बोगियों की उम्र करीब 20 वर्ष होती है। दो वर्ष के बाद बोगियों के बदलने का वक्त हो जाएगा। वहीं, रांची रेल मंडल से खुलने वाली धरती आबा रांची-एर्नाकुलम एक्सप्रेस व रांची हावड़ा क्रिया योग एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में इकोनॉमी बोगी लगाई जा रही है। सामान्य थर्ड एसी की बोगी में 72 बर्थ व गरीब रथ में 78 बर्थ होते हैं। जबकि इकोनॉमी बोगी में बर्थ की संख्या 80 हो गई है। एलएचबी कोच ज्यादा आरामदेह और सुरक्षा मानकों में सबसे ज्यादा बेहतर होता है। ट्रेन का किराया थर्ड एसी से करीब 400 रुपये तक कम होता है। यात्री भी इस ट्रेन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणेश पूजा की तैयारी शुरू, समिति का हुआ गठन

**रांची, एजेंसी।** गांधीनगर तोरपा में इस वर्ष गणेश चतुर्थी महोत्सव का सात सितंबर को भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर गणेश पूजा समिति की बैठक मंगलवार को सामुदायिक भवन में हुई। इसमें पूजा की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आयोजन के संचालन के लिए नयी समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष सुदर्शन नायक, उपाध्यक्ष गौरीशंकर नायक, सचिव जगदेव नायक, उपसचिव गजाधर नायक, कोषाध्यक्ष सत्यम नायक, उपकोषाध्यक्ष विकास नायक व राहुल नायक, मंत्री भौसा नायक, महामंत्री कृष्णा नायक, प्रबंध समिति बलराम प्रसाद व टिंकू नायक, कार्यक्रम प्रभारी रूपेश नायक, पूजा प्रभारी आकाश कुमार व हर्ष नायक, पंडाल प्रभारी बसंत नायक, अमन नायक व बादल नायक, कलश प्रभारी अभय नायक, रिशु नायक व प्रकाश नायक, चंदा प्रभारी ललन नायक, उमेश नायक व मनु नायक, मीडिया प्रभारी राजेश नाय, संरक्षक बीरू नायक, कुंवर नायक, उपेन्द्र साहू व राजकुमार नायक।

### कैशबैक पाने के चक्कर में लड़की को गंवाने पड़े 75 हजार रुपए, एक गलती पड़ी भारी

**रांची, एजेंसी।** कई बार ऑनलाइन खरीदारी करने पर ग्राहकों को कैशबैक मिलता है। इसी का फायदा उठाकर जालसाजों ने झारखंड की एक लड़की के साथ ठगी कर ली। चार हजार रुपए पाने के लिए लड़की को 75 हजार रुपए गंवाने पड़े। दरअसल, रातू थाना क्षेत्र की सिमलिया नवाटोली निवासी डाली कुमारी से ऑनलाइन शॉपिंग में कैश बैक के नाम पर साइबर अपराधियों ने खाता से 75 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना मंगलवार की सुबह सात बजे की है। बताया जाता है कि नवाटोली सिमलिया निवासी डाली कुमारी को 8509815087 से फोन आया। फोन उठाने पर छात्रा से कहा गया कि मैं केनरा बैंक से बोल रहा हूं। आपके ऑनलाइन शॉपिंग करने पर 4000 रुपये का कैश बैक आया है जिसे लेने के लिए आपको ओटीपी बताना होगा। डाली कुमारी ने जैसे ही ओटीपी बताया तुरंत उसके खाता से 75 हजार रुपये की निकासी का मैसेज आ गया। इस संबंध में छात्रा ने साइबर ठग के खिलाफ रातू थाना में लिखित आवेदन दिया है। रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रामीण महिलाओं से ठगी कर महीनों से फरार महिला फूलमणि देवी मंगलवार को रातू थाना पहुंची। इसकी सूचना रातू पुलिस ने पीड़ित महिलाओं को दी। फूलमणि के आने की खबर सुनकर पीड़ित महिलाएं रातू थाना पहुंचने लगी। इसके बाद रातू पुलिस ने पीड़िताओं से उनसे ठगी गई राशि लिखने को कहा। इसमें 30 महिलाओं ने लगभग 30 लाख रुपये की ठगी करने की बात सामने आई। फूलमणि से ठगी की शिकार महिलाएं पैसा वापस नहीं मिलने से लगभग एक सप्ताह पूर्व रातू थाना में लिखित जानकारी दी थी। रातू थाना में फूलमणि ने पीड़ित महिलाओं को मूलधन लौटाने की बात कही है। वहीं कई पीड़ित महिलाएं रातू थाना नहीं पहुंच सकी। फूलमणि का पति और बेटों ने भी कहा कि हम पैसा लौटा देंगे।

### एक ही ट्रैक पर आमने-सामने आ गई मेमू और मालगाड़ी, हो सकता था बड़ा रेल हादसा; 2 निलंबित

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद रेल मंडल के प्रधानखंता-रक्षितपुर स्टेशनों के बीच मंगलवार की दोपहर 08678 धनबाद-बांकुड़ा मेमू और मालगाड़ी आमने-सामने एक ही ट्रैक आ गई। रेलकर्मियों के शोर मचाने पर मेमू के चालक ने होम सिग्नल पार कर ट्रेन रोकी। घटना को लेकर रेल महकमे में अफरा-तफरी मच गई।

वरीय अधिकारियों के निर्देश पर मेमू के चालक व गार्ड को रक्षितपुर में उतार लिया गया। उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया। दूसरे चालक और गार्ड ट्रेन लेकर रवाना किए गए। मिली जानकारी के मुताबिक, धनबाद-बांकुड़ा मेमू दोपहर 2ः25 पर धनबाद से खुली थी। दूसरी ओर सिंदरी से डीएसटीपी मालगाड़ी रवाना की गई थी। मालगाड़ी को रक्षितपुर से प्रधानखंता होकर धनबाद-हावड़ा मेन लाइन पर आना था। धनबाद-बांकुड़ा मेमू को होम सिग्नल पर खड़ा होना था, मगर ट्रेन होम सिग्नल को पार कर सामने आ रही मालगाड़ी के ट्रैक पर चली गई। चंद मिनट और देर हो जाती तो बांकुड़ा मेमू और मालगाड़ी की टक्कर हो सकती थी। रक्षितपुर के स्टेशन मास्टर ने रेलवे कंट्रोल को घटना की जानकारी दी। धनबाद-बांकुड़ा मेमू के चालक व गार्ड को उतार लिया गया। दोनों का मुख्यालय आद्रा रेल मंडल है, जो दक्षिण पूर्व रेलवे के अधीन है। उनकी मेडिकल जांच समेत अन्य प्रक्रिया शुरू हो गई है। दोनों के विरुद्ध मेजर चार्जशीट पेनाल्टी की गई है।

## गोड्डा में बनेंगे 18 हजार से अधिक अबुआ आवास, मंत्री दीपिका पांडेय अधिकारियों को दिए अहम निर्देश





**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा समाहरणालय स्थित सभागार में अबुआ आवास योजना को लेकर जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता तथा आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, गोड्डा विधायक अमित मंडल, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, उपायुक्त जिशान कमर, उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो सहित संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

बैठक के दौरान अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्रखंडवार प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन, अस्वीकृत आवेदन पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी नौ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को योग्य लाभुकों की पुनः जांच करते हुए योग्य लाभूकों का चयन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्रखंड स्तर पर प्राप्त सभी आवेदनों का सत्यापन करते हुए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर सभी सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए गए। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि तय समय सीमा में ही संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कराएं, ताकि सभी योग्य लाभुकों को अबुआ आवास मुहैया कराया जा सके।

उपायुक्त ने बताया कि अबुआ आवास योजना में जिले को कुल वित्तीय वर्ष 2024-25 में 18,663 लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसे प्रखंड एवं पंचायत वार पीडब्लूएल के अनुसार आवंटित कर दिया गया है। विधायक प्रदीप यादव ने प्रखंडवार प्राप्त आवेदन एवं स्वीकृति की समीक्षा की। अबुआ आवास के लिए आवेदन स्वीकृत करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों से अबुआ आवास के संबंध में जल्द से जल्द कार्य में प्रगति लाते हुए लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। विधायक अमित मंडल के द्वारा अबुआ आवास के संबंध में लाभुकों की सूची के अनुसार पारदर्शिता लाते हुए उन्हें अबुआ आवास की स्वीकृति के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरे के आवास का निर्माण न्यूनतम 31 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में किया जा रहा है। जिसमें रसोईघर भी शामिल रहेगा। घरों को अनिवार्य रूप से परिवार की महिलाओं के नाम पर पंजीकृत किया जाएगा। इस योजना में सरकार दो लाख रुपए की राशि चार किस्त में पात्र परिवारों को उपलब्ध कराएगी।

## रांची में दिव्यांग यूनिवर्सिटी खोलेगी सरकार, विशेषज्ञों के साथ कार्यशाला में हुआ मंथन

रांची, एजेंसी। झारखंड सरकार दिव्यांगों के लिए रांची में स्पेशल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर मंगलवार को स्टेट लेवल कंसल्टेटिव वर्कशॉप का आयोजन किया गया। राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंपई सोरेन ने वर्कशॉप में शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के साथ यूनिवर्सिटी की स्थापना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मंथन किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि दिव्यांगजनों की सामान्य जीवन में समावेशी भागीदारी के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए विशेष विश्वविद्यालय की स्थापना की परिकल्पना की गई है। उन्होंने सरायकेला खरसावां के राजनगर प्रखंड में ओडिशा की सीमा पर स्थित एक गांव का जिक्र करते हुए बताया कि वहां के स्कूल के नेत्रहीन हेडमास्टर बच्चों को कुशलतापूर्वक शिक्षा देते थे। उनसे प्रेरित होकर हमने दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की पहल की है।

उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो, तो हर समस्या का समाधान संभव है। सरकार उच्चतर शिक्षा के लिए लगातार सुविधाएं विकसित कर रही है। छात्रों को हर सुविधा दी जा रही है। अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पर भी सरकार का फोकस है। उन्होंने कार्यशाला में आए प्रबुद्धजनों से कहा कि उनके सुझाव लेकर सरकार समावेशी दिव्यांग




विश्वविद्यालय की परिकल्पना को साकार करेगी।

कार्यशाला में उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि समाज के विशेष वर्ग दिव्यांगजनों के लिए समावेशी वातावरण बनाना होगा। यह सिर्फ विभाग ही नहीं, हम सभी का दायित्व है। दिव्यांगजनों की कुल 21 कैटेगरी है। उनकी कैटेगरी के अनुसार उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर कोर्सेज डिजाइन करना होगा। कार्यशाला में उच्च शिक्षा निदेशक रामनिवास यादव, कोऑपरेटिव सर्विस के असिस्टेंट रजिस्टार विवेक सिंह, मनोविकास, दिल्ली के मैनेजिंग सेक्रेटरी डॉ. आलोक भुवन, निदेशक तकनीकी शिक्षा सुनील कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## झारखंड के बरहरवा से 50 किलोमीटर दूर बांग्लादेश बॉर्डर से आयात-निर्यात पर रोक, ट्रकों के थमे पहिए, कारोबार प्रभावित

**बरहरवा/फरक्का, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंसा के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारत और बांग्लादेश के बीच आयात-निर्यात पर तत्काल रोक लगा दी है. इसके बाद से सीमावर्ती क्षेत्र पश्चिम बंगाल के मालदा, फरक्का, कलियाचक, नलहटी, राजग्राम के अलावा झारखंड के साहिबगंज और पाकुड़ से स्टोन चिप्स और चावल, दाल समेत अन्य खाद्य सामग्री, जो बांग्लादेश में ट्रक पर लोड होकर जाता था, उसके पहिये थम गये हैं. अधिकतर ट्रक मालिक अपना व्यापार झारखंड से बंगाल और बंगाल से बांग्लादेश करते थे. वे ट्रक खड़े कर दिये हैं. बांग्लादेश से आयात-निर्यात बंद होने के बाद पाकुड़ और साहिबगंज की अर्थव्यवस्था पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भी प्रभाव पड़ा है, क्योंकि यहां के अधिकतर लोग पत्थर व्यवसाय से जुड़े हैं.

साहिबगंज जिले के राजमहल, बरहरवा, कोटालपोखर एवं पाकुड़ के इलाके से स्टोन चिप्स पश्चिम बंगाल जाता है. वहां से अन्य ट्रकों के सहारे बांग्लादेश जाता है. साहिबगंज



के अधिकांश रेलवे स्टेशनों से भी स्टोन चिप्स मालगाड़ी के माध्यम से बांग्लादेश जाता है. गृह मंत्रालय के आदेश पर बांग्लादेश का इंडेंट भी फिलहाल रेलवे ने लगाना बंद कर दिया गया है. इस कारण बांग्लादेश के लिए स्टोन चिप्स लोड भी नहीं हो रहा है.

प्रत्येक माह 10 से 15 रैक स्टोन चिप्स बांग्लादेश जाता है. वहीं, प्रत्येक दिन साहिबगंज और पाकुड़ जिला मिलकर करीब 200 ट्रक स्टोन चिप्स पश्चिम बंगाल के सुस्तानी और वहां से बांग्लादेश बॉर्डर पार कर जाता है. इस कारण यहां की अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ रहा है. स्थानीय ट्रक मालिकों को कहना है कि बॉर्डर बंद हो जाने से स्टोन चिप्स की डिमांड कम हो गयी है. अब वे लोग पश्चिम बंगाल में ही अपना माल जाकर बेच रहे हैं. वहीं, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश जो माल जाता है, उस पर रोक लग गयी है. इस कारण वहां भी माल के खरीदार कम हो गये हैं. पश्चिम बंगाल के कलियाचक से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बांग्लादेश के बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवान कड़ी निगरानी बनाये हुए हैं. साहिबगंज के बरहरवा से बांग्लादेश का बॉर्डर लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है.

बांग्लादेश में फैली हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल के कलियाचक सुस्तानी से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भारत-बांग्लादेश की सीमा पर गृह मंत्रालय के आदेश पर बीएसएफ के जवान हाइअलर्ट पर हैं. यहां पर जवान कड़ी निगरानी रखे हुए हैं. वहीं, फरक्का से बांग्लादेश बॉर्डर की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है. बांग्लादेश में हालात बेकाबू होने के बाद पश्चिम बंगाल के मालदा, मुर्शिदाबाद, कलियाचक के इलाके में भी पुलिस की नजर है. राज्य के हालात पर गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के पालन करने का निर्देश दिया है।

## अनिल यादव हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पैसों की लेन देन में दिया घटना को अंजाम

**गिरिडीह, एजेंसी।** जमीन कारोबारी अनिल यादव हत्याकांड का उद्भेदन गिरिडीह पुलिस ने कर दिया है और इस घटना को अंजाम देने वाला आरोपी बैजू रविदास को गिरफ्तार कर लिया गया है. बुधवार की सुबह जब आक्रोशित लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह टावर चौक के पास जाम कर दिया था. इसके बाद पुलिस ने जब बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी हो गयी है तो लोगों ने सड़क जाम हटा लिया. हालांकि, इस दौरान आवागमन प्रभावित रहा. इससे पहले स्थानीय लोगों ने मंगलवार को भी घटना के बाद गिरिडीह टावर चौक को जाम कर दिया था. इसके बाद पुलिस का आश्वसन मिलने पर लोगों ने जाम हटा लिया. लेकिन आनन फानन में जब शव का पोस्टमार्टम कर दिया गया तो स्थानीय लोग और भड़क गये



और बुधवार सुबह फिर सड़क को जाम कर दिया. हत्या के संबंध में गिरिडीह पुलिस ने बताया है कि अनिल यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. उनके पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुआ है. वारदात को अंजाम दिये जाने के बाद से ही एसआईटी टीम ने छापामारी शुरू कर दी थी. कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने के बाद पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद हो गया है. साथ ही साथ जिस वाहन से शव को ढोकर जिले के पीरटांड इलाके में फेंका गया था उसे भी जब्त कर लिया गया है. पैसे की लेनदेन को लेकर आरोपी के साथ मृतक अनिल का विवाद हुआ था. जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गयी. पूछताछ के लिए कुछ अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है. पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पैसे की लेनदेन में हुए विवाद की वजह से घटना को अंजाम दिया गया. उन्होंने कहा कि मंगलवार लगभग दोपहर 3 बजे के आसपास अनिल के शव को बरामद किया गया और शाम 8ः00 बजे उसके शव की शिनाखूत हुई. इसके बाद एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन हुआ और महज 12 घंटे के भीतर आरोपी बैजू रविदास को गिरफ्तार कर लिया।

## न्यूजीलैंड में नौकरी दिलाने के नामपर महिला डॉक्टर की बड़ी जालसाजी, 14 युवकों को लगाया 1.66 करोड़ का चूना

**रांची, एजेंसी।** रांची के एयरपोर्ट थाने में नौकरी के नाम पर 1.66 करोड़ रुपये की ठगी का एक मामला सामने आया है। इसमें 14 अभ्यर्थियों से न्यूजीलैंड के आकलैंड सिटी अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की गई है। आरोपित गुमला जिले के बसिया थाना क्षेत्र की सोनमेर निवासी डॉ. मीना एस. गोप व उनका सहयोगी विजय शर्मा हैं। दोनों के विरुद्ध जालसाजी से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पीड़ितों ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को आवेदन देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता गुमला जिले के बसिया थाना क्षेत्र के सोनमेर कुम्हारी निवासी विनेश कुमार साहू हैं। उनके बयान पर एयरपोर्ट थाने में 22 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। विनेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि उनके ही गांव की डॉ. मीना एस. गोप ने उन्हें न्यूजीलैंड आकलैंड सिटी अस्पताल में नौकरी लगाने का झांसा दिया था। वह डॉ. मीना एस. गोप के माता-पिता को जानते हैं, जो वर्तमान में गोवा में रहते हैं। विनेश ने डा. मीना एस. गोप की माता से फोन पर बातचीत की तो उन्होंने बताया कि उनकी बेटी छह वर्षों से न्यूजीलैंड में रहती है। इसके बाद विश्वास में उन्होंने डॉ. मीना एस. गोप से बात की, जिसमें उसने बताया कि वह न्यूजीलैंड आकलैंड सिटी अस्पताल में सचिव है। उसने प्रलोभन दिया कि वह वीजा बनवा देगी। वहां खाने की व्यवस्था है और महीने का एक लाख रुपये वेतन मद में मिलेगा। उसने कहा कि न्यूजीलैंड आकलैंड सिटी अस्पताल में नीचे पद के लिए प्रति व्यक्ति चार लाख रुपये व ऊंचे पद के लिए आठ लाख रुपये व 12 लाख रुपये रिश्वत देने होंगे। इसके बाद इन लोगों ने कुल 14 लोगों का अलग-अलग तिथियों में सात अप्रैल 2023 से 11 मई 2024 तक कुल एक करोड़ 66 लाख 44 हजार रुपये आरोपितों को दिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## फर्जी सर्टिफिकेट से यूपीएससी की साख पर सवाल

अक्सर ऐसी खबरें आती हैं, जिनमें किसी अभ्यर्थी ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी हासिल कर ली। मगर संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी जैसी संस्था आमतौर पर इस तरह के आरोपों से बची रही है। माना जाता रहा है कि यूपीएससी की किसी परीक्षा को पास करने के बाद नियुक्ति के लिए चुने गए अभ्यर्थी के प्रमाणपत्रों की गहन जांच होती है। मगर भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चुनी गई एक अधिकारी पूजा खेडकर के पद के दुरुपयोग के मामले में और उसके बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि संघ लोक सेवा आयोग जैसे उच्च स्तरीय संस्थान में भी किसी उम्मीदवार के प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर लापरवाही या उदासीनता बरती जाती है। गौरतलब है कि पुणे में प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी पूजा खेडकर यूपीएएससी की परीक्षा में चुने जाने के लिए खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय का बताने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र पेश करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। हैरानी की बात यह है कि पूजा खेडकर का मामला सुर्खियों में आने के बाद अब भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के कुछ अन्य अधिकारियों के बारे में भी यह दावा किया गया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभ उठाने के मकसद से फर्जी प्रमाणपत्रों का उपयोग किया है। सवाल है कि जब कोई अभ्यर्थी यूपीएससी की परीक्षाओं में सभी स्तर को पार करके चुन लिया जाता है, तब उसके बाद नियुक्ति के पहले उसके प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर कैसी व्यवस्था है कि कोई व्यक्ति हेराफेरी करके अपने लिए प्रमाणपत्र बनवा लेता है, जिसे यूपीएससी भी अपनी जांच में पकड़ नहीं पाता। अब संभव है कि संदिग्ध अधिकारियों के प्रमाणपत्रों की फिर से गहन जांच हो। लेकिन अगर फर्जीवाड़े के आरोप सही पाए गए तो जिस यूपीएससी के समूचे तंत्र को पूरी तरह पाक-साफ और चौकस बताया जाता है, वहां अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच में इस कदर लापरवाही बरतने को लेकर कैसी धारणा बनेगी? क्या यह देश के सबसे विश्वसनीय माने जाने वाले संस्थान की साख का सवाल नहीं है?

## युद्ध के हालात ,वैश्विक शांति की वकालत

दुनिया भर में अलग-अलग देश प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जिस तरह के खेमों में बंट रहे हैं, जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दे खड़े हो रहे हैं, उसमें लगातार इस बात की आशंका खड़ी हो रही है कि आने वाले वक्त में कहीं युद्ध के मोर्चों का विस्तार न हो जाए! रूस और यूक्रेन या फिर इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध तो ईरान और इजरायल में नई जंग के आसार ने ने इस आशंका को गहरा किया है। ऐसे में भारत ने जिस तरह युद्ध के विरुद्ध खड़े होने और सार्वजनिक रूप से शांति के लिए अपनी नीति घोषित करने का साहस किया है। उसकी अपनी अहमियत है। पहले रूस और उसके बाद आस्ट्रिया के दौरे में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरह से स्पष्ट रूप से दुनिया भर में युद्ध की परिस्थितियों को खत्म करके शांति की वकालत की। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है; भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि बुद्ध दिया है। यह हर जगह शांति और समृद्धि का आकांक्षी है और इक्कीसवीं सदी में अपनी भूमिका को पहले से ज्यादा मजबूत बनाएगा। भारतीय प्रधानमंत्री ने वहां के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की और द्विपक्षीय सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार किया। मगर अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में बनते खेमों के बीच जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें वैश्विक स्तर पर शांति के पक्ष में भारत का खड़ा होना अहम है। दरअसल, वह रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध हो या फिर इजराइल और हमास के बीच, भारत का यह रुख जगजाहिर रहा है कि वह युद्ध का समर्थन नहीं करता। वहीं आतंकवाद के मसले पर भी भारत की साफ राय है कि यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए भी भारत के प्रधानमंत्री ने पहले भी कई बार बातचीत का रास्ता अपनाने की ही सलाह दी है। आस्ट्रिया दौरे में भी अगर उन्होंने भारत के शांति का पक्षधर होने की बात की तो यह स्वाभाविक और अपनी नीतियों पर ही कायम रहना है।यह छिपा नहीं है कि जहां रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के संकट में कोई कमी नहीं दिख रही है, वहीं अमेरिका और उसके कई सहयोगी देश नाटो की बैठक करके एक अलग ही संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के हालात में भारतीय प्रधानमंत्री की रूस और आस्ट्रिया की यात्रा और इस दौरान दिए गए संदेश का मतलब साफ है। विश्व का जो भी हिस्सा युद्ध या आतंकवाद से प्रभावित है।

# पिछले पांच वर्ष और पुरानी ग्रंथियां

(शशि शेखर)

*लोकसभा को छोड़ दें, तब भी स्थानीय निकाय और ग्राम समितियों के चुनावों में गोली खाकर भी लोगों ने मतदान किया। लोकतंत्र का कारवां वहां कदम-दर-कदम बढ़ा है, उसे रोकना किसी के वश में नहीं है। एक बार फिर मोहित पर लौटते हैं।*

यह उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले का गांव, सभा नगर है। इसी के एक सहमे हुए से मकान में रुचि रह-रहकर अपने फोन की ओर देखती है। उसके मन में टिमटिमाती आस कायम है कि घंटी बजेगी और उधर से मोहित बोल रहा होगा। मोहित, यानी उसका पति, स्वर्गीय लांस नायक मोहित राठौर। पिछली 26 जुलाई की रात उसका फोन आया था। मोहित ने खैर-खबर के बाद कहा कि मैं तुम्हें कल कॉल करता हूं। अगले दिन फोन आया जरूर, पर मनहूस खबर लेकर। पता चला कि कल रात पाकिस्तान बॉर्डर एक्शन टीम 'बैट' के हमले में मोहित शहीद हो गया। रुचि को इस वज्रपात से पूर्व यह तक नहीं मालूम था कि मोहित कहां तैनात हैं? रुचि अकेली दुर्भाग्य की मारी नहीं है। आजादी से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में जितने जवानों ने बलिदान दिया है, उतने तो पांचों लड़ाइयों में नहीं मारे गए। हाल-फिलहाल, जम्मू खित्ते में आतंकवादी हरकतों में तेजी आई है। इतनी ज्यादा कि सिर्फ जुलाई के महीने में 12 जवान शहादत दे चुके हैं। तय है, दहशतगर्दों ने अपनी रणनीति बदली है। वे अब जम्मू क्षेत्र पर अपना ध्यान लगा रहे हैं। क्यों? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि कल जम्मू-कश्मीर के विभाजन और अनुच्छेद-370 की रुखसती के पांच साल पूरे हो रहे हैं। ये हिंसा की घटनाएं, ये हमले क्या दर्शाते हैं? क्या केंद्र सरकार की कश्मीर-नीति फेल हो चुकी है? क्या अनुच्छेद-370 को हटाने का फैसला ठीक नहीं था? क्या जम्मू-कश्मीर की जनता आतंकवादियों का साथ दे रही है? यकीनन ऐसा नहीं है। देश के इस हिस्से में जब अम्न-ओ-अमान लौटने लगता है, तो पाकिस्तान बौखला उठता है। 1990 के दशक में जब बड़ी संख्या में पंडितों का पलायन हुआ था, तब ऐसा लगा था कि वे अपनी कश्मीर-नीति में सफल हो गए। दिल्ली और श्रीनगर की हुकूमतों के साथ वहां के बाशिंदों ने फिर भी हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने अपने-अपने तरीके से आतंकवाद से जूझने की कोशिश की। सन् 2000 के आसपास वहां शांति की घर वापसी शुरू हुई और मुफ्ती मोहम्मद सईद के वक्त में बरसों बाद घाटी में पर्यटकों की आमद आरंभ हुई। उनके हटते ही कुछ समय के लिए गुलाम नबी आजाद मुख्यमंत्री बने। उसी दौरान श्रीनगर में गुजरात के पर्यटकों पर हमला हुआ था। इसमें चार बच्चे व किशोर मारे गए और छह अन्य जख्मी हो गए थे। कुछ वर्षों बाद जब पुनः लगने लगा कि हालात काबू में हैं, तो पत्थरबाजी का नया दौर शुरू कराया गया। कुछ पैसों के बदले बेरोजगार नौजवानों के हाथों में पत्थर थमा दिए गए थे। महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला ने उस पर काबू पाने की हरचंद कोशिश की। साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद से हालात और तेजी से बदले। उन्होंने राज्यपाल के पद पर दशकों बाद एक राजनीतिज्ञ सतपाल मलिक की नियुक्ति की। मलिक अपने तौर-तरीकों के कारण वहां अधिक वक्त तक नहीं टिके, लेकिन उन्होंने वहां की जनता से संवाद स्थापित करने की कोशिश अवश्य की। दूसरी बार हुकूमत संभालने के पहले से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हमेशा के लिए विदा करने का मन बना लिया था। जब 5 अगस्त, 2019 को गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में इसकी घोषणा की, तब सरकार जानती थी कि इतनी आसानी से इसका क्रियान्वयन नहीं होगा। वहां बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई और मोदी-शाह के विश्वस्त जीसी मुर्मु को पहला उप-राज्यपाल बनाया गया। हालांकि, सार्थक बदलाव की शुरुआत मनोज सिन्हा की तैनाती के बाद हो सकी। सिन्हा तपे-तपाए राजनेता हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों के दिलों में अभूतपूर्व स्थान बनाने में सफलता हासिल की। इसका सार्थक संदेश पूरी दुनिया में गया। पिछले साल दो करोड़ से अधिक लोग जम्मू-कश्मीर के मुख्तलिफ हिस्सों में घूमने गए। इस दौरान कश्मीरियों को आर्थिक तरक्की की मुख्यधारा से जोड़ने पर भी केंद्र ने जमकर काम किया। पिछली मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण किया। इसी तरह, घाटी को रेल से शेष भारत से जोड़ने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। कश्मीरियों ने भी इन बदलावों को हाथों-हाथ लिया। लोकतंत्र की सफलता पार्टियों की हार और जीत से नहीं, मतदान के प्रतिशत से आंकी जाती है। लोकसभा के पिछले चुनाव में दशकों के रिकॉर्ड टूट गए। सिर्फ चुनाव ही क्यों? ऐसा पहली बार हुआ, जब नए साल के स्वागत के लिए गुजरी 31 दिसंबर की रात को हजारों लोग लाल चौक पर इकट्ठा हो गए। घंटाघर में संगीत सभा का आयोजन हुआ। अगले महीने गणतंत्र दिवस की परेड देखने को बख्शी स्टेडियम भर गया। डल झील में 130 नावों में तिरंगे की रैली निकली। बरसों बाद आयोजित हुए मोहर्रम के जुलूस ने भी नए संदेश सुनाए। सरहद के इस हिस्से की खुशी रावलपिंडी के सेना मुख्यालय और आईएसआई के लिए मातम बन जाती है। पहले वे अनुच्छेद-370 को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाना चाहते थे, पर असफल रहे। सुरक्षा परिषद् में यह मुद्दा दो बार औंधे मुंह गिरा। इस्लामी देशों से भी मदद हासिल नहीं हुई, उल्टे पाक अधिकृत कश्मीर में भी आंदोलन होने लगे। जम्मू की वारदातें इसी से उपजी खीझ का नतीजा हैं। इसके लिए उन्होंने रणनीति भी बदली है। अब आतंकवादी घात लगाकर हमला करते हैं और जीपीएस रहित उपकरणों के जरिये जंगली पगडंडियों को पकड़कर गुम हो जाते हैं। उनका जोर सुरक्षाबलों को अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाने पर होता है। यही वजह है कि फिलवक्त सेना और सैनिकों का अधिक नुकसान हो रहा है। घाटी के बजाय जम्मू पर जोर देने की कुटिलता भरी रणनीति का एक कारण यह भी है कि यह हिंदू बहुल इलाका है। यहां तीर्थयात्रियों और निरीह ग्रामीणों की हत्या से सांप्रदायिक उबाल पैदा किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हल्ला मचा सकता है कि सिर्फ घाटी नहीं, समूचा जम्मू-कश्मीर जल रहा है। इसके लिए समय भी सोच-समझकर चुना गया है। अनुच्छेद-370 की रुखसती के पांचवें वर्ष में ऐसी घटनाओं का सहारा लेकर यह साबित करने की नापाक कोशिश हो रही है कि पूरे प्रदेश की जनता इससे आंदोलित है, जबकि ऐसा कतई नहीं है। यही नहीं, तीन महीने के अंदर वहां विधानसभा चुनाव होने हैं। आईएसआई के आका लोकसभा चुनावों में उमड़ी भीड़ से हतप्रभ हैं।

# राखीगढ़ी में देखे गए हड़प्पा के नए पहलू भी पढ़ाए जाएंगे

**(विनोद कुमार यादव, उत्खनन से जुड़े इतिहासकार)**

एनसीईआरटी ने हाल ही में इतिहास की स्कूली पाठ्य-पुस्तकों के लिए प्रस्तावित संशोधनों में हरियाणा स्थित राखीगढ़ी के पुरातात्विक स्थल पर पाए गए कंकाल-अवशेषों के डीएनए विश्लेषण के आधार पर नई जानकारियां दी हैं। 12वीं कक्षा की इतिहास की किताब के नए संस्करण में राखीगढ़ी के बारे में कहा गया है कि हड़प्पावासी हरियाणा की राखीगढ़ी के मूल निवासी थे। वे आर्यों के प्रवास से पहले राखीगढ़ी में मौजूद थे। इतिहास की पाठ्य-पुस्तक में किए गए ये संशोधन चर्चा का कारण बने हुए हैं। एनसीईआरटी ने हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को इसके बारे में अवगत कराया है। राखीगढ़ी के पुरातात्विक अध्ययन से पता चलता है कि हड़प्पावासियों की आनुवंशिक जड़ें 10 हजार ईसा पूर्व तक जाती हैं। लिहाजा, इस बारे में नए सिरे से तथ्यों को संयोजित किया जाना चाहिए, ताकि मानव सभ्यता की विकास यात्रा के नए अध्याय लिखे जा सकें। भारतीय उपमहाद्वीप में सिंधु, रावी, सरस्वती और दृषद्वती नदियों के किनारे जो सभ्यता विकसित हुई, उसे सिंधु घाटी सभ्यता या हड़प्पा सभ्यता कहा जाता रहा है। महत्वपूर्ण पुरास्थल राखीगढ़ी के अलावा बनावली, धोलावीरा और लोथल कालीबंगा पुरास्थल सरस्वती नदी के पैलियो-चैनल पर बसे हुए थे। ऋग्वेद की सौ से अधिक ऋचाओं में सरस्वती का उल्लेख अन्न-प्रदायनी और सदानीरा के रूप में हुआ है। शोध अध्ययन के मुताबिक, 63 फीसदी से अधिक पुरास्थल सरस्वती और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे हुए थे, जबकि 21 प्रतिशत सिंधु व उसकी सहायक नदियों के किनारे स्थित थे। अतः पुरातात्विक सबूतों के आधार पर अब एनसीईआरटी की किताबों में सिंधु-सरस्वती सभ्यता लिखना तय किया गया है। गौरतलब है कि राखीगढ़ी सभ्यता से जुड़े दो हजार पुरास्थल चिह्नित हो चुके हैं। ये स्थल अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत में लगभग 13 लाख वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। सामान्यतः सभ्यता से तात्पर्य मनुष्य की उपलब्धियों से है, यानी सामाजिक विकास की उन्नत अवस्था को 'सिविलाइजेशन' कहते हैं और जब यह अवस्था अपने बौद्धिक उत्कर्ष पर पहुंचकर अलंकृत व परिष्कृत हो जाती है, तो सभ्यता स्वाभाविक रूप से 'संस्कृति' में रूपांतरित हो जाती है। हालांकि, सभ्यता और संस्कृति, दोनों अवस्थाएं एक-दूसरे की पूरक हैं। लगभग सात हजार वर्ष प्राचीन सभ्यता को समेटे राखीगढ़ी से नमस्कार मुद्रा में, पद्मासन अवस्था में योगी की मृण्मूर्ति मिली है। हाल ही में एएसआई टीम को यहां से दो महिलाओं के कंकाल मिले हैं, जिनके हाथों में खोल की चूड़ियां, तांबे का दर्पण, पत्थरों के मनके और मालाएं मिली हैं। शोध से पता चला कि ये कंकाल 2800-2300 ईस्वी पूर्व के हैं। शोधार्थियों के अनुसार, राखीगढ़ी के कंकाल में उत्तर के पशुचारियों के अलावा ईरान या तुर्की से आए पश्चिमी खेतिहरों का कोई प्रमाण नहीं मिला है, यानी ये शुद्ध भारतीय वंशजों के हैं।

हड़प्पा सभ्यता-संस्कृति के अफगानिस्तान, पाकिस्तान से लेकर भारत स्थित तमाम पुरातात्विक स्थलों में राखीगढ़ी को अद्वितीय माना जा रहा है। इन दिनों चौथे चरण का उत्खनन चल रहा है। मई 2022 में तीसरे चरण के उत्खनन के दौरान जो महत्वपूर्ण पुरावशेष मिले थे, उन्हीं के आलोक में सर्वेक्षण व उत्खनन को आगे बढ़ाया जा रहा है। राखीगढ़ी पुरास्थल की तीसरे चरण की खुदाई से यह सिद्ध हो गया है कि हड़प्पा सभ्यता का सबसे सुनियोजित, सुव्यवस्थित, खूबसूरत और बड़ा नगर मोहनजोदाड़ो नहीं, बल्कि राखीगढ़ी है। अपनी बेहतरीन शहर-योजना, सुनियोजित जन-निकास प्रणाली, बहुमंजिला मकानों व स्वच्छतापूर्ण संस्कृति को लेकर सुर्खियों में है। तीसरी खुदाई में मिले महत्वपूर्ण पुरावशेषों में सबसे खास है- सोने के आभूषण तराशने की फैक्टरी। इस फैक्टरी के साक्ष्यों का कालखंड पांच हजार साल पुराना है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5455

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 6 | 1 | | | 9 |
| 8 | | 5 | 4 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 4 | | | | | | |
| | | 3 | | 5 | 2 | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| | | | 9 | 3 | | 2 | | |
| | | | | | | 1 | | 2 |
| 3 | 6 | | | | 8 | 4 | | 7 |
| 2 | | | 1 | 4 | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5454

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5455

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | 11 | | |
| 12 | | | 13 | 14 | | ■ | |
| | ■ | 15 | ■ | 16 | | 17 | ■ |
| 18 | 19 | | 20 | ■ | 21 | 2 | |
| 23 | | ■ | 24 | | | | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 22 सितंबर 1971 को इस भौतिक विज्ञानी और रसायन शास्त्री का निधन हुआ था (7)
6. हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में पाया जाने वाला जंगली बैल (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार (2)
8. आफत, भूत-प्रेम बाधा (2)
10. जूते बनाने का एक उपकरण जिसे चर्मकार इस्तेमाल करते है (2)
11. यह देश सन् 1935 तक फारस देश के नाम से जाना जाता था (3)
12. मयूर, हमारा राष्ट्रीय पक्षी (2)
13. बांस की चटाई को यह कहते है (3)
16. गहन चिंतन करने या अध्ययन करने का भाव (3)
18. ध्वनि को सुरक्षित रखने का यंत्र रिकॉर्ड (4)
21. डोलना, छिलना, विचलित होना (3)
23. न्यायाधीश (2)
24. एक राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
25. जलाशय,सरोवर (3)
26. महाराष्ट्र की गोदावरी नदी के तट पर बसा एक शहर जिसके समीप पंचवटी वन स्थित है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तरप्रदेश की पूर्व महिला मुख्यमंत्री (सिर्फ नाम), मोहकारिणी शक्ति (2)
2. वचन, प्रतिज्ञा (4)
3. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
4. प्रशंसक, पंखा, अंधभक्त (2)
5. वामहस्ती, बायें हाथ से काम करने वाला व्यक्ति (3)
9. भर्त्सना, धिक्कार, लताड़ (3)
11. एक पौराणिक भक्त राजा का नाम जिसने श्रीकृष्ण की बात मान अपना शरीर आरे से चिरवाया था (4)
14. प्रेमकर्ता, आनंदप्रद (5)
15. 1975 की सुपर-डुपर हिट फिल्म जिसके निर्देशक रमेश सिप्पी थे (2)
17. बहुमुल्य रत्न, एक संख्या सूचक अंग (2)
19. अपनापन, निजस्व (3)
20. बुरा, हीन, बिगड़ा हुआ (3)
22. नाम धारण करने वाला, नाम वाला (3)

### वर्ग पहेली 5454 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | ■ | कृ | ष्ण | कां | त |
| ज | ल | ज | ■ | पा | ■ | जी | ना |
| ■ | र | फ | बु | क | ■ | हा | ■ |
| सा | ■ | ■ | डा | ■ | ■ | उ | स |
| ग | ■ | अ | पे | क्षा | ■ | स | म |
| र | ■ | मा | स्ट | र | ■ | ■ | झ |
| मा | न | व | ■ | क | दा | ■ | दा |
| था | ■ | स्वा | म | ■ | ग | ज | र |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन संतोष और शांति से बिताने का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयास सफल होंगे और आपको भाग्य का सहारा मिलेगा। आपको सरकारी विभाग में पहुंच बनाने का मौका मिलेगा और आपके आपके कई रुके कार्य इससे बन सकते हैं। नए अनुबंधों द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और भाग्य आपका साथ देगा। कुछ ऐसे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है।

### वृष
आज दिन भाग्यशाली है और किस्मत आपका साथ देगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और धन में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। ऑफिस में लोगों से आपकी भेंट होंगी। शाम के वक्त कोई रुका कार्य पूर्ण होगा और धन समृद्धि में वृद्धि होगी। निराशाजनक समाचार मिलने कुछ देर के लिए आपको तनाव हो सकता है।

### मिथुन
आज लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होने से आपको करियर में उपलब्धि हासिल होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेंगे और दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद और मुकदमे में आपकी जीत हो सकती है।

### तुला
आज उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं और आपके करियर में तरक्की होने से आपको खुशी मिलेगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आप अपने दायित्वों की पूर्ति भी आसानी से कर लेंगे। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात आपका कोई प्रिय दोस्त आपसे मिलने आएगा और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### वृश्चिक
आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको सम्मान मिलेगा और करियर में आपको लाभ होगा। शिक्षा और प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। आपकी सेहत सही न रह पाने की वजह से आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आपके घर में पैसों को लेकर आपस में कोई विवाद हो सकता है।

### धनु
आज दिन सावधानी से बिताने का है। आपकी कोई वस्तु चोरी हो सकती है और आप परेशान हो सकते हैं। संतान की शिक्षा या प्रतियोगिता में जीत होने से मन प्रसन्न होगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम के समय कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात में आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा और आपको लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन शुभ है और आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। आपको अपने नीचे काम कर रहे जूनियर्स का सहयोग प्राप्त होगा। शाम के वक्त किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के आने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### सिंह
आज करियर के मामले में अधिक लाभ न होने से निराशा का अनुभव होगा। निर्मूल विवाद और अकारण शत्रुपत्ति की वजह से आपका मन नहीं लगेगा। अपनी बुद्धि द्वारा किये कार्यों में ही हानि और निराशा होने से आप दुखी रहेंगे और किसी से बात करने का मन नहीं करेगा। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### कन्या
आज दिन काफी बिजी रहेगा और उनको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। किसी से धन का लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें।

### मकर
आज लाभ होगा। आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों में आपस में खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। ऑफिस में आपके विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

### कुंभ
आज सफलता से भरा दिन होगा। आपको कहीं डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। कोई व्यक्ति आगे आकर आपसे मदद मांग सकता है। आपको उसकी मदद करने से पहले अपनी आर्थिक स्थिति के बारे में ठीक से सोचविचार कर लेना चााहिए। वरना आपका काम करने में मन नहीं लगेगा।

### मीन
आज करियर के मामले में दिन भाग्यशाली होगा। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको सरकारी दफ्तरों में जानपहचान होने का विशेष लाभ मिलेगा। ससुराल पक्ष के लोगों से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सांयकाल से लेकर रात्रिपर्यन्त सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे और आपका मन खुश होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



# योजनाओं में नवाचार पर ध्यान दें अधिकारी: सीएम

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। पुष्कर सिंह धामी राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने सचिव समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। तीन घण्टे तक चली इस बैठक में राज्यहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित से जुडी योजनाओं के नीति-निर्धारण और सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पंहुचाने में सचिवगणों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सचिव सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। शासन और प्रशासन एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। राज्य के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही, लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए हम सबको सामुहिक प्रयास करने होंगे। लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाये बिना राज्य के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर निर्माण के साथ ही उनके सफल क्रियान्वयन के लिए पूरा एक्शन प्लान बनाया जाना चाहिए। सरकार की योजनाओं और निर्णयों का प्रभाव करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है अतः योजनाओं और निर्णयों में राष्ट्रहित और जनहित पहली प्राथमिकता में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सचिवों को निर्देश दिये कि विभागों के रिक्त पदों का अधियाचन शीघ्र आयोगों को भेजे जाएं। सुनिश्चित कार्ययोजना के साथ आगामी दो सालों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों और योजनाओं के निर्माण में नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए और आधुनिक तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जनहित से जुड़े कार्यों में सही रास्ता निकालने की सबके मन में भावना होनी चाहिए। जन अपेक्षाओं के अनुसार हम उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपने कार्यक्षेत्र में क्या विशिष्ट कार्य कर सकते हैं, इस दिशा में सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड गवर्नेंस की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों में जिन इंडिकेटरों में हमें सुधार की आवश्यकता है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिन इन्डीकेटर पर राज्य में अच्छा कार्य हुआ है, उनको बनाये रखना हमारे सामने चुनौती भी होगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि सचिव समिति की बैठक में राज्यहित से जुड़े विषयों की नियमित समीक्षा की जाए। श्रेष्ठ उत्तराखण्ड के निर्माण के



लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं का एक रोस्टर प्लान बनाया जाए, जिसमें ऐसी योजनाएं शामिल हों, जो व्यापक जनहित वाली हों। जनपदों के प्रभारी सचिव समय-समय पर जनपदों में जाकर योजनाओं की नियमित समीक्षा करें और विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बड़ी परियोजनाओं की पृथक से बृहद स्तर पर समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं को दैवीय आपदा अथवा अन्य किसी भी संभावित नुकसान से बचाने के लिए उनका सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। पुराने पुलों, एसटीपी, जल विद्युत परियोजनाओं, सुरंगों और अन्य अवस्थापना से जुड़े कार्यों में सुरक्षा मानकों का पूर्णतया पालन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार से जानमाल का नुकसान न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मितव्ययिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। राजस्व वृद्धि के साथ आवश्यक व्ययों को कैसे नियंत्रित किया जाए, इस दिशा में कार्य होना आवश्यक है। सीमित संसाधनों से हमें बेहतर आऊटकम देने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में जो सब्सिडी दी जा रही है, वह लाभार्थियों को समय पर मिले। लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ जल्द दिलाने के लिए विभागों द्वारा नियमित कैंप लगाये जाएं। बैठक में बताया गया कि 2070 तक भारत ने 'नेट जीरों उत्सर्जन' की दिशा में आगे बढ़ने का फैसला लिया है। इस दिशा में राज्य में थर्मल एनर्जी की सम्भावनाओं तथा राज्य में जिओ थर्मल एनर्जी के क्षेत्र में किये जाने वाले एमओयू के सबंध में भी चर्चा की गई। राज्य में विभिन्न माध्यमों से ऊर्जा उत्पादकता बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और नई तकनीक के अध्ययन के लिए जो भी सचिव देश के विभिन्न राज्यों व विदेश भ्रमण पर जाते हैं, उनके विभिन्न पहलुओं और आऊटकम का सचिव समिति में प्रस्तुतीकरण दिया जाए। सचिवों द्वारा बैठक में अनेक सुझाव दिये गये। राज्य में राजस्व क्षमता में वृद्धि करने और पूंजीगत व्यय को कम करने, वृद्ध लोगों को ध्यान में रखकर उनके हिसाब से भी योजनाएं बनाने, निराश्रित गोवंश की सुरक्षा के लिए कारगर उपायों, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिये जाने, कृषि और उद्यान के क्षेत्र में फसली बीमारियों से बचाव के लिए कारगर उपायों पर कार्य करने, किसानों को बेहतर पौधे और बीज उपलब्ध कराने के लिए कारगर व्यवस्था बनाने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन करने पर सुझाव दिये गये। रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रशिक्षण के साथ प्रशिक्षण के आऊटकम पर ध्यान दिये जाने शहरी क्षेत्रों में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन, गांवों में सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए परिवहन, पुलिस और लोक निर्माण विभाग की जिम्मेदारियां तय किये जाने, समान प्रकृत्ति के कार्यों के लिए विभागों के आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, उत्तराखण्ड गतिशक्ति पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अन्य क्षेत्रों में विभिन्न सुझाव अधिकारियों द्वारा दिये गये। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल.फैनई, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत एवं सभी सचिवगण उपस्थित थे।

## सोनप्रयाग में बाधित सड़क मार्ग को खोलने के लिए कार्य शुरू



**देहरादून।** विगत दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारघाटी में 31 जुलाई को आपदा के कारण हुए नुकसान एवं राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द जनजीवन सामान्य बनाने के निर्देश दिए गए थे तथा क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग एवं पैदल यात्रा मार्ग में अवरुद्ध यात्रा मार्ग को तत्परता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड के बीच जो डेढ मीटर राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे खोलने के लिए पोकलैंड मशीन के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही सोनप्रयाग पुल के पास जो सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी उसका पुश्ता निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंक्वाण ने अवगत कराया है कि केदारनाथ पैदल मार्ग कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो गया है तथा लगभग 15 स्थान ऐसे हैं जहां पैदल सड़क मार्ग पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने के लिए मजदूरों द्वारा विषम कठिन परिस्थितियों में मरम्मत एवं निर्माण कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम से छोटी लिनचोली तक क्षतिग्रस्त पैदल यात्रा मार्ग को आवाजाही हेतु सुचारू कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरों द्वारा क्षतिग्रस्त केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग को खोलने के लिए कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है किन्तु मौसम साथ न देने के कारण मजदूरों की सुरक्षा के दृष्टिगत कार्य निरंतर नहीं हो पा रहा है।

## यू-विन पोर्टल पर रहेगा अब जच्चा-बच्चा के टीकाकरण का रिकॉर्ड

**देहरादून।** गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा तैयार यू-विन ऐप व पोर्टल उत्तराखंड की गर्भवती महिलाओं व बच्चों के लिये खासा फायदेमंद साबित हो रहा है। प्रदेश में यू-विन पोर्टल पर अब तक 1,68,326 गर्भवती महिलाएं, 00 से 01 आयु वर्ग के 2,88,907बच्चे तथा 01 से 05 आयु वर्ग के 1,41,491 बच्चों का पंजीकरण किया जा चुका हैं। जिन्हें टीकाकरण से संबंधित सभी सूचनाएं व सुविधाएं ऑनलाइन मिल रही है। इतना ही नहीं टीकाकरण के उपरांत लाभार्थियों को डिजिटल प्रमाण पत्र भी ऑनलाइन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। सूबे में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध पहुंच बनाने के लिये राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में सरकार यू-विन पोर्टल व ऐप के माध्यम से प्रदेश की गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के टीकाकरण को आसान बनाने में जुटी है। इसके लिये प्रदेश की गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का भारत सरकार द्वारा तैयार यू-विन पोर्टल व ऐप पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है ताकि जच्चा-बच्चा के टीकाकरण की सभी जानकारियां उनके पंजीकृत मोबाइल पर आसानी से सुलभ हो सके। यू-विन पर अब तक प्रदेश की 1,68,326 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया जा चुका है। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 6186, बागेश्वर 3969, चमोली 6893, चम्पावत 4091, देहरादून 24753, हरिद्वार 35011, नैनीताल 21411, पौड़ी 7674, पिथौरागढ़ 7499, रूद्रप्रयाग 3460, टिहरी 8862, ऊधमसिंह नगर 33452 तथा उत्तरकाशी में 5065 गर्भवती महिलाएं शामिल है। इसी प्रकार प्रदेशभर में 00 से 01 आयु वर्ग के 2,88,907 बच्चों का पंजीकरण यू-विन पर किया जा चुका है। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 9764, बागेश्वर 5275, चमोली 8332, चम्पावत 6366, देहरादून 53624, हरिद्वार 62488, नैनीताल 30677, पौड़ी 14132, पिथौरागढ़ 11681, रूद्रप्रयाग 5026, टिहरी 11913, ऊधमसिंह नगर 61466 तथा उत्तरकाशी में 8163 बच्चे शामिल हैं। जबकि 01 से 16 आयु वर्ग के 1,41491 बच्चों का पंजीकरण भी यू-विन ऐप पर किया गया है। यू-विन ऐप पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों का पंजीकरण कराने के बाद जच्चा-बच्चा के टीकाकरण, अलग-अलग अंतराल में लगने वाले टीकों व समय की जानकारी उन्हें पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उपलब्ध कराई जा रही है। ऐप के माध्यम से लाभार्थी टीकों के लिये ऑन-लाइन स्लॉट भी बुक कर सकेंगे। इसके साथ ही वह टीका लगवाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की जानकारी, अस्पताल संबंधी जानकारी समेत टीका पूर्ण होने के उपरांत डिजीटल सार्टिफिकेट भी ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। प्रदेश में यू-विन पोर्टल व ऐप पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों का बड़ी संख्या में पंजीकरण कराये जाने से टीकाकरण अभियान में तेजी आयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### एक की जान गई, दूसरा दर्द से चीखता रहा; मदद की बजाय दूध लूटते रहे लोग



**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में एक सड़क हादसे के बाद लोगों की संवेदनहीनता नजर आई। दूध के टैंकर से टक्कर के बाद जहां ट्रक चालक की मौत हो गई और जख्मी क्लीनर दर्द से तड़पता रहा, वहीं लोग दूध लूटने में जुटे रहे।दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एबीईएस कॉलेज के सामने मंगलवार तड़के दूध के टैंकर में पंक्चर होने के बाद पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। क्षतिग्रस्त टैंकर से दूध बहता देख लोग उसे लूटने पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब तीन बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दूध का टैंकर दिल्ली से मेरठ की तरफ जा रहा था। जैसे ही टैंकर विजयनगर थानाक्षेत्र में एबीईएस कॉलेज के सामने पहुंचा तो उसका टायर पंक्चर हो गया। इसी दौरान पीछे से ओवरटेक करते हुए आ रहा एक ट्रक उसमें आ घुसा। हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चालक को मृत घोषित कर दिया गया। टक्कर के बाद ट्रक के साथ-साथ दूध का टैंकर भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे टैंकर में भरा दूध सड़क पर बहने लगा। मौके का फायदा उठाते हुए लोग दूध लूटने पहुंच गए। कोई थैली और बोतल तो कोई बाल्टी लेकर दूध लेने पहुंच गया। काफी देर तक लोग दूध लूटने में जुटे रहे।

### वायरल संक्रमण का अधिक जोखिम : डॉ. हरीश पाठक

**भोपाल।** मानसून चिलचिलाती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन श्वसन स्वास्थ्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती लेकर भी आता है। बढ़ी हुई आर्द्रता और नमी से फेफड़ों की स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए इस मौसम में एहतियाती उपाय करना बहुत ज़रूरी है।[1] इस बात को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रोगी देखभाल के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप, सिप्ला की व्यापक रोगी सहायता पहल - ब्रीथफ्री ने अपनी मानसून यात्रा शुरू की। इसका उद्देश्यलोगों को उनकी श्वसन स्वास्थ्य स्थिति को समझने में मदद करना है। इसलिये यह यात्रा अस्थमा और सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) जैसी फेफड़ों की पुरानी बीमारियों के लिए जांच तक पहुंच बढ़ाती है। तीन महीनों के दौरान, देश भर में 4,000 से अधिक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 350,000 से अधिक लोगों की जांच की जाएगी। डॉ. हरीश पाठक, पल्मोनोलॉजिस्ट, भोपाल जोर देकर कहते हैं, मानसून कई ट्रिगर्स लेकर आता है, जिसमें बढ़ी हुई नमी, फफूंद, ठंडी हवा और वायरल संक्रमण का अधिक जोखिम शामिल है। हालांकि, ये कारक किसी भी व्यक्ति के श्वसन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन वे पहले से मौजूद श्वसन संबंधी बीमारियों वाले व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करते हैं। नमी वाले वातावरण में पनपने वाले एलर्जेन, जैसे कि फफूंद और धूल के कण, एलर्जी प्रतिक्रियाओं को जन्म दे सकते हैं और अस्थमा के साथ-साथ सीओपीडी के लक्षणों को भी खराब कर सकते हैं, जिससे संभवतः अटैक हो सकता है।

### झुंझुनूं में ऑनर किलिंग, बहनोई की गोली मारकर हत्या

**झुंझुनूं।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले में बहन की लव मैरिज से नाराज भाई ने बहनोई की गोली मारकर हत्या कर दी। तलवार से उसका हाथ काट डाला। अपने दोस्तों के साथ मिलकर भाई ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामला झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ इलाके का है।यह घटना मंगलवार रात की है, जब मोनिका के भाई रिंकू राजपूत ने अपने 6-7 साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।उल्लेखनीय है कि झुंझुनूं जिले के जाखोद कुशलपुरा निवासी मोनिका (21) करीब सात महीने पहले अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ घर से भाग गई थी और 15 जनवरी 2024 को महपालवास निवासी अंकित जाट (25) के साथ गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में शादी की थी।

# दिल्ली में औद्योगिक संपत्तियां होंगी फ्रीहोल्ड, 23 नजूल जमीनों पर डीडीए का बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दिल्ली की 23 नजूल जमीन के नवीनीकरण व इन जमीनों को फ्रीहोल्ड में परिवर्तित करने का एक प्रस्ताव पारित किया है। मंगलवार को डीडीए की बैठक में पास हुए प्रस्ताव के तहत माफी योजना लाई जाएगी। इस योजना को छह माह में शुरू किया जाएगा। जिन नजूल जमीनों की 90 वर्ष की लीज खत्म हो रही है। उन्हें डीडीए फ्रीहोल्ड में परिवर्तित करेगा। अधिकारियों के अनुसार, तत्कालीन भारत सरकार ने अप्रैल 1937 में दिल्ली इंप्रूवमेंट ट्रस्ट को खत्म करते हुए नजूल समझौता तैयार किया था। इसके जरिए 23 नजूल जमीनों को दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 के दायरे में लाया गया था। इन जमीनों की 90 वर्ष की लीज हुई थी। अब यह लीज खत्म हो रही है। जिसे



फ्रीहोल्ड में बदलने का प्रस्ताव पास किया गया है। 1.94 एकड़ भूमि पर सीआरपीएफ के लिए ट्रांजिट कैंप का निर्माण होगा। डीडीए ने 1.94 एकड़ की गृह मंत्रालय को आवंटित की गई जमीन को कानूनी रूप से उपयोग करने के प्रारूप में बदलाव किया है। इससे जुड़ा प्रस्ताव डीडीए बैठक में प्रस्तुत हुआ। जिसे मंजूर कर लिया गया है। इस जमीन के उपयोग को सार्वजनिक व अर्ध सार्वजनिक से बदलकर मनोरंजक के रूप में इस्तेमाल करने की स्वीकृत की डीडीए की बैठक में दी गई। इस जमीन पर सीआरपीएफ का ट्रांजिट कैंप का निर्माण होगा।इसकी अंतिम स्वीकृति के लिए अधिसूचना गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। साथ ही 10 एकड़ के गाजीपुर में स्थित एक इंटीग्रेटेड कॉम्पलेक्स की जमीन को भी इस्तेमाल करने के प्रारूप में बदलाव किया गया है। इस जमीन को व्यावसायिक की जगह उपयोगी के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। यहां पर बायो मीथेन प्लांट का निर्माण के लिए यह बदलाव किया गया है।

**व्यावसायिक, औद्योगिक संपत्तियां लीज होल्ड से फ्रीहोल्ड होंगी:** डीडीए ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए व्यावसायिक, औद्योगिक संपत्तियों और बहुस्तरीय पार्किंग को लीज होल्ड से फ्रीहोल्ड करने के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही, डीडीए ने मंगलवार को हुई बैठक में वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए आवासीय संपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों के भूमि दरों के निर्धारण से जुड़ एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके मद्देनजर व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए लागू मिसयूज चार्ज (दुरुपयोग शुल्क) की गणना के लिए भूमि दरों में बढ़ोतरी होगी।

## नोएडा की सोसाइटी में 24वीं मंजिल से कूद गया शख्स, पत्नी से हुई थी बहस

**नोएडा, एजेंसी।**
नोएडा में सेक्टर-79 के गौर स्पाट वुड सोसाइटी में 24वीं मंजिल पर बने फ्लैट से गिरकर मंगलवार शाम को 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जिस समय घटना हुई फ्लैट का मालिक बाहर था। युवक और उसकी पत्नी फ्लैट में ही रहते थे और बतौर घरेलू सहायक और सहायिका अपनी सेवाएं दे रहे थे। युवक की मौत के कारणों की जांच की जा रही है। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि मंगलवार शाम को साढ़े छह बजे के करीब सेक्टर-113 थाने की पुलिस को सूचना मिली कि गौर सोसाइटी के 24वीं मंजिल स्थित फ्लैट से कूदकर एक व्यक्ति ने जान दे दी है। मृतक की पहचान उड़ीसा निवासी अजय उर्फ भारत रत्न के रूप में हुई। जिस समय युवक ने छलांग लगाई फ्लैट पर उसकी पत्नी भी मौजूद थी। सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि अचानक से जमीन पर किसी के गिरने की आवाज आई। गार्ड भागकर जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति जमीन पर खून से सना हुआ पड़ा है और उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक जिस समय घटना हुई फ्लैट का मालिक अंदर मौजूद नहीं था। पुलिस ने फ्लैट मालिक से संपर्क किया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि किसी बात को लेकर अजय और उसकी पत्नी की अक्सर लड़ाई होती थी। मंगलवार को भी दोनों में कहासुनी हुई थी। आशंका जताई जा रही है घरेलू कलह से चलते युवक ने ऊंचाई से कूदकर खुदकुशी कर ली। वहीं सोसाइटी के ही कुछ लोग हत्या की आशंका जता रहे है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों को जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस मृतक की पत्नी से भी पूछताछ करने की बात कह रही है।

# राजस्थान में राशन डीलरों की हड़ताल समाप्त, खाद्य मंत्री ने दिया ये आश्वासन

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में राशन डीलरों की हड़ताल समाप्त हो गई है। खाद्यमंत्री के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई। इससे 4 करोड़ 40 लाख राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को राहत मिल गई है। बुधवार से प्रदेश की सभी 27 हजार राशन डीलरों की दुकान खुल जाएगी। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के आश्वासन के बाद राशन डीलरों ने अपनी हड़ताल खत्म की है। वार्ता में राशन डीलरो की मांगों के संबंध में एक कमेटी बनाने का निर्णय किया गया है। राशन डीलरों को और मजबूत किया जाएगा : खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि राशन डीलरों की मांगों को लेकर एक कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें राशन डीलरों के साथ विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे। हर सप्ताह यह कमेटी राशन डीलरों की समस्याओं पर चर्चा करेगी और मिलजुल कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने



कहा कि आने वाले समय में गेहूं ही नहीं अन्य माध्यम से भी राशन डीलरों को और मजबूत किया जाएगा।

संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सरताज अहमद ने कहा कि खाद्य मंत्री ने हमारी मांगों को लेकर आश्वस्त किया है। कमेटी बनाकर 7 दिन में हमारी मांगों का समाधान कर दिया जाएगा. जो कमेटी बनेगी उसकी हर सप्ताह मीटिंग होगी, जिसमें राशन डीलरों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। खाद्य मंत्री ने कहा है कि राशन डीलरों का बकाया कमीशन भी 7 से 10 दिन में दे दिया जाएगा। सरताज अहमद ने बताया कि खाद्य मंत्री ने आश्वासन दिया है कि राशन डीलरों की कटौती बंद कर दी जाएगी। उन्होंने छीजत पर बोनस देने की बात कही है और इस संबंध में जल्द ही आदेश भी विभाग की ओर से जारी कर दिए जाएंगे। वार्ता के दौरान संघर्ष समिति डिंपल कुमार शर्मा सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

दरअसल, प्रदेश के राशन डीलर 30 हजार रुपए मानदेय देने, दो प्रतिशत छीजत देने, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए शुरू की गई डोर टू डोर राशन वितरण योजना को बंद करने, 8 महीने से बकाया कमीशन देने आदि मांगों को लेकर प्रदेश के 27 हजार राशन डीलर 1 अगस्त से हड़ताल पर थे। इसके कारण प्रदेशभर में गेहूं वितरण व्यवस्था भी ठप पड़ी हुई थी और एनएफएसए से लाभार्थियों को गेहूं नहीं मिल रहा था।

# असदुद्दीन ओवैसी और अखिलेश यादव के खिलाफ 17 को सुनवाई

**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी के अपर जिला जज (नवम) विनोद कुमार सिंह की अदालत में मंगलवार को ज्ञानवापी परिसर स्थित वुजूखाना में गंदगी, शिवलिंग की आकृति पर बायानबाजी के संबंध में दाखिल निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई। निगरानीकर्ता की तबीयत खराब होने के कारण अगली तारीख देने की गुहार लगाई गई, जिस पर कोर्ट ने 17 अगस्त की तिथि तय की। वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय और अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने कुछ महीने पहले अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ जिला जज की अदालत में निगरानी अर्जी दाखिल की थी। उसमें कहा गया था कि वुजूखाने में नमाजी गंदगी फैला रहे हैं। वहीं, शिवलिंग की आकृति के संबंध में गलत बयानबाजी पर एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि पर मुकदमा दर्ज करने की अनुमति मांगी गई थी। इन मांगों को निराधार बताते हुए लोअर कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी थी। ज्ञानवापी मस्जिद के प्रवेश द्वार के निकट नया गेट न लगाने और पुराना बंदोवस्ती रास्ता बहाल रखने की मांग के साथ लोहता के मुख्तार अहमद अंसारी ने डीएम, सीपी और कमिश्नर को प्रार्थना-पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र में कहा है कि ज्ञानवापी मस्जिद परिसर स्थित दृश्य तथा अदृश्य मजार हैं। इस संबंध में प्रार्थी ने सिविल न्यायालय में वाद दाखिल किया है कि मंदिर प्रशासन मस्जिद के रास्ते को बंद करना चाहता है। ज्ञानवापी में उर्स और मजार पर चादर चढ़ाने के मामले में कुछ हिंदू पक्ष को पक्षकार बनाने के खिलाफ लंबित निगरानी अर्जी पर सुनवाई टल गई।

पेरिस ओलंपिक

## पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत का ध्वजवाहक के रूप में नामित होना गर्व की बात : मनु भाकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में वैश्विक मंच पर भारत का मान बढ़ाने वाली मनु भाकर ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपना हर्ष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर होगा और मैं इसे हमेशा संजोकर रखूंगी। मुझे उम्मीद है कि मेरे खेल करियर में कई साल होंगे, लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे कितनी बार ऐसा करने का मौका मिलेगा। मेरे देश ध्वजवाहक के रूप में नामित होना जीवन भर का सम्मान होगा, और मैं इसे हमेशा संजो कर रखूंगी। बता दें कि मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक निशानेबाजी में भारत के नाम दो मेडल जीते हैं। वह अब पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में भारत की नुमाइंदगी करेंगी। रविवार को होने वाले समापन समारोह में भाकर भारत की ध्वजवाहक होंगी। मनु ने 10 मीटर एयर पिस्टल में दो कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम वैश्विक मंच पर बढ़ाया है। इसी तरह से वे दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय निशानेबाज बनी हैं। इसके बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल में एक कांस्य पदक भी जीता।

भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा कि आईओए अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा और मुख्य दल प्रतिनिधि गगन नारंग ने घोषणा की है कि निशानेबाज मनु भाकर समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक होंगी। पुरुष ध्वजवाहक का चयन बाद में किया जाएगा। इससे पहले, स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को उद्घाटन समारोह में राष्ट्रों की परेड में ध्वजवाहक बनाया गया था।

## सेरेना विलियम्स के साथ पेरिस ओलंपिक के दौरान हुई बदसलूकी, इस रेस्तरां पर लगाए गंभीर आरोप

**पेरिस, एजेंसी।** सेरेना विलियम्स के साथ पेरिस में बदसलूकी हुई है। टेनिस की यह पूर्व दिग्गज संन्यास के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए वहां पहुंची हुई हैं। हालांकि, उनका पेरिस



का सफर अच्छा नहीं रहा। सेरेना ने पेरिस के एक लग्जरी होटल की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें अपने बच्चों के साथ होटल के रूफटॉप रेस्तरां में जाने से रोक दिया गया। सेरेना ने पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में मशाल वाहक रही थीं। उन्होंने एक्स पर पेरिस में अपने अनुभव के बारे में एक किस्सा साझा किया।

सेरेना ने लिखा- ओह पेरिस! मुझे इससे पहले भी अच्छे रेस्तरां में खाने के लिए छत तक पहुंचने से वंचित कर दिया गया है, लेकिन मेरे बच्चों के साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। उनके साथ होने पर मुझे हमेशा तरजीह दी गई। वहीं, रेस्तरां के एक कर्मचारी ने बताया कि विलियम्स एक अन्य महिला के साथ परिसर आई थीं, लेकिन वह पहचानने योग्य नहीं थीं। उसने बताया, जब वह आईं तो केवल दो टेबल उपलब्ध था और उन्हें होटल के ग्राहकों द्वारा आरक्षित किया गया था। जब विलियम्स रेस्तरां का दौरा किया तो मैं काम नहीं कर रही थी। मेरे सहयोगी ने उन्हें नहीं पहचाना। उसने सेरेना से टेबल उपलब्ध न होने की जानकारी दी और नीचे इंतजार करने के लिए कहा। यह बिल्कुल व्यक्तिगत कुछ भी नहीं था।

विलियम्स पहली बार जुलाई के अंत में ओलंपिक उद्घाटन समारोह से पहले पेरिस पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने मशाल वाहक के रूप में भाग लिया था। सेरेना ने 2022 यूएस ओपन के बाद प्रोफेशनल टेनिस को छोड़ दिया था। मशाल ले जाने वाले एथलीटों में नौ बार के पदक विजेता कार्ल लुईस, फ्रांसीसी फुटबॉलर जिनेदिन जिदान, टेडी रिनर और मैरी-जोस पेरेक के साथ-साथ टोनी पार्कर और साथी टेनिस चैंपियन राफेल नडाल शामिल थे। सेरेना ओलंपिक के लिए पेरिस में बनी हुई हैं।

# जर्मनी ने भारत को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब कांस्य के लिए खेलेगी भारतीय टीम

**पेरिस, एजेंसी।** जर्मनी ने सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हराकर पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बना ली है। जर्मनी ने इस मैच में भारत को 3-2 के अंतर से हराया और स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बना ली। जर्मनी का फाइनल में सामना नीदरलैंड से होगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में स्पेन को हराया था। भारतीय टीम भले ही स्वर्ण पदक मुकाबले के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी, लेकिन हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम के पास कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत का कांस्य के लिए सामना स्पेन से होगा। भारत ने इस मैच में पहले क्वार्टर में गोल कर बढ़त बनाई थी, लेकिन दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने दो गोल दागे और भारत पर बढ़त बना ली थी। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत ने फिर बराबरी का गोल दागा, लेकिन मैच समाप्त होने से छह मिनट पहले जर्मनी ने तीसरा गोल दागा जिसने अंत में अंतर पैदा कर दिया।



# ऑस्ट्रेलियाई हॉकी खिलाड़ी कोकीन खरीदने की कोशिश के बाद हिरासत में

**पेरिस ।** पेरिस अभियोक्ता कार्यालय के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक फील्ड हॉकी टीम के एक सदस्य को कोकीन खरीदने के प्रयास के बाद यहां हिरासत में लिया गया। कार्यालय ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने मंगलवार की रात पेरिस में एक इमारत के बाहर ड्रग लेन-देन रोका। उन्होंने कहा कि जांच के लिए यह मामला पुलिस की ड्रग रोधी इकाई को सौंप दिया है। अभियोक्ताओं ने कहा कि यह कथित खरीदार ऑस्ट्रेलियाई फील्ड हॉकी टीम का 28 वर्षीय सदस्य था और 17 वर्षीय कथित विक्रेता को भी हिरासत में लिया गया। ऑस्ट्रेलियाई ओलंपिक समिति ने एक बयान में कहा कि कोई आरोप दायर नहीं किया गया है और कहा कि वह टीम के सदस्य के लिए सहायता की व्यवस्था कर रही है। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों और पेरिस अभियोक्ताओं ने खिलाड़ी का नाम जारी नहीं किया है। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष और महिला टीम पेरिस ओलंपिक में क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई थीं। पुरुष टीम ने 2021 तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था।





# नीरज चोपड़ा के स्वर्ण जीतने पर ऋषभ पंत ने रखा इनाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान शुरू किया। क्वालिफिकेशन राउंड में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता ने 89.34 मीटर भाला फेंक कर फाइनल में जगह बनाई। यह उनका सीजन का बेस्ट थ्रो था। अब भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज नीरज चोपड़ा ने बड़ा एलान किया है।

नीरज ने अपने स्वर्ण पदक के बचाव की बेहतरीन शुरुआत की है और उनसे फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था।

### पंत ने किया एलान

भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अगर नीरज चोपड़ा फाइनल में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतते हैं तो वह फैंस को 100089 रुपये की राशि इनाम के रूप में देंगे। पंत ने बुधवार को एक्स पर लिखा, अगर नीरज चोपड़ा कल स्वर्ण पदक जीतते हैं। मैं उस भाग्यशाली विजेता को 100089 रुपए दूंगा जो ट्वीट को सबसे ज्यादा लाइक करेगा और कमेंट करेगा। और बाकी शीर्ष 10 लोग जो ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करेंगे, उन्हें हवाई जहाज की टिकटें मिलेंगी। आइए मेरे भाई का समर्थन करें।

### पेरिस में जो करने आया हूं वही करना है

नीरज ने मैच के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बातचीत में कहा, यह पहल हमेशा साथ में रहने वाला है। मुझे लगता है कि आने वाली पीढ़ी प्रेरित होगी और इससे बड़ी बात मेरे लिए कुछ नहीं है। उनको भरोसा होगा कि अगर नीरज कर सकता है तो हम भी कर सकते हैं क्योंकि मैं भी साधारण परिवार से आया हूं। पेरिस में जो करने आया हूं वो करूंगा।

# हरिका प्रज्ञानन्दा नें जीता विश्व टीम ब्लिट्ज़ में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक

**अस्ताना , कज़ाकिस्तान ।** विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज चैंपियनशिप के खिताब वैसे तो अल एन और डबल्यूआर टीम नें अपने नाम किए है और एमजीडी 1 और चैसी जैसी टीमों नें भी शानदार प्रदर्शन किया ,लेकिन इन टीम की सफलताओं में भारतीय खिलाड़ियों नें भी अपना योगदान दिया है और इसका असर व्यक्तिगत पदक तालिका में साफ नजर आ रहा है , टीम एमजीडी 1 जिसमें ब्लिट्ज़ में उपविजेता का स्थान हासिल किया उसमें हरिका द्रोणावल्ली नें पांचवें बोर्ड पर 7 में से 6 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि टीम के लिए रैपिड में पहले बोर्ड पर खेलते हुए 12 राउंड में 9.5 अंक बनाकर रजत पदक हासिल किया , ब्लिट्ज़ की विजेता डबल्यूआर टीम से खेलने वाले आर प्रज्ञानन्दा नें चौंथे बोर्ड में 4 से 4 अंक बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया । वहीं एमजीडी 1 के मिहिर शाह नें ब्लिट्ज़ में कांस्य और रैपिड में रजत पदक अपने नाम किया ।



# वैश्विक तापमान में वृद्धि से एथलीटों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल वार्मिंग के कारण हुई वैश्विक तापमान में वृद्धि का असर यह है कि हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है, जो विशेष रूप से टेनिस जैसे प्रतिस्पर्धी खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों के लिए अधिक परेशान करने वाला है। टेनिस में प्रसिद्ध बिग 3 ट्रायमविरेट के सदस्य राफेल नडाल इस वास्तविकता का एक उल्लेखनीय उदाहरण हैं, जब उन्हें 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल के दौरान हीट स्ट्रोक का सामना करना पड़ा था, जिससे उनका 4 किलोग्राम वजन कम हो गया था।



टेनिस मैच सख्त, घास और मिट्टी के कोर्ट पर खेले जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि गर्मी का भार सतह के आधार पर भिन्न होता है, जिससे अलग-अलग सूक्ष्म जलवायु वातावरण बनते हैं। वेट-बल्ब ग्लोब तापमान सूचकांक (डब्ल्यूबीजीटी) का उपयोग खेलों में थर्मल वातावरण का आंकलन करने के लिए किया जाता है। टेनिस कोर्ट के बीच डब्ल्यूबीजीटी अंतर पर पिछले अध्ययनों में समय को लेकर कुछ सीमाएं थीं। इन मुद्दों पर विचार करते हुए दोशीशा विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य और खेल विज्ञान स्नातकोत्तर स्कूल के पीएचडी छात्र हिरोकी यामागुची और प्रोफेसर कोजीरो इशी के नेतृत्व में जापान की एक टीम ने डब्ल्यूबीजीटी मीटर का उपयोग करके विभिन्न टेनिस कोर्ट के तापमान की जांच की।

यामागुची बताते हैं, प्रतिस्पर्धी एथलीटों में गैर-दर्दनाक मौत का दूसरा सबसे आम कारण व्यायाम के दौरान होने वाला हीट स्ट्रोक है। एक टेनिस खिलाड़ी के रूप में मैंने मैचों के दौरान हीट स्ट्रोक का अनुभव किया है। विभिन्न टेनिस कोर्ट में गर्मी की स्थिति की जांच करने से व्यायाम संबंधी दिशा-निर्देशों की जानकारी मिल सकती है और खेलों में प्रभावी हीट प्रबंधन में योगदान मिल सकता है।

# अफगानी क्रिकेटर भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल, पांच साल का प्रतिबंध लगा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर इहसानुल्लाह जन्नत को मैच फिक्सिंग के आरोप में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

एसीबी ने कहा कि बल्लेबाज जन्नत ने इस साल काबुल प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के दौरान आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता का उल्लंघन किया। एसीबी ने बयान में कहा, 'जन्नत को आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 2.1.1 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है और इस कारण उस पर क्रिकेट से संबंधित सभी गतिविधियों से पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। उसने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने की बात कबूल कर ली है।

# बांग्लादेश में क्रिकेटर मशरफे मुर्तजा के घर में प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेट कप्तान मशरफे बिन मुर्तजा पर गुस्सा दिखाया है। गुस्साए लोगों ने मुर्तजा के घर को आग लगा दी है। यह घटना प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और सोमवार को बांग्लादेश छोड़ने के बाद हुई।

बांग्लादेश में अभी अराजकता और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि खुलना डिवीजन में नरैल-2 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य मुर्तजा ने इस साल की शुरुआत में हुए आम चुनावों के दौरान अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में लगातार दूसरी बार अपनी सीट जीती थी। माना जा रहा है कि मुर्तजा ने छात्रों के प्रदर्शन और सामूहिक गिरफ्तारियों पर चुप्पी साधे हुए थी, इससे प्रदर्शनकारी निराश थे।

**कौन है मशरफे बिन मुर्तजा–** बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटरों में से एक माने जाने वाले मुर्तजा ने अपने करियर में 36 टेस्ट, 220 वनडे और 54 टी20ई खेले। उन्होंने सभी प्रारूपों में 117 मैचों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की जो किसी भी बांग्लादेशी खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है। अपने शानदार करियर के दौरान मुर्तजा ने 390 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए और 2,955 रन बनाए। वह अपनी गति, सटीकता और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। मुर्तजा के नेतृत्व कौशल की भी बहुत प्रशंसा की गई, क्योंकि उन्होंने बांग्लादेश को कई यादगार जीत दिलाई।

**2018 में राजनीति से जुड़े मुर्तजा** – खेल से संन्यास लेने के बाद मुर्तजा 2018 में राजनीति में शामिल हुए। मुर्तजा के घर पर हमले ने तस्वीर साफ कर दी है कि यहां राजनीतिक संकट गंभीर होता जा रहा है। जैसे-जैसे राजनीतिक स्थिति सामने आ रही है, बांग्लादेश का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है।

सेना ने अंतरिम सरकार बनाने में मदद के लिए कदम बढ़ाया है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इससे देश में स्थिरता आएगी या अशांति बढ़ेगी। बता दें कि पिछले 30 वर्षों में से 20 वर्षों तक बांग्लादेश पर शासन करने वाली हसीना ने सरकारी नौकरी कोटा योजना पर छात्रों के भारी विरोध के बीच पद छोड़ दिया।

## एक नजर

### आठ को भूमि के मुआवजा हेतु बारूण में कैंप

**बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। औरंगाबाद के बारूण में सोननगर बाईपास रेलवे लाईन निर्माण परियोजना के तहत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु बारुण अंचल में 8 अगस्त को 10:00 बजे पूर्वाह्न में सभा भवन में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि कैम्प मे संबंधित अंचल, मौजा के राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी एवं अन्य राजस्व अभिलेख के साथ उपस्थित रहेंगे। कैम्प मे ही संबंधित रैयतों को एलपीसी निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। साथ ही संबंधित मौजा के पंचायत सचिव एवं ग्राम कचहरी के सचिव भी उपस्थित रहकर वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे।

### महिला पुलिस ने छात्राओं को दी नए कानूनों की जानकार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)**। रफीगंज प्रखंड के पौथु थाना की महिला पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने बुधवार को सोनवर्षा स्थित सरकारी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क, डायल 112, साइबर फ्रॉड और नए आपराधिक कानूनों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क की सेवाओं, उनके संपर्क नंबर और आपातकालीन स्थिति में उनसे कैसे संपर्क किया जा सकता है, के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नए आपराधिक कानूनों के बारे में भी बताया गया, जिससे वे अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सकें।

### युवक हुआ लापता

**औरंगाबाद (का.सं.)**। नगर थाना क्षेत्र के बाईपास के समीप पेट्रोल पंप के पास से एक युवक लापता हो गया है। इस मामले में परिजनों ने खोजबीन करने की गुहार लगाई है। नवीनगर प्रखंड के मिर्जापुर गांव का विशाल कुमार किसी काम से औरंगाबाद आया था। बुधवार को बस के इंतजार में पेट्रोल पंप के पास खड़ा था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला।

रोहतास से औरंगाबाद बाइक से आ रही थी, ट्रक की चपेट में आने से हादसा

# पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा देने जा रही महिला की हुई मौत

- **औरंगाबाद के राम लखन सिंह महाविद्यालय में परीक्षा में शामिल होने के लिए बाइक से अपने पति के साथ दाउदनगर होते हुए औरंगाबाद जा रहे थे। इसी बीच खेरा खेरी भरथौली के पास सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी।**



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। बुधवार से पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा चल रही है। ऐसे में परीक्षार्थी एग्जाम देने के लिए अलग-अलग सेंटर पर जा रहे हैं। इस बीच सड़क हादसे में एक की मौत हो गई। रोहतास से औरंगाबाद एग्जाम देने आ रही परीक्षार्थी की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस घटना में महिला का पति घायल हो गया है। मृतिका की पहचान रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के घोसी कला गांव निवासी संजय पासवान की पत्नी अनीता देवी(30) के रूप में की गई है।

इस घटना में संजय पासवान बुरी तरह से घायल हो गए हैं। घटना के बाद पहुंचे परिजनों ने बताया कि अनीता मंगलवार की रात अपने मायके काराकाट थाना क्षेत्र के जोरावरपुर चली गई थी। बुधवार की सुबह औरंगाबाद के राम लखन सिंह महाविद्यालय में परीक्षा में शामिल होने के लिए बाइक से अपने पति के साथ दाउदनगर होते हुए औरंगाबाद जा रहे थे। इसी बीच खेरा खेरी भरथौली के पास सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे अनीता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। संजय पासवान की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद मृतिका की बेटी अर्चना कुमारी(15), बेटा आदित्य कुमार(12), अनुराग कुमार(10) सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो महिला घायल

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)**। मदनपुर में ट्रैक्टर की चपेट में आने से 2 महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना मंगलवार की देर शाम मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के बैजू बिगहा गांव की है। घायल महिला की पहचान बैजू बिगहा गांव निवासी राजेंद्र यादव(60) की पत्नी लखिया देवी और इसी गांव के दूसरे घायल की पहचान अरविंद सिंह की 45 साल पत्नी इंद्रमणि देवी के रूप में की गई है। घायल को आनन-फानन में मंगलवार की रात घटना के बाद मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में डॉक्टर सुभाष सिंह द्वारा दोनों का इलाज किया जा रहा है।

# फॉरलेन निर्माण को लेकर सुशील कुमार सिंह ने तीन जिलों के डीएम से की बात

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद के पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने पटना, अरवल एवं औरंगाबाद के जिला पदाधिकारियों से वार्ता कर जानकारी दी कि एनएच 139 (पुराना एन.एच.-98) नौबतपुर से हरिहरगंज तक फोरलेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में रखा गया है। इस सड़क के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) का कार्य संपादित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि इस उच्च प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य से संबंधित प्रस्ताव पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दिनांक 28.6.2024 को मार्ग रेखन से संबंधित दिशा-निर्देश दिए हैं। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि प्रस्तावित मार्ग रेखन पर किसी भी भविष्य के प्रतिरोध से बचने के लिए जनप्रतिनिधियों से सार्वजनिक परामर्श प्राप्त किया जाए। पटना, अरवल एवं औरंगाबाद के जिला पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद के अनुरोध पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि इस सड़क के फोरलेन बन जाने से आम जनता का राजधानी पटना आना-जाना सुगम हो जाएगा। पूर्व सांसद ने लोकसभा में कई बार इस सड़क को फोरलेन बनाने के लिए आवाज उठाई है और संबंधित मंत्रालय के मंत्री से लगातार संपर्क किया है। इसके परिणामस्वरूप यह कार्य धरातल पर नजर आ रहा है और यह सड़क पूर्ण होने के कगार पर है।

# रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग

निज संवाददाता

**जम्होर (औरंगाबाद)**। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के पीछे थोड़ी ही दूरी पर रेलवे गुमटी पर आए दिनों लगने वाले जाम से आम जीवन त्रस्त है। स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस जगह पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्रताशीघ्र किया जाए। यह रेलवे गुमटी अत्यंत ही व्यस्त रहती है। 40 से 50 गांव के आवागमन का रास्ता इसी रेलवे गुमटी से होता है। जैसे ही कोई ट्रेन गुमटी से क्रॉस करती है और रेलवे का फाटक बंद कर दिया जाता है तो उस स्थिति में दोनों और दर्जनों दोपहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन, साथ में भारी वाहन ट्रक भी लग जाते हैं। कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन जाती है। औरंगाबाद सीमेंट फैक्ट्री का ट्रैक डिपो भी इसी स्टेशन पर है जहां से प्रतिदिन सैंकड़ों ट्रैकों द्वारा रेलगाड़ियों में सीमेंट का लोडिंग अनलोडिंग किया जाता है। जिससे दिन भर में सैकड़ों ट्रक का आवागमन होता है। ऐसी स्थिति में इसी रेलवे गुमटी से होकर वे ट्रक गुजरते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रेस के माध्यम से मांग किया है कि यहां पर रेलवे ओवरब्रिज बनाई जाए। चिरैला जैसे छोटे स्टेशन पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यदि रेलवे ओवरब्रिज बन जाता है तो हजारों लोगों को लाभ मिल सकता है। दुर्घटना की जो आशंका बनी रहती है उससे भी निजात मिल सकती है।

# सखी वार्ता में मिली महिलाओं व बालिकाओं को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा शहर के चतरा मोड़ स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में बुधवार को सखी वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निगम के जिला परियोजना प्रबंधक राजीव रंजन, जिला मिशन समन्वयक मिथलेश कुमार एवं डीएचईडबल्यू संगीता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक ने कहा कि सबसे पहले तो महिलाएं और बालिकाएं अपने साथ होने वाली हिंसा को पहचाने और उसे रोकें। इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न व्यवस्थाएं दी गई हैं। कहा कि सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। साथ ही उनके सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कानूनी प्रावधान किया गया है। इसके लिए जिलों में सखी वन स्टॉप सेंटर एवं जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन जैसे कार्यालय संचालित हैं, जहां से महिलाएं एवं बालिकाएं सहयोग ले सकती हैं। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर का मोबाइल नंबर-9771468003, महिला हेल्पलाइन का टॉल फ्री नंबर-181 एवं आपातकालीन हेल्पलाइन 112 के उपयोग की जानकारी सबको दी। कहा कि बच्चियों का लालन-पालन सही तरीके से करते हुए पढाई अवश्य कराएं। उन्हें आगे बढने का अवसर दें। बालिकाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ रही है। बेटा बेटी में अंतर नहीं कर दोनों को समान अवसर दें।उन्होंने बाल विवाह की चर्चा करते हुए कहा कि बेटी की शादी 18 वर्ष के बाद और लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करें।अगर इस तरह की घटना कहीं हो तो उसकी सूचना इन नंबरों पर देकर सहायता प्राप्त करें। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक ने महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए उनको मिलने वाले सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। साथ ही जिला समाहरणालय परिसर में संचालित जिला हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वीमेन तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रक्रियाओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराते हुए वहां मिलने वाली सुविधा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को नौकरियों में उनके लिए आरक्षित सीटें देकर बहुत बड़ा अवसर प्रदान कर रही है। आपलोग इसका लाभ लें। कार्यक्रम में सेंटर के सभी कर्मी, महिला, बालिका प्रशिक्षु यथा सुमन, बेबी, पुष्पा, जूली, रेणु, पूजा, ज्योति, मंजू, ममता, प्रियंका, संध्या आदि की भागीदारी रही।

# डीएम-एसपी ने किया सिपाही भर्ती परीक्षा केन्द्रं का निरीक्षण



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम बुधवार को सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर स्वंय भ्रमणशील रहे। इस दौरान अधिकारीद्वय ने परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु कर्तव्य पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, दंडाधिकारियों की चेकिंग की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पीड़िता को मिला 10 लाख का मुआवजा



**औरंगाबाद(का.सं.)**। औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अशोक राज ने बुधवार को औरंगाबाद नगर थाना कांड संख्या-592/22 के मृतक रिसियप थाना के मिसिर करमा निवासी उतम कुमार की पत्नी किरण देवी को 10 लाख के मुआवजा का चेक प्रदान किया गया। प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने बताया कि 13 जुलाई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वाद संख्या-16 /24 का समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया था। सचिव ने बताया कि नगर थाना कांड संख्या 592/22 के मुताबिक 19 सितंबर 2022 को उत्तम कुमार की बाइक में ट्रक संख्या आरजे 21 जीबी 6171 ने मां मुंडेश्वरी टावर के पास एनएच-19 पर धक्का मार दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

# सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर औरंगाबाद से तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने से पहले ही तीन लोगों को औरंगाबाद पुलिस में गिरफ्तार कर डुमरांव पुलिस को सौंप दिया है। बुधवार की सुबह दो लोगों को एक होटल से गिरफ्तार किया गया जबकि तीसरे व्यक्ति को औरंगाबाद बाजार से ही पकड़ा गया है। गिरफ्तार लोगों में रोहतास जिला के धनेज गांव के मोहम्मद कासिम शाह का पुत्र मोहम्मद समीर शाह, इसी गांव के रामकुमार पाल का पुत्र मंजीत पाल तथा रोहतास जिला के अगरेर थाना क्षेत्र के ज्ञानी बिगहा निवासी लक्ष्मी नारायण सिंह का पुत्र आदित्य नारायण सिंह शामिल है। जानकारी के अनुसार औरंगाबाद पुलिस को डुमरांव पुलिस से इन लोगों के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस ने छापेमारी करते हुए एक ही होटल में ठहरे दो लोगों को गिरफ्तार किया वहीं तीसरे को किसी अन्य जगह से पकड़ा गया है। इनके पास से मोबाइल फोन आदि बरामद हुए हैं। डुमरांव में परीक्षा में संभावित गड़बड़ी करने वाले गिरोह से मिले मोबाइल नंबर के आधार पर इनकी गिरफ्तारी हुई है। औरंगाबाद एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि डुमरांव पुलिस ने कोई गिरोह पकड़ा था जो परीक्षा में गड़बड़ी करने वाला था। उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उक्त तीन लोगों को पकड़कर डुमरांव पुलिस को सौंप दिया गया है। इनके पास से केवल मोबाइल फोन मिला है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य कोई जानकारी उनके पास नहीं है। नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तीन लोगों को पकड़कर पुलिस को सौंपा गया है। उनके पास से कोई प्रश्न पत्र या अन्य कोई कागजात नहीं मिला है।

सुरक्षा बलों को उड़ाने की योजना विफल

# ढ़ाई किलो का शक्तिशाली प्रेशर आईईडी किया बरामद



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। अति नक्सल प्रभावित औरंगाबाद जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस ने सुरक्षा बलों को उड़ाने की नक्सलियों की बड़ी साजिश विफल कर दी है। पुलिस कप्तान स्वपना गौतम मेश्राम ने बताया कि अति नक्सल प्रभावित मदनपुर के सुदूरवर्ती जंगली-पहाड़ी इलाके में सीआरपीएफ की 205 कोबरा बटालियन एवं मदनपुर थाना की पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस ने एक बार फिर नक्सलियों के मंसूबे को नाकाम कर दिया और सुरक्षा बलों को उड़ाने की उनकी योजना धरी रह गई। उन्होने बताया कि संयुक्त ऑपरेशन के दौरान मदनपुर के पचरुखिया एफओबी से करीब 850 मीटर दक्षिण-पूरब से ढ़ाई किलो का एक शक्तिशाली प्रेशर आईईडी बरामद किया गया, जिसे मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। कहा कि नक्सलियों के गतिविधि पर अंकुश लगाने के लिए मदनपुर थाना की पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा-205) वाहिनी के पदाधिकारी विनीत कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ के सशस्त्र बल द्वारा पचरुखिया पहाड़ी क्षेत्रों के आसपास कुछ प्वांईट्स को चिन्हित कर संयुक्त रुप लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के फलस्वरूप नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ हैं।

### मवेशी चराने गया किशोर बटाने नदी में डूबा

**औरंगाबाद(नि.सं.)**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरा बिंद पंचायत के रविकर गांव के समीप बटाने नदी में एक किशोर साहुल कुमार डूब गया। बुधवार को उसकी तलाश की जाती रही लेकिन देर शाम तक उसे बरामद नहीं किया जा सका है। रविकर गांव के अरुंजय पासवान का 13 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार मंगलवार की शाम मवेशी चराने के लिए नदी की तरफ गया हुआ था। उसके साथ ही अन्य युवक मवेशियों को बटाने नदी पार कर रहे थे। साहुल भी अपने मवेशी को लेकर नदी पार कर रहा था लेकिन बीच में पानी बढ़ गया। इस दौरान वह नदी में डूब गया जबकि अन्य युवक सकुशल बाहर आ गए। उन्होंने इसकी सूचना गांव के लोगों को दी तो बटाने नदी के किनारे लोगों की भीड़ लग गई।

### आठ को रैयतों को भू-अर्जन के मुआवजा भुगतान हेतु विशेष कैंप

**औरंगाबाद (का.सं.)**। भारतमाला परियोजना के तहत निर्मित होने वाले वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे के 4/6 लेन पथ निर्माण परियोजना के रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु 8 अगस्त को नवीनगर, कुटुम्बा एवं देव प्रखंड कार्यालय के सभागार में कैंप के माध्यम से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में संबंधित अंचल, मौजा के राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी एवं अन्य राजस्व अभिलेख के साथ उपस्थित रहेंगे।

# दानिका परिवार ने श्रावणी मेला में कजरी की दी प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका परिवार द्वारा देवघर में श्रावणी पूजा के निमित कला संस्कृति एवं युवा विभाग झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन देवघर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने शिरकत किया। दानिका परिवार के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार उर्फ दानिका महाराज के नेतृत्व में सभी कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुतियां दी। मुख्य कलाकार के रूप में अंजलि एवं साथी,सृष्टि लक्ष्मी, शिवांगी सिंह, प्रतिभा पंडित,खुशबू कुमारी ने कजरी का प्रस्तुतीकरण किया।जिस पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोग मंत्र मुग्ध हो गए और करतल ध्वनि से स्वागत किया। अरे रामा रिमझिम बरसे सावन हे सखी, पिया मेहंदी ले आद एवं एवं भजन की भी प्रस्तुति की गई। यह टीम युवा महोत्सव बिहार 2022 में प्रथम स्थान प्राप्त की थी। राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2022 में चौथा स्थान प्राप्त की थी।कलाकारों के संगत में ढोलक पर संगत कलाकार डॉ रविंद्र कुमार, बैंजू पर जयपाल जी,पैड पर विकास प्रजापति तो सृष्टि लक्ष्मी ने हार्मोनियम बजाई।देवघर जिला प्रशासन के उद्घोषक अजय अटल के नेतृत्व में धांधी-बेल्लारी पथ पर निशुल्क कांवरिया सेवा शिविर के सांस्कृतिक मंच से मेला मे आई महिला कांवरियों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस कार्यक्रम में दानिका परिवार के प्रस्तुतियों ने सबके मन को मोह लिया।

